ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 70,700.67 | ▼ | -359.64 |
| डॉलर | 83.124 | ▼ | -0.018 |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 11.0 | 15.0 |
| धनबाद | 24.0 | 11.0 | 17.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 19.0 | 23.0 |
| पलामू | 25.0 | 09.0 | 15.0 |

रांची, माघ कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत 2080 रांची, सोमवार, 29 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 353, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती है ... 8

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

कांग्रेस ने देश का विकास किया भाजपा ...12 देश विदेश




## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,300

चांदी (1 किलो) 77,500

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# हेमंत को परेशान करना नहीं छोड़ा तो होगी आर्थिक नाकेबंदी

■ एक खनिज भी राज्य से बाहर जाने नहीं देंगे ■ ईडी की कारवाई के खिलाफ झामुमो ने किया राजभवन मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान कर रही है। अगर सीएम को परेशान करना नहीं छोड़ा गया तो झारखंड में गहन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। एक खनिज भी राज्य से बाहर जाने नहीं देंगे। यह सरकार पूरी ईमानदारी से राज्य की जनता के विकास कार्य में जुटी है। मगर एक साजिश के तहत सरकार गठन के बाद से ही इसे अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र जब सरकार का बाल बांका नहीं कर सकी तो अब एक आदिवासी सीएम को साजिश का शिकार बनाने की कोशिश की जा रही है। केंद्र की भाजपा सरकार अगर नहीं सुधरती है तो झारखंड से भाजपा का सुपड़ा साफ कर देंगे। आगामी चुनाव में खाता भी नहीं खुलेगा। उक्त बातें झामुमो के नेताओं ने ईडी के कारवाई के खिलाफ रविवार को आयोजित राजभवन मार्च के दौरान कही। इससे पूर्व यह मार्च मोरहाबादी मैदान से निकाला गया जो रेडियम रोड, कचहरी चौक होते हुए राजभवन के पास पहुंचा जहां पर पहले से तैनात भारी संख्या में पुलिस बलों ने रोक दिया। इसके बाद झामुमो कार्यकर्ताओं ने वहीं पर जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया। कार्यकर्ताओं को लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इन्होंने कहा कि ईडी ने बार-बार समन भेज कर मुख्यमंत्री को मानसिक रूप से पड़ताड़ित कर रही है। यदि कोई बात थी किसी तरह का प्रश्न था तो 20 जनवरी को क्यों नही पूछा। झारखंडी न तो कभी झुका है न कभी झुकेगा।



### पांच जिले के कार्यकर्ता हुए शामिल, आज भी होगा प्रदर्शन

इस मार्च में रांची, कोडरमा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार जिले के कार्यकर्ता शामिल हुए। सोमवार को भी राजभवन के समक्ष प्रदर्शन होगा। इसमें खूंटी, सिमडेगा,रामगढ़ आदि जिले के कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह कार्यक्रम लगातार चलता रहेगा। रविवार को हुए कार्यक्रम में डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, वीरेंद्र पांडेय, मोजम्मिल अहमद, मोतीलाल शाहदेव, अश्विनी शर्मा कलाम आजाद, समनुर मंसुरी, अफरोज अंसारी, जनक नायक, बीरु साहू, कलाम आजाद, आदिल इमाम, सुजीत उपाध्याय, सुकुआ महतो, अरविंद सिंह देवल, डा तालकेश्वर महतो, आफताब आलम, अरुण वर्मा, मंटू लाला, अफरोज आलम, संजय राय, कैथरीना तिर्की, विश्वजीत भट्टाचार्य सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

### हेमंत 31 को ईडी के सामने दर्ज करवा सकते हैं बयान

मुख्यमंत्री 31 को ईडी के सामने अपना बयान दर्ज करवा सकते हैं। ईडी ने सीएम को 29 जनवरी से 31 जनवरी तक का समय दिया था। अब यह जानकारी निकल कर सामने आ रही है कि ईडी को सीएम 31 जनवरी के समय देने वाले हैं, हालांकि इस बात की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है।

### दिल्ली में सीएम ने कानूनी पहलुओं पर ली है राय

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले को लेकर सीएम दिल्ली में कानूनी राय भी ले चुके हैं। जल्द ही सीएम कार्यालय से विशेष दूत भेज कर सीएम के द्वारा तारीख, समय और स्थान की जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि सीएम 31 जनवरी को गिरिडीह जाने वाले थे। यहां उनका पूर्व से कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन सूचना के मुताबिक सीएम का गिरिडीह दौरा 31 की जगह 1 फरवरी हो गया है। ऐसे में ये कयास लगाए जा रहा है कि सीएम 31 जनवरी को ईडी के सवालों का जवाब देंगे।

सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन

# भारत के जीवंत लोकतंत्र को एससी ने किया मजबूत : मोदी



### विस्तार के लिए 800 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की प्राथमिकता न्याय में आसानी और हर नागरिक को इसका हक है। सुप्रीम कोर्ट इस लक्ष्य की प्राप्ति का मुख्य माध्यम है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को लगातार मजबूत किया है। दूसरी ओर आज बन रहे कानून कल के भारत को मजबूत करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस समारोह में प्रधानमंत्री के साथ मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने समारोह में बीआर अंबेडकर की प्रतिमा देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ढांचागत सुविधाओं को विस्तार दिए जाने के सरकार के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### परीक्षा पे चर्चा आज, बेसब्री से है इंतजार : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) में छात्रों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित पिछले पीपीसी कार्यक्रमों के विषय और व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मैं परीक्षा के तनाव को दूर करने के तरीकों पर सामूहिक रूप से रणनीति बनाने के लिए परीक्षा योद्धाओं की सबसे यादगार सभा 'परीक्षा पे चर्चा' का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं।

## एक नजर

### बंगाल में हैं राहुल गांधी पांच दिवसीय जिले के दौरे पर ममता बनर्जी

**कोलकाता।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिलहाल भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए बंगाल में हैं। इसी बीच पांच दिवसीय जिले के दौरे पर ममता बनर्जी रवाना हुई हैं। सरकारी योजना कार्यक्रम के लिए सीएम सिलीगुड़ी, कूचबिहार, रायगंज, बालुरघाट, मालदा, मुर्शिदाबाद, नदिया जिले का दौरा करेंगी। मुख्यमंत्री सोमवार को कूचबिहार में सरकारी सेवा वितरण समारोह में शामिल होंगी। वह उसी दिन सिलीगुड़ी में पट्टा वितरित करेंगी। मंगलवार को दोपहर रायगंज में और बालुरघाट में सरकारी सेवा वितरण कार्यक्रम होगा। बालुरघाट में रात गुजारने के बाद मुख्यमंत्री बुधवार को मालदा होते हुए मुर्शिदाबाद में एक आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल होंगी।

### हनुमान ध्वज हटाए जाने के बाद कर्नाटक के गांव में तनाव

**मांड्या (कर्नाटक)।** कर्नाटक के केरागोडु गांव में रविवार को तनावपूर्ण माहौल का सामना करना पड़ा जब अधिकारियों ने 108 फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ से भगवान हनुमान के फोटो वाले भगवा ध्वज 'हनुमा ध्वज' को हटा दिया। इस घटना के बाद राज्य में सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक टकराव पैदा हो गया।

# बिहार में फिर बनी एनडीए की सरकार

### सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा बने डिप्टी सीएम

### 6 कैबिनेट मंत्रियों ने भी सीएम के साथ लिया शपथ

### एक कुर्मी, एक कुशवाहा, 2 भूमिहार, एक राजपूत, एक यादव, एक चंद्रवंशी, एक मुसहर मंत्री

**एजेंसी। पटना**

बिहार में नीतीश कुमार ने रविवार को एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश ने बतौर मुख्यमंत्री नौवीं बार शपथ ली है। राजभवन के राजेंद्र मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने नीतीश को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश के मुख्यमंत्री के शपथ लेते ही एनडीए की सरकार बिहार में एक बार फिर सत्तारूढ़ हो गई। नीतीश के शपथ लेते ही जय श्री राम के नारों से राजभवन गूंज गया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा भी उपस्थित रहे। इससे पहले ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### नीतीश कुमार ने ली नौवीं बार सीएम पद की शपथ



**सम्राट चौधरी :** सम्राट चौधरी भाजपा से बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं। वह दिग्गज नेता सकुनी चौधरी के पुत्र हैं। सम्राट चौधरी कुशवाहा समुदाय से आते हैं।

**विजय सिन्हा :** विजय लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। वह विधानसभा के स्पीकर भी रह चुके हैं। विजय सिन्हा भूमिहार समुदाय से आते हैं।

**विजय चौधरी बने कैबिनेट मंत्री :** विजय चौधरी सरायरंजन विधानसभा से जदयू के विधायक हैं। वह नीतीश के करीबी माने जाते हैं। विजय चौधरी भूमिहार समुदाय से आते हैं।

**बिजेंद्र प्रसाद यादव बने कैबिनेट मंत्री :** बिजेंद्र प्रसाद यादव सुपौल से जदयू विधायक हैं। वह जदयू के दिग्गज नेता माने जाते हैं। बिजेंद्र प्रसाद यादव समुदाय से आते हैं।

**डॉ. प्रेम कुमार बने कैबिनेट मंत्री :** डॉ. प्रेम कुमार गया टाउन से भाजपा विधायक हैं। वह चंद्रवंशी समाज से आते हैं।

**श्रवण कुमार बने कैबिनेट मंत्री :** श्रवण कुमार नालंदा विधानसभा से जदयू विधायक हैं। वह कुर्मी समाज से आते हैं।

**▸▸संतोष मांझी बने कैबिनेट मंत्री :** पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन मांझी मुसहर जाति से आते हैं।

**सुमित सिंह बने कैबिनेट मंत्री :** सुमित कुमार सिंह जमुई से निर्दलीय विधायक हैं। सुमित सिंह राजपूत समुदाय से आते हैं।

### ▸▸ प्रधानमंत्री मोदी ने नीतीश कुमार को दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले नीतीश कुमार और राज्य के उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को बधाई देते हुए कहा है कि उन्हें विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के लोगों की सेवा करेगी। बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण करने पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को भी उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।

### लालू-तेजस्वी ने पहले ही खोल दिया था राज : खरगे



**नीतीश** के फैसले पर अब कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि ऐसा होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्हें पता था कि यह होगा। देश में ऐसे कई लोग हैं, जो आया राम-गया राम हैं। उन्होंने कहा कि पहले हम और नीतीश कुमार एक साथ मिलकर लड़ रहे थे, लेकिन जब मेरी लालू यादव और तेजस्वी से बात हुई तो उन्होंने पहले ही बता दिया था कि नीतीश कुमार जा रहे हैं।

### इंडिया के पतन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : त्यागी

जदयू प्रवक्ता के सी त्यागी ने रविवार को बिहार में विपक्षी इंडिया गठबंधन के पतन के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही, कहा कि उसके नेता न तो अपनी पार्टी को मजबूत करने में रुचि रखते हैं और न ही विपक्षी समूह में।

### गिरगिट को टक्कर दे सकते हैं नीतीश : रमेश

किांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि 2024 में बिहार की जनता नीतीश कुमार और दिल्ली में बैठे लोगों को सही जवाब देगी। जयराम रमेश ने कहा, बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

### राजीव रंजन ने राहुल गांधी पर कसा तंज

जदयू के एक अन्य प्रवक्ता राजीव रंजन ने कांग्रेस पर गंभीर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पहले तो वह ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाने की कोशिश करके खुद ही डूब गई, जिसमें कोई गुण नहीं है और जो खुद विपक्षी गठबंधन को नुकसान पहुंचाता है। मालूम हो कि यह टिप्पणी संभवतः राहुल गांधी पर कटाक्ष थी। रंजन ने कांग्रेस को भस्मासुर बताया।

## इंडिया

# फिर वही सीएम लाया हूं घर वापसी या धोखाधड़ी?



सुनील बादल

*बिहार* में राजनीनिक खेला हो गया और नीतीश कुमार इंडी एलायंस के पीएम उम्मीदवार न बनते बनते एंडी एलायंस में जाकर फिर से सीएम (नौंवी बार) बन गए यह उनका सत्ता के शीर्ष का बीसवां वर्ष है। माननीय से पूर्व बन गए मंत्री उप मुख्यमंत्री और उनके समर्थक इसे धोखा बता रहे हैं तो भाजपा इसे फिर से वापसी बता रही है। लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए का जनाधार बिहार में बढ़ने जा रहा है, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड ने आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव और इंडिया गुट को राजनीतिक बाय-बाय कर दिया है। बीजेपी से 18 महीने की दुश्मनी अब फिर से राजनीतिक दोस्ती में बदल गई है। दोनों के साथ आने से बिहार में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हो रहा है जिसके कई मायने भी हैं। सबसे बड़ा सवाल है क्या जातीय जनगणना अब होगी या जयकारों के शोर में सब कुछ ठंढे बस्ते में चला जाएगा? ज्यादा संभावना जातीय जनगणना से जुड़े मामलों को किनारे करने की होगी। यदि ऐसा हुआ तो हिन्दुत्व या राम मंदिर के नाम पर एक हुई बिहार या हिन्दी पट्टी की जनता को फिर से जातीय भेदभाव में बांटकर सत्ता का सपना देख रही पार्टियों का क्या होगा? क्या वे चुप बैठेंगी? अभी ताजा ताजा भूतपूर्व हुए बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर के विवादास्पद बयानों का क्या होगा? संवैधानिक पद पर बैठकर धार्मिक जातीय विद्वेष फैलाने वाली शक्तियां अब संभवतः और मुखर होंगी जिससे भाजपा के साथ हाल में दोस्त बनी जदयू कितना रोकेगी या जनता को क्या समझाएगी देखना रोचक होगा। चुनाव पूर्व जिधर लाभ उधर हदय परिवर्तन के इतिहास से लोग परिचित हैं पर बीजेपी-जेडीयू की दोस्ती से लाभ किसे होगा दोनों को या भाजपा को जो मोदी के वैश्विक कद को लेकर आत्मविश्वास से भरपूर है या बिहार में भी जय श्री राम के समर्थकों में रमे भाजपा के कंधे पर सवार होकर जदयू को? किसे कितना फायदा होगा इसके पहले तो सवाल यह है कि नीतीश की साख पर क्या असर पड़ेगा? बीजेपी के साथ विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने के बाद भी जेडीयू कमजोर हुई थी, तो अब फिर से मिलने से क्या जेडीयू के 'आंगन में कमल खिल' जाएगा? जदयू को यदि फिर से कद सीमित होने का खतरा दिखेगा तब? एनडीए 40 लोक सभा सीटों में से 39 के बजाय इस बार सभी सीटें जीतने का दावा कर रहा है।



2014 में नीतीश ने कहा था मिट्टी में मिल जाएंगे पर भाजपा में शामिल नहीं होंगे पर फिर 2017 में महागठबंधन छोड़ एनडीए में शामिल हो गए थे। कुछ राजनीतिक जानकार मानते हैं कि बीजेपी के साथ जाने से नीतीश को सरकार चलाने के हिसाब से ज्यादा नुकसान नहीं होगा। क्योंकि बिहार में बीजेपी के साथ नीतीश कुमार मिलकर लंबे समय तक सरकार चला चुके हैं, और गठबंधन काफी सहज रहा था क्योंकि दोनों की सोच विकास के नाम पर वोट मांगने की है। एक राजनीतिक विश्लेषक के अनुसार, बीजेपी ने ही नीतीश कुमार को 'सुशासन' बाबू का टैग दिया है, दोनों दल आपस में काफी सहज है। दोनों दलों के नेताओं में कई तरह की सहमति है इसलिए दोनों का गठबंधन जमीन पर भी स्वीकार है। नीतीश कुमार और जेडीयू की इमेज महागठबंधन में जाने से खराब हो रही थी, खासकर आरजेडी के साथ, जिसका विरोध कर ही नीतीश और उनकी पार्टी सत्ता में आई थी। अगर आप 2014 का लोकसभा और 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव छोड़ दें, तो जेडीयू हमेशा राजद और कांग्रेस की सत्ता के खिलाफ चुनाव लड़ी है। ऐसे में कार्यकर्ताओं और वोटर्स दोनों में जदयू के बीजेपी के साथ गठबंधन तोड़ने से निराशा थी, और इसका पार्टी को नुकसान भी हुआ है। 2013 में बीजेपी से गठबंधन तोड़ने के बाद 2015 विधानसभा चुनाव में नीतीश ने जब आरजेडी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था तब उन्हें भले ही 2010 के मुकाबले सीटों का नुकसान हुआ था लेकिन मोदी लहर के बीच भी सत्ता में वापसी हुई थी। नीतीश कुमार 2013 में एनडीए से पीएम नरेंद्र मोदी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने से रोकने के लिए अलग हुए थे हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में बीजेपी की बहुत बड़ी जीत हुई थी। 2015 में आरजेडी और जेडीयू ने मिलकर चुनाव लड़ा था तब आरजेडी 80, जेडीयू 71 और बीजेपी को सिर्फ 53 सीट हासिल हुई थी। 2017 में वापस आई नीतीश की पार्टी 2020 के चुनाव में बीजेपी के साथ मिलकर लड़ने के बावजूद 71 से घटकर 43 सीटों पर आ गई यानी पार्टी को 28 सीटों का नुकसान हुआ था। जबकि बीजेपी 21 सीटों की बढ़त के साथ 53 से 74 पर पहुंच गई । आकंड़ों और जातीय समीकरण के हिसाब से देखेंगे तो नीतीश आज भी मजबूत हैं जबकि बिहार में इतने सालों में बीजेपी प्रदेश में अपना नेता नहीं बना पाई।

# 3 सप्ताह में जारी करनी थी अधिसूचना जवाब भी हाईकोर्ट में नहीं हुआ दाखिल

### हाईकोर्ट के आदेश की मियाद खत्म, ननि चुनाव की सुगबुगाहट भी नहीं

**अखिलेश चौबे। मेदिनीनगर**

ननि चुनाव को लेकर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश की मियाद समाप्त हो गयी। इसके बाद भी एक वर्ष से लंबित नगर निकाय चुनावों के संबंध में प्रदेश सरकार के स्तर पर कोई सुगबुगाहट देखने को नहीं मिली। यहां तक कि इस मामले में सरकार ने अपना जवाब दाखिल करना भी मुनासिब नहीं समझा। विदित हो कि झारखंड के 48 नगर निकायों में से 14 का कार्यकाल मई 2020 में ही समाप्त हो गया था। जबकि शेष 34 नगर निकायों का कार्यकाल भी अप्रैल 2023 में समाप्त हो गया। 16 नवंबर 2022 को नगर निकायों में चुनाव प्रक्रिया शुरू कराने का आदेश भी जारी कर दिया गया था, किंतु ओबीसी आरक्षण पर ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कहकर प्रदेश सरकार ने चुनाव को स्थगित कर दिया था। तब से नगर निकायों का पूरा तंत्र ब्यूरोक्रेसी के जिम्मे आ गया है। ऐसे में जन प्रतिनिधि नहीं होने के कारण जन्म-मृत्यु निबंधन, पेयजल, साफ-सफाई आदि बुनियादी कार्यों के लिये नागरिक कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। जन समस्या को देखते हुये एक याचिका पर सुनवाई करते हुये हाई कोर्ट ने चार जनवरी को जारी आदेश में सरकार को तीन सप्ताह के अंतराल में ननि चुनाव की अधिसूचना जारी करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश की मियाद भी 25 जनवरी को ही समाप्त हो चुकी थी, किंतु इस संबंध में कोई पहल नहीं की गयी।

## एक नजर

### नगड़ी में अपराधियों ने दुकानदार को मारी गोली

**रांची।** जिले के नगड़ी थाना क्षेत्र के कुदलोंग बस्ती में रविवार सुबह अपराधियों ने युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। उसके कान के पास गोली लगी हैं। उसे घायल अवस्था में पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने आपसी विवाद में मणिराज केसरी नामक व्यक्ति को गोली मारी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अपराधियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### वीरता की परंपरा को अपमानित और कलंकित करने वाली योजना है अग्निवीर : सूबेदार यादव

**रांची।** सूबेदार एचएन यादव ने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना भारतीय सेना के वीरों और वीरता की परंपरा को अपमानित और कलंकित करने वाली योजना है. देश की सरहदों के रखवालो को दो फाड़ करने वाली योजना अग्निवीर को बंद करना चाहिए. अग्निपथ योजना को देश की सुरक्षा प्रणाली के लिए दीमक से भी ज्यादा खतरनाक है. सूबेदार यादव रविवार को कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी पूर्व सैनिक विभाग के तत्वावधान में किया गया था. यादव ने कहा कि मोदी सरकार देश की सुरक्षा प्रणाली के साथ खिलवाड़ कर रही है. अग्निपथ भारत के वीरों के अपमान की योजना है.

### झारखंड में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक किए जाएंगे चिह्नित

**रांची।** राज्य में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक चिह्नित किये जायेंगे। इसको लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सभी जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक होगी। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट पुलिस मॉड्यूल का जिला द्वारा उपयोग, फॉरेनर रजिस्ट्रेशन पोर्टल का जिला द्वारा उपयोग, अवैध प्रवासी और विदेशियों का अवैध रूप से समय से अधिक समय तक रहना जैसे मुद्दे पर चर्चा की जायेंगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एनआरसी की जरूरतों व बांग्लादेशियों के बढ़ते प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट गृह विभाग को भेजी थी।

### प्रधानमंत्री की मन की बात बन गई जन-जन की आवाज : संजय कु. जायसवाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने बूथ नंबर 26/27 के मतदाता एवं कार्यकर्ता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात को सुना। प्रधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मन की बात में भगवान राम को याद करते हुए पीएम ने बताया कि संविधान के तीसरे अध्याय के शुरूआत में हमारे संविधान निमार्ताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था। प्रधानमंत्री जी ने महिला सशक्तिकरण अर्जुन अवार्ड एवं अंगदान पर चर्चा करते किए।

### घासी समाज की सम्मेलन में समाज के उत्थान के लिए शिक्षा पर दिया गया जोर

# अपनी परंपराओं व रीति-रिवाज को बचाये रखने की जरूरत है : पद्मश्री मुकुन्द नायक

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
घासी समाज को अपनी सशक्तिकरण के लिए अपनी परंपराओं, रीति-रिवाज एवं गौरवशाली संस्कृति को बचाए रखने की जरूरत है। उक्त बातें घासी समाज लापुंग प्रखंड के ककरिया हाई स्कूल मैदान में रविवार को झारखंड प्रदेश घासी (नायक ) समाज का एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री और प्रसिद्ध लोककलाकार मुकुन्द नायक ने कही। उन्होंने कहा कि हम अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को हम आने वाले पीढ़ी को सौंपे ताकि हमारा समाज और मजबूत हो सकें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महावीर नायक ने समाज को शिक्षित करने पर बल दिया। वहीं घासी समाज महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष कमला पाठक नायक ने कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने समाज के लोगों से महिलाओं के हक के लिए भी आवाज बुलंद करने की मांग रखी। दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भारत माता व भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित एवं झारखंड के प्रसिद्ध लोककलाकार मुकुन्द नायक, घासी समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोककलाकार महावीर नायक, राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित एवं सीनेट के सदस्य सह पूर्व विधायक रामचंद्र नायक तथा डॉ रिझु नायक सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक संदीप टाइगर व समाजसेवी सह संरक्षक जितेन्द्र नायक को अतिथियों ने संगठन को दशा और दिशा प्रदान करने के लिए तथा उनके योगदान और प्रयास के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम की सफलता पर संदीप टाईगर घासी समाज के नायक बने। इस दौरान उन्हें संविधान की एक प्रति भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के पिछड़े, दबे कुचले लोगों के उत्थान, उनकी शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास करने तथा संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए कोष की व्यवस्था स्थापित करने का संकल्प लिया गया।



**हमारा समाज का इतिहास काफी समृद्ध रहा है : भानु नंदू बाबा**

विशिष्ट अतिथि भानु नंदू बाबा ने कहा कि हमारा समाज का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। हर प्रयोजन में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। घासी समाज लापुंग प्रखंड के ककरिया हाई स्कूल मैदान में रविवार को झारखंड प्रदेश घासी (नायक ) समाज का एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

### डॉ. लाल्स हॉस्पिटल और हीगर इंडिया के संयुक्त सहयोग से एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**रांची।** रांची के होटल चाणक्या बीएनआर में डॉ. लाल्स हॉस्पिटल और हीगर इंडिया के संयुक्त सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें डॉ लाल हॉस्पिटल की कंसल्टैंट डॉ. श्वेता लाल और डॉ. शब्दिका लाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ श्वेता लाल ने बताया कि इसका उद्देश्य एसयूआई/ ल्यूकोरिया/ वेजाइनल प्रोलैप्स जैसी समस्याओं में लेजर की संभावना के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बिना किसी सर्जरी, भर्ती या खून की कमी के इन समस्याओं से जूझ रही महिलाओं के लिए यह एक बड़ी मदद होगी। इस कार्यशाला में शिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें शहर के लगभग 100 चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित सभी चिकित्सकों को एक दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गई। इस मौके पर राँची के डॉ लाल हॉस्पिटल में 20 मरीजों का मुफ़्त लेजर ट्रीटमेंट किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### परमेश्वर भगत ने किया क्रिकेट कीट का वितरण



**चान्हो/मांडर।** प्रखंड अंतर्गत क्रिकेट प्रेमियों के बीच रविवार को क्रिकेट कीट का वितरण समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने किया। खिलाड़ियों के मनोबल को और बढ़ाने के लिए कहा की पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेल से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है, इसमें करियर भी बनाया जा सकता है। मौके पर डॉ नाफर अली, कृष्ण उरांव, परतो उरांव, सुजन उरांव, सुनना उरांव, इजहारुल अंसारी, तस्लीम अंसारी, फिरोज अंसारी, किशुन उरांव, राज उरांव, प्रकाश उरांव, राज उरांव, सलमान अंसारी, फिरोज अंसारी और अनेक लोग उपस्थित हुए।

### हिन्दू जागरण मंच और वीरांगना वाहिनी, धुर्वा मंडल की बैठक आयोजित



**रांची।** हिन्दू जागरण मंच और वीरांगना वाहिनी, धुर्वा मंडल की बैठक सर्वोदय बाल विद्या मंदिर, आर्दश नगर, धुर्वा मे हुई। बैठक की अध्यक्षता हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष राम बोल कुंवर ने किया और बैठक का संचालन उपाध्यक्ष अमित नंदन के द्वारा किया गया। हिन्दू जागरण मंच के संगठन मंत्री श्रद्धेय सुमन जी, जो इस बैठक में ऑनलाइन उपस्थित हुए, ने मंच के कार्यों और आयामों पर प्रकाश डाला और इसके उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सशक्त संगठन खडा करने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राम बोल कुंवर ने अगामी वर्ष-प्रतिपदा को लेकर नगर में कार्यक्रम आयोजन पर अपना विचार रखा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केशव नगर संघ कार्यवाह सुबोध कुमार ने वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसमें आमलोगों को जोडने की योजना पर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में हिन्दू जागरण मंच के प्रान्त सह संयोजक श्री विक्रम शर्मा जी, मंच के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह, मंच के महानगर महामंत्री निशांत चौहान, धुर्वा मंडल के संरक्षक शिवेश कुमार सिंह ने भी अपना वक्तव्य रखा। शान्ति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।

### नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने धुर्वा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी



रांची। मोदी के द्वारा मन की बात की 109 वी कार्यकर्म रहा जिसे धुर्वा मण्डल के अंतर्गत प्रभात तारा शक्ति केंद्र विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे धुर्वा भाजपा मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव जी के नेतृव मे मन की बात सुना गया जिसमे नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी धुर्वा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुने जिसमें मुख्य रूप से भाजपा नेत्री शोभा यादव भाजपा नेता सीता राम रवि धुर्वा मण्डल के प्रभारी जितेंद्र वर्मा वार्ड 39 के निर्तवान पार्षद वेद प्रकाश सिंह वार्ड 40 के पार्षद सुचिता रानी सरना विकास समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव मीडिया से राजेंद्र मण्डल के महामंत्री कन्हैया सिंह एवं शिवाजी सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह मीडिया सेल के अमरेंद्र तिवारी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शिवगोविंद पांडे राधेश्याम यादव रामप्रवेश जितेंद्र हिमांशु कुमार रांची महानगर महिला मोर्चा महामंत्री वीणा मिश्रा कार्य समिति सदस्य अनिता देवी अजबीर बड़ाईक सागर यदुबंशी अमन सागर पासवान बीरेंद्र यादव दीपक बर्णवाल सुदर्शन ब्रजेश दुबे शोभा देवी रजक पासवान सुबोध राजू संदीप दिलीप कुमार गुप्ता गीता देवी देवेन्ति देवी संदीप कुमार रवि कुमार और मीडिया प्रभारी अशोक कुमार और सैकड़ों की संख्या मे लोग उपस्थित रहे और मन की बात को शांति पूर्वक सुना।

### आगामी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार भी बनेगी भाजपा की सरकारः लुईस मरांडी



**दुमका।** आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड में सभी 14 लोकसभा सीटों सहित पूरे देश में 400 पार की जादुई आंकड़ा छूते हुए पुनः देश में पीएम मोदी की सरकार बनेगी। राहुल गांधी के न्याय यात्रा का कोई असर देश में नहीं पड़ने वाला है। राहुल के दोहरे छवि को देश की जनता समझ चुकी है। देश में भाजपा की सरकार ने विकास की लकीर ऐसी खींची है कि जनता एक बार पुनः मोदी को पीएम बनना देखना चाहती है। यह बातें हथियापाथर स्थित आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी ने कही। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में हुए भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और भगवान के निर्मित मंदिर लोगों में आस्था के साथ पीएम मोदी के प्रति एक विश्वास पैदा हुआ है कि मोदी जो कहते है वो निश्चित रूप से करते हैं, इसकी गारंटी है। भाजपा आस्था और विकास दोनों में समन्वय बना देश को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यही वजह है कि देश में भाजपा की लहर है। डॉ लुईस मरांडी ने ईडी और सीबीआई के द्वारा गैर भाजपा राज्य में कार्रवाई के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि जैसी करनी, वैसी भरनी होती है। जो गलत किया इसकी सजा मिलती ही है। आगामी चुनावों की तैयारी पर बोली कि भाजपा एक ऐसी पार्टी से जो 365 दिन जनता के बीच रहती है। गांव चलो अभियान कार्यक्रम की शुरूआत के साथ ही भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में उतर गई है। पार्टी की ओर प्रदेश उपाध्यक्ष की नई जिम्मेवारी मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र है हर हाथ को कम, हर खेत तक पानी। इसी तर्ज पर योजना बनाई गई है।

### राष्ट्रीय इंटक के सेन्ट्रल वूमेन वर्किंग की नेशनल ज्वाइंट सेक्रेटरी बनी पूर्णिमा सिंह



**रांची।** राष्ट्रीय इंटक के सेंट्रल वूमेन वर्किग कमिटी की नेशनल चेयर पर्सन श्रीमती देविका सिंह के अनुमोदन पर इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी. संजीवा रेड्डी ने नेशनल कमिटी का गठन किया जिसमे झारखंड से सुश्री पूर्णिमा सिंह को नेशनल ज्वाइंट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया।
सुश्री पूर्णिमा सिंह ने अपने दोनो राष्ट्रिय नेताओ के साथ साथ शीर्ष नेताओं का आभार प्रकट किया।पूर्णिमा सिंह के नाम की घोषणा के पश्चात झारखंड के तमाम कांग्रेसजन ने हर्ष व्यक्त किया है और कहा है कि पूर्णिमा के कार्य काल में संगठन चौमुखी उपलब्धि हासिल करेगी ।

### सा रे गा रे वॉइस ऑफ झारखंड में सजी सुरों की महफिल

# ग्रैंड फिनाले में झारखंडी प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है तो उन प्रतिभाओं को मंच देने की और मंच देने का काम किया है सा रे गा रे वॉयस ऑफ झारखंड ने क इस कार्यक्रम में झारखंड और झारखंड के बाहर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने ऑडिशन देकर हिस्सा लिया था उनमें से लगभग 50 गायकों को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया था। सभी प्रतिभागी जब मंच पर अपने गायकी का प्रदर्शन करने के लिए आए तो श्रोता हैरान रह गए कि झारखण्ड में भी इतने सुरीले गायक है। किशोर कुमार, मुहम्मद रफी और अरिजित सिंह के गानों से माहौल संगीतमय हो गया। सभी गायकों ने अपने गायकी से सभी का मन मोह लिया, प्रतिभागियों में 11 वर्ष के बच्चो से लेकर बड़े प्रतिभागियों ने भाग लिया क प्रतिभागियों को जज करने का काम मशहूर सिंगर मृणालिनी अखोरी, अमित सरकार और अतुल वर्मा ने किया। कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजर मो साबिर हुसैन ओर अरशद उबैद ने कहा कि वे हमेशा यूवाओ को विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से मंच देते रहते है ओर आगे भी देते रहेंगे। हमारे झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नही ह। बस जरूरत है उन्हे सही मार्गदर्शन का और वे हमेशा इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों का हौसला आगे भी बढ़ाते रहेंगे। फिर चाहे मॉडलिंग, एक्टिंग, सिंगिंग, पेंटिंग या फिर अन्य तरह की प्रतिभा को सामने लाने की बात हो क कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका जैसवाल, संजना शर्मा, जिम्मी गुप्ता ने शिरकत की।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत हो गई वहीं एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार लापुंग थाना क्षेत्र के बाकाकेरा महुगांव सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने रात लगभग दो बजे एक ऑटो को चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर ही एक 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि ऑटो में सवार 62 वषीर्या सुमन देवी पति अकलू स्वांसी को भी गंभीर चोटे आई वहीं ऑटो में सवार उनके पति अकलू स्वांसी को मामूली चोटें आई है। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक अपनी गाड़ी सहित भाग निकला। मृतक युवक की पहचान नरसिंहपुर निवासी 25 वर्षीय मोहन स्वांसी के रूप में हुई है। मोहन स्वांसी अकलू स्वांसी और सुमन देवी के साथ पंजाब से मजदूरी कर अपने गांव नरसिंहपुर लौट रहे थे। ट्रेन में सभी जम्हार स्टेशन पर उतरे और भास्कर सिंह के ऑटो में सवार होकर नरसिंहपुर लौट रहे थे तभी बाकाकेरा गांव में महज 200 मीटर की दूरी पर टर्निंग में अज्ञात वाहन ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। इसके पूर्व लापुंग थाना क्षेत्र के लापुंग बिरमकेल नावाटोली मुख्य सड़क पर बाईक से अपने घर लौट रहे लालपुर निवासी शक्ति उरांव और सुजीत कच्छप असंतुलित होकर सड़क पर ही गिर पड़े। गिरने से शक्ति उरांव के पर एवं सिर में गंभीर चोटे आई। पैर में इतना चोट था कि पैर का कुछ भाग दो भागों में बंट गया था। वहीं सुजीत को मामूली चोटें आई थी।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट की विजेता बनी न्यू क्लासिक क्लब जगन्नाथपुर टीम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रथम स्व. उर्मिला देवी स्मारक मातृशक्ति वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2024 की विजेता न्यू क्लासिक क्लब जगन्नाथपुर बस्ती की टीम बनी। रविवार को हुए फाइनल मैच में न्यू क्लासिक क्लब ने महिला विकास क्लब को 25-8 के बड़े अंतर से हराया। तीसरे स्थान पर कार्तिक उरांव महिला टीम रही। प्रतिज्ञा संस्था द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन स्व. उर्मिला देवी के पुत्र व स्पोर्ट्स-9 के संचालक सुनील अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि रांची में पहली बार घरेलू माताएं घर से निकलकर वॉलीबॉल टूर्नामेंट खेल रही हैं यह बड़ी बात है। इससे खेल को बढ़ावा तो मिलेगा ही साथ ही माताएं अपने बच्चों को स्पोर्ट्स में बेहतर करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित भी करेंगी। मौके पर प्रतिज्ञा के प्रोग्राम डायरेक्टर चंदन सिंह ने कहा कि संस्था पहले से मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करती आ रही हैं। लेकिन पहली बार माताओं के साथ वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है।

# झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू के नेतृत्व में भाजपा सिल्ली समाधान कार्यालय में केजेपी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैकड़ों साथियों व कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। वहीं भाजपा के रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो ने सभी कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनकर स्वागत किया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हाथों को मजबूत करें एवं आने वाले चुनाव में भारी से भारी मतों से जीत दर्ज कर प्रधानमंत्री दुबारा बनाएं ताकि देश सुरक्षित रह सके। प्रधानमंत्री के द्वारा योजनाएं क्षेत्रों में चलाई जा रही है उन योजनाओं के बारे में घर घर जाकर लोगों को जानकारी दें। दूसरी और बिनोद प्रसाद साहू ने भी संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव की तैयारी में अभी से ही लग जाए गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों से संपर्क करें साथ ही साथ चौक चौराहा पर भी बैठक कर योजनाओं के बारे में बताएं। भाजपा में शामिल कार्यकर्ताओं अमित महतो, अशोक महतो, पांडेय महतो, हेमंत कोईरी, अंबुज रजक, सुबोध मुंडा, गणेश गुप्ता, राजेंद्र सोनार, बाघ सोनार, सूरज महतो आदि शामिल हुए। इस मौके पर रामकुमार पाहन प्रताप कुशवाहा प्रकाश कुमार रघुवीर महतो प्रोफेसर ललित महतो साधु चरण महतो प्रमोद कुशवाहा सुधीर सोनार आदि कार्यकर्ता की उपस्थित थे।

### संस्कार भारती का अखिल भारतीय कला साधक संगम 01 से 04 फरवरी तक बंगलोर में

# 2500 से अधिक कलाकार हिस्सा लेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कला संस्कृति और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कला साधक संगम बंगलोर स्थित आर्ट ऑफ लिविंग के अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र में 01 से 04 फरवरी 2024 तक होगा। इस कला साधक संगम का केन्द्रीय थीम है सामाजिक समरसता। यहां होने वाली सारी प्रस्तुतियों का आधार समरसता होगा। इस कला साधक संगम में संपूर्ण भारतवर्ष से प्राचीन कला एवं पुरातत्व से जुड़े सैम्पल, चित्रकला तथा भू-अलंकरण विधा रंगोली की एक बड़ी प्रदर्शनी लगायी जायेगी। भारत के अनेक राज्यों से आ रहे कलाकारों के द्वारा संगीत, नृत्य, नाटक आदि की मंचीय प्रस्तुतियाँ की जायेंगी। साहित्य विधा के अन्तर्गत संतों की वाणियों का केलिग्राफिक प्रस्तुति होगी, साथ ही कला साधक संगम के राष्ट्रीय मंच पर कविता पाठ, साहित्य प्रबोधन और अनेक संग्रहणीय पुस्तकों का लोकार्पण भी होगा।इस बार अ॰भा॰ कला साधक संगम में फिल्म विधा को भी शामिल किया गया है और इस फिल्म विधा के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में झारखंड प्रदेश के डॉ॰ सुशील कुमार अंकन को कार्यभार दिया गया है।झारखंड प्रांत का कलादल समरसता पर आधारित बाबा वैद्यनाथ धाम की प्रसिद्ध काँवर यात्रा पर बंगलोर में एक रोड शो भी करेगा। कला साधक संगम में झारखंड प्रदेश से 25 सदस्यीय कलाकारो का दल, कला साधक संगम में हिस्सा लेने बंगलोर जा रहा है। जिसका नेतृत्व उत्तर-पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र-प्रमुख डॉ॰ संजय कुमार चैधरी, संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ॰ सुशील कुमार ह्यअंकनह्न तथा महामंत्री संजय श्रीवास्तव कर रहे हैं।इस कलादल में शामिल कलाकारों में उमेशचन्द्र मिश्र, विश्वनाथ प्रसाद, राकेश रमण, रामानुज पाठक, डॉ॰ रागिणी भूषण, डॉ॰ जूही सपर्पिता, डॉ॰ मुदिता चंद्रा, अनीता सिंह, मधुरेश कुमार वर्मा, सच्चिदानंद सिंह, अर्चना वर्मा, ब्रह्मानंद दसौंधी, सी.ए. विकास वर्मा, कुमार केशव, विनित जैन, विष्णुचरण गिरि, नरेन्द्र प्रसाद, सत्यजीत कृष्ण, हरिओम सुधांशु, विपिन प्रसाद सिन्हा, कुमारी अर्चना और सरोज कुमार मिश्र आदि मुख्य हैं।

# 11000 वोल्ट की तार की चपेट में आने से एक लकड़बग्घा मौत



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग थाना क्षेत्र के ककरिया अम्बाटोली बगीचा के पास जमीन पर गिरी 11 हजार वोल्ट लाइन बिजली के तार की चपेट में आकर जंगल से भटक कर निकले एक लकड़बग्घे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शनिवार की देर रात की है। ककरिया से दोलैचा की ओर गई बिजली की खंभे के 11000 वोल्ट के जर्जर तार अचानक रात में गिर गया। जिसकी चपेट में आने से सड़क पार करने वाले लकड़बग्घे की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी लोगों को तब मिली जब रविवार की सुबह मृत पड़े लकड़बग्घे पर लोगों की नजरें पड़ी। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। सुबह 10:00 बजे के बाद वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड इन्द्रजीत रविशंकर महली तथा रामकिशोर सिंह मौके पर पहुंचे और लकड़बग्घे के शव को अपने कब्जे में लेकर बेड़ो वन विभाग के कार्यालय पहुंचे। यहां पशु चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने के कारण मृत लकड़बग्घे का पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका। सुभाष चंद्र प्रमाणिक ने बताया कि एसएससी की परीक्षा में ड्यूटी होने के कारण पशु चिकित्सक नहीं मिले। सोमवार की सुबह लकड़बग्घे को वन विभाग के परिसर में ही पोस्टमार्टम कर दफना दिया जाएगा। वन विभाग की कर्मियों ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जांच होने के उपरांत ही कुछ कहा जा सकता है कि लकड़बग्घे की मौत का जिम्मेवार कौन है ?

# डीएवी हेहल स्कूल में क्षमता संवर्धन कार्यशाला संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में सीबीएसई पटना द्वारा दो-दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला एक्सपेरेंशियल लर्निंग पर शिक्षको ने शिक्षण के कई गुर सीखे हैं। रविवार को इसका समापन पर प्रशिक्षिक के नागाराजू, प्राचार्य मधुसूदन स्कूल चक्रधरपुर व रंजन शर्मा ग्रीनफील्ड एकेडमी,चँदवा ने शिक्षकों के साथ अपने अनुभवो को साझा किया। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने दोनों प्रशिक्षकों को महर्षि दयानंद सरस्वती का अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश देकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच आपस में समन्वय किसी बड़े लक्ष्य को पूरा करता है। सीखने की कोई उम्र नहीं होती और न ही सीखने का कोई अंत है। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारी सह सीओई अरविंद कुमार मिश्रा, डीएवी के निदेशक वी सिंह ,चेयरमैन नानक चंद,वाइस चेयरमैन पी पी आर्य, एम के सिन्हा (ए आर ओ) झारखण्ड जोन-बी,मैनेजर अजय सहगल,डीएवी हेहल,राँची का भी आभार व्यक्त किया। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक एन सी पाढ़ी,मौसमी मजूमदार, सोवन देव चक्रवर्ती, प्रीतम सरकार शामिल रहें।

# पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल के शासनकाल में बेईमानी नहीं थी : डॉ रामेश्वर उरांव

**राज्य बनने के बाद विकास हुआ, विधि व्यवस्था में हुआ सुधार : बाबूलाल मरांडी**

**रांची प्रेस क्लब में किया गया झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख पुस्तक का विमोचन**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वरिष्ठ पत्रकार और लेखक श्याम किशोर चौबे कृत सद्य प्रकाशित पुस्तक झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख का विमोचन रांची प्रेस क्लब में हुआ। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने किया। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस पुस्तक में लेखक ने झारखंड के लिए अपनी बेचैनी को दर्शाया है। झारखंड के विकास के लिए इस तरह की बेचैनी राज्य के सभी लोगों में होना चाहिए। जिससे झारखंड का भविष्य सुनहरा और अच्छा होगा। सभी लेखकों को भी राज्य के विकास के प्रति अपनी बेचैनी दर्शानी होगी। तभी राज्य का विकास तेजी से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद राज्य की सत्ता में स्थानीय लोगों की भागीदारी हो रही है और यह अच्छी बात है। मरांडी ने कहा कि कोई भी देश या राज्य का विकास अचानक नहीं हो जाता है, उसमें समय लगता है। झारखंड अलग होने के बाद राज्य का विकास हुआ है, कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य बनने से पहले जो भय का वातावरण था, अब वह यहां नहीं है। उदघाटनकर्ता झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस पुस्तक में लेखक श्याम किशोर चौबे ने राज्य के पिछड़ेपन और विकास के लिए बेचैनी को दर्शाया है। यह पुस्तक हमें प्रेरणा देगी। कहा कि झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल के शासनकाल में बेईमानी नहीं थी। आज समय बदल गया है। वित्तीय प्रबंधन के अभाव में राज्य का विकास सही तरीके से नहीं हो रहा है। अभी भी राज्य में 60 प्रतिशत लोग गरीब हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनाना उपलब्धि नहीं, बल्कि राज्य की जनता का विकास करना सबसे बड़ी उपलब्धि है। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पदमश्री बलबीर दत्त ने कहा झारखंड अलग राज्य बनने के बाद राज्य ने बहुत राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। झारखंड के विकास के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। आदिवासी और गैर आदिवासी की भावना को दूर कर सब झारखंडी बनकर कार्य करें तो राज्य आगे बढ़ेगा। विशिष्ट अतिथि और संचालनकर्ता वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र ने कहा कि लेखक ने पुस्तक में कल्पना को नहीं बल्कि यथार्थ को समेटा है। पुस्तक के लेखक श्याम किशोर चौबे ने कहा है कि झारखंड में शांति के साथ बेचैनी भी है। अलग राज्य बनने का सुख तो मिला, लेकिन विकास नहीं हो पाने की बेचैनी आज भी है। कार्यक्रम में राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार नीरज पाठक, डॉ रमेश शरण और प्रभात प्रकाशन के प्रमुख पीयूष कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## एक नजर

### सीआईटी टाटीसिलवे में सचिवालय सहायक पद की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**रांची।** सीआईटी टाटीसिलवे में सचिवालय सहायक पद के लिए चयन परीक्षा हुई। जिसमें 912 परीक्षार्थी शामिल हुए। शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए प्रबंधन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंधन किये गये थे। उड़न दस्ता, आब्जर्बर, मजिस्ट्रेट और सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी मे शांति पूर्वक परीक्षा सम्पन्न हुआ। परीक्षार्थी ठंड के बावजूद सुबह से ही परीक्षा केंद्र के सामने जुटने लगे। सीआईटी के मुख्य द्वार पर आवश्यक जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश करने दिया जा रहा था।

### जेएसएससी सीजीएल दूसरे चरण की परीक्षा 4 फरवरी को

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल दूसरे चरण की परीक्षा 4 फरवरी को होगा। यह परीक्षा दो चरणों में हो रही है। पहले चरण में रविवार को परीक्षा हुआ। अब 4 फरवरी की परीक्षा को लेकर एडमिट कार्ड जारी किया गया है। एडमिट कार्ड को डाउनलोड करने के लिए आयोग की वेबसाइट पर लिंक दिया जाएगा। जहां से अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगें। इस बार परीक्षा दो चरणो में हो रही है। अब चार फरवरी को होने वाली परीक्षा का एडमिट कार्ड 28 जनवरी को जारी कर दिये गये। एडमिट कार्ड जारी होने के बाद इसे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक या डाउनलोड किया जा सकता है।

### एचईसी आवासीय परिसर में आज बंद का आह्वान

**रांची।** हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) में रविवार को कर्मचारियों ने बकाया वेतन के भुगतान सहित कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने क्षेत्र में भ्रमण कर अपने लंबित मांगों की पूर्ति को लेकर एचईसी आवासीय परिसर में सोमवार को बंद का आह्वान किया है। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने मशाल जुलूस निकाल कर क्षेत्र के दुकानदारों, ऑटो चालकों सहित लोगों से बंद को सफल बनाने में सहयोग का आग्रह किया।

# 31 जनवरी और एक फरवरी को हल्की बारिश, तापमान में होगी बढ़ोत्तरी

**रांची और आसपास के इलाकों में सुबह कोहरा या धुंध की संभावना बनी हुई है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में लगातार सर्दी का सितम जारी है। हालांकि आने वाले कुछ समय में लोगों को इससे राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम केंद्र रांची की ओर से जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार झारखंड में अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। आसमान में कहीं-कहीं छिटपुट बादल रह सकते हैं। 31 जनवरी और 01 फरवरी को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भाग में कहीं कहीं हल्की बारिश की संभावना है। मौसम केंद्र के अनुसार सुबह में कोहरे या धुंध के बाद मौसम साफ रहेगा। रांची और आसपास के इलाके में भी सुबह कोहरा या धुंध



बनने की संभावना बनी हुई है। 31 जनवरी और 01 फरवरी को रांची और आसपास के इलाकों में आसमान में बादल, मेघ गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार गुमला, बोकारो, चतरा, रांची, लातेहार, देवघर, धनबाद एवं गोड्डा सहित ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। पिछले 24 घंटे में सबसे कम 5.1 डिग्री सेल्सियस तापमान गुमला जिले का रिकॉर्ड किया गया है। राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों में शीतलहर का प्रभाव भी देखा जा रहा है। राहत की बात यह है कि मौसम केंद्र, रांची ने अपने ताजा मौसम पूवार्नुमान में अगले 24 घंटे के बाद न्यूनतम तापमान में 03 से 04 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की जानकारी दी है।

# कई केंद्रों में हुई जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा

**परीक्षा तीन पालियों में हुई, दूसरे चरण की परीक्षा 4 फरवरी को होगी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची झारखंड में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा लंबे अंतराल के बाद हुई। रविवार को तीन पालियों में परीक्षा आयोजित की गयी। इसके लिए रांची सहित राज्य में कई जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गये थे। रविवार की सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ जुट गयी। शहर के विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने कहा कि कई वर्षों के बाद यह परीक्षा आयोजित हो रही है। 2017 में फॉर्म आने के बाद भी परीक्षा नहीं हो पाई थी। उसके बाद 2018 में भी सीजीएल की परीक्षा के लिए तारीख बढ़ा दी गयी। इसके बाद आज यह मौका आया है। जेएसएससी की तरफ से परीक्षा को लेकर कई केंद्र में भी बदलाव किए गए। रविवार को पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित किया गया। फिर दूसरी परीक्षा 11:30 बजे से एक बजे तक चली। इसके बाद तीसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा चली। परीक्षा के लिए बनाए गए सभी केंद्रों पर 8:15 बजे तक रिपोर्टिंग टाइम तय थ। सुबह 8:15 बजे के बाद जो भी परीक्षार्थी केंद्र पर नहीं पहुंच पाए। उन्हें परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। रांची के धुर्वा से आए एक अभ्यर्थी लेट होने की वजह से परीक्षा देने से वंचित रह गए। करीब आधे घंटे तक हंगामा करने के बावजूद भी परीक्षार्थी को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया।

# झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ का वनभोज सह वार्षिक मिलन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के वनभोज सह वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन पंडरा स्थित शौंडिक भवन धर्मशाला में किया गया। इस दौरान सुड़ी जाति के कई अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार से सुड़ी जाति को अनूसूचित जाति में शामिल करने की मांग को विधानसभा के इसी बजट सत्र मे पारित कर केन्द्र सरकार के पास अनुशंसा करने की मांग रखी है। नेताओं ने सुड़ी जाति की राजनितिक में भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग सभी राजनितिक दलों से की है। आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी राजनितिक दलों से स्थानीय उम्मीदवार को प्राथमिकता देने की मांग की गयी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू, निर्मल साहु, रमण साहु, उदय साहु, राधेश्याम साहु, सुधीर साहु, राजेश साहु, बीरेंद्र साहु, मुकेश साहु, मिथिलेश प्रसाद, अरुण देव कुमार, कुणाल कुमार बंटी, दिलीप नाथ, ब्रजेश साहु, सिद्धार्थ साहु, उपेन साहु, मनोज साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, राजन साहु, जगबंधु साहु, हरेंद्र प्रसाद साहु, शैलेंद्र कुमार, निलकंठ साहु, नवल प्रसाद, अविनाश कुमार, सुजीत सागर, विवेक मंडल, राजकिशोर मंडल, उपेन्द्र प्रसाद और संजय साहु सहित अन्य शामिल हुए।

# गोप समाज को जातीय नहीं, आर्थिक पिछड़ा आरक्षण का लाभ दे सरकार

**मांगों को चुनावी एजेंडा में शामिल करने वाले दल को मिलेगा समर्थन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड,बंगाल और ओड़िसा के गोप समाज झारखंड प्रदेश गोप महासंघ के नेतृत्व में महासम्मेलन पर रविवार को हरमू मैदान में महाजुटान हुई। इसमें रांची सहित झारखंड के सभी जिला समेत पश्चिम बंगाल एवं ओड़िसा से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। महासम्मेलन में गोप समाज के लोगों ने जातिगत आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण का लाभ देने की बात कही। मांग किया गया कि अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के वंशज गोप समाज के लोग जातीय तौर पर पिछड़े नहीं हैं। यह समाज विकास की मुख्यधारा में अभी तक शामिल नहीं हो सका




है। जिस कारण समाज के लोगों का हर स्तर पर उद्धार नहीं हो सका है। महासम्मेलन में गोप समाज के आरक्षण की मांग को चुनावी एजेंडा में शामिल करने वाले राजनीतिक दल को समर्थन की घोषणा हुई। इसके अलावा आरक्षण की मांग को लेकर किए जाने वाले आंदोलन का विस्तार दूसरे प्रांत तक करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम में समाज के हर परिवार से बच्चों को शिक्षित बनाने, एकजुटता, दो से अधिक संतान नहीं होने और बाल विवाह समेत अन्य समाजिक कुरीति को दूर करने के लिए प्रबुद्धजन को आगे आने का आह्वान किया गया। महासम्मेलन में सर्वसम्मति से राष्ट्रपति, प्रधानमत्री समेत सभी राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने और लोकसभा चुनाव के बाद आंदोलन की रूपरेखा तय करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के दौरान साधु शरण गोप को क्रांतिवीर की उपाधि से नवाजा गया और पांच साल तक के लिए संगठन का अध्यक्ष चुना गया।

# स्पिकमैके ने सरला बिरला स्कूल में प्रस्तुत किया छऊ नृत्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


सरला बिरला पब्लिक स्कूल में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्पिकमैके सोसायटी द्वारा आयोजित छऊ नृत्य की प्रस्तुति हुई। स्कूल के छात्रों को तारापद रजक और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य का बेहद आकर्षक प्रदर्शन देखने का सुनहरा अवसर मिला। कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित तारापद रजक और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत नृत्य मनमोहक था। छात्रों को उत्कृष्ट लोक नृत्य शैली छऊ के बारे में बताया गया और उनके द्वारा कुछ उत्कृष्ट नृत्य स्टेप भी सिखाए गए। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को राज्य की सांस्कृतिक विरासत के बारे में याद दिलाया और ऐसे नृत्य रूपों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**बाजार में चलने वाले नये-पुराने खराब नोटों का बनाया है ऐलबम**

# विभूति के पास है हजारों साल पुराने सिक्के

**अमित कुमार। रांची**

हजारो साल पुराने सिक्के तथा खराब छपे हुए नोटों का संकलन करने के लिए विशेष नजरिया और एकाग्रता की जरुरत होती है। कुछ ऐसा ही डॉ. विभूति भूषण रॉय ने किया है। उनहें इस काम की प्रेरणा विरासत में मिली है। अपने इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक कदम आगे जा कर काम किया है। उन्होंने तो आरबीआई द्वारा जारी कटे फटे और छपाई की कमी व खराब छपी नोटों व सिक्को का ही संकलन कर लिया है। वे इन सभी नोटों व सिक्को का पूरा संग्रह अपने एलबम में सजा रखा है। इस पर उन्होने अपने जीवन के 40 साल समर्पित किये हैं। 1935 में छपी बिटिश कालीन एक रुपये का नोट है, जिसके पीछे की छपाई अधूरी है। वहीं दूसरी और एक रुपये से 2000 रुपये के छपे नोटों पर महात्मा गांधी कब-कब और किस रुप में हैं उसे बारीकी से दिखाया



है। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के समय तक तथा इसके बाद के टूटे व अधूरे कटे हुए सिक्के पांच पैसा, दस पैसा, 20 पैसा, 25 पैसा, 50 पैसा, एक का सिक्का तथा पांच रुपये तक के सिक्के शामिल हैं। इसके अलावे पौराणिक काल सहित विभिन्न राजवंशो वाले प्रचलित सिक्के का संकलन है।

**मुगल काल के राम दरबार वाले सिक्के :** 17 वी शताब्दी के सम्राट अकबर के समय के तीन सिक्के हैं, जिस पर राम दरबार वाले सिक्के भी शामिल हैं। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद यह काफी सुनने को मिला है, जिसमे सीता राम तथा लक्ष्मण कि आकृति उकेरी हुई है। वहां भगवान राम अपने धनुष के साथ दिखाये पड़ रहें हैं। इस सिक्का के पीछे अरबी भाषा में अंक को अंकित किया गया है। इसके साथ ही उस समय के कई सोने के सिक्के जो लॉकेट के रुप में हैं।

**आना :** बिटिश से पूर्व में आना का प्रचलन रहा था। यह तांबे का होता जिसके बीच में छेद किया होता है। इस समय के दर्जनो सिक्के मौजूद हैं।

**गिन्नी :** बिटिश काल में प्रचलित कई गिन्नी का भी संकलन है। यह सोने का होता है। इसके अलावा अन्य कई सोने के सिक्के हैं।

**बुलियन :** अरब समय के मिक्स धातु के सिक्के बुलियन के भी कई संकलन हैं। इसमें 1100 ईवी के सुल्तान गजनी के सिक्के, 1350 ईवी के फिरोज शाह तुगलक के सिक्के शामिल हैं।

**बांगाल के पाल राजवंशो के सिक्के :**उस वक्त के कई सिक्के का संग्रहण है, जो मिश्रीत धातु से बना है। इस पर बंगला भाषा में कुछ लिखा हुआ है। साथ ही दूसरी और मां काली का चित्र उकेरा हुआ है।

**डॉ विभूति भूषण रॉय :** पिछले 40 सालो से वैसे नोट जो खराब प्रिंटिंग के बावजूद प्रचलन में रहे हैं इसके साथ ही महात्मा गांधी कब -कब नोटो पर रहे हैं उसका संग्रहण करते रहा हूं। इसके अलाव जहां कहीं भी नोट व पुराने सिक्को की प्रदर्शनी लगती थी वहां से आम लोग इसे बेचने आते थे।

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की रैली 25 फरवरी को रांची में



**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की एक बैठक प्रदेश कार्यालय डोरंडा में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी ने की। बैठक में आगामी 25 फरवरी को रांची में आयोजित होने वाली वैश्य रैली की तैयारी पर चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिय गया कि रैली की सफलता के लिए पूरे प्रदेश में सभी उपजातियां से संपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश द्वारा गठित टीम सभी जिलों का दौरा करेगी। अपने हक और अधिकार के लिए झारखंड के सभी 54 उपजातियां को इकट्ठा करना रैली का उद्देश्य है।

## चित्रांश परिवार मिलन समारोह में एकजुटता पर दिया गया जोर



**रांची।** श्री चित्रगुप्त पूजा समिति डोरंडा की ओर से चित्रांश परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। श्यामली कॉलोनी स्थित मेकॉन नर्सरी पार्क में कार्यक्रम में कायस्थ समाज सैकड़ों लोग शामिल हुए। पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्ण नंदन सिन्हा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुई। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों को सम्मानित कर उन्हें समाज को एकजुट करने में अग्रणी भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई।

## श्रीकृष्ण परिषद का मिलन सह वनभोज कार्यक्रम



**रांची।** जगन्नाथपुर मंदिर परिसर के समीप श्रीकृष्ण विकास परिषद की ओर से प्रांतीय यादव समाज मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने किया। मौके पर कैलाश यादव ने कहा कि यदुवंशियों का इतिहास श्रृष्टि से जुड़ा हुआ है। लोक परलोक में यादवों के इष्टदेव यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण ने जनकल्याण के कर्म प्रधानता को आगे कर सामाजिक न्याय के लिए एवं अधर्म के खिलाफ अनंत कार्य किए हैं। यदुवंशी गोरक्षक प्रभु श्रीकृष्ण के वंशज हैं।

## श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति ने किया अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का 133 वें भंडारा का वितरण रविवार को किया गया। भंडारे का वितरण श्री कृष्ण महिला समिति की सदस्या एवं उनके परिवार के सौजन्य से हुआ। पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं प्रमोद सारस्वत की देखरेख में वितरण किया गया। वितरण में संतोष देवी अग्रवाल, कुमार के द्वारा जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों के बीच भंडारे का वितरण किया गया।

## झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय सचिव बने कुर्बान अली

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी की बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के संगठन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रमंडलीय अध्यक्ष रामानुज शर्मा, प्रमंडलीय सचिव कुर्बान अली, उपाध्यक्ष ज्योति कंडुलना, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, प्रमंडलीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनौवर हुसैन, अरुण सिन्हा, दाशिन अब्दुल्ला, महावीर मिश्र और सुनिला रोजी बाखला का मनोनयन किया गया है। इससे पूर्व कुर्बान अली ने रांची जिला में संघ के उप संयोजक और प्रमंडलीय संयोजक के पद पर संघ के दायित्व को निभाया। इस अवसर संघ के महासचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने नवनियुक्त प्रमंडलीय कार्यकारणी टीम को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल सभी जिलों में शिक्षक,कर्मी और विद्यालय हित में संघ के विस्तार पर जोर दिया।



## सरना समाज ने हातमा में की हड़गड़ी मसना पूजा

**रांची।** हातमा मौजा अंतर्गत हड़गड़ी मसना पूजा में सरना समाज के लोगों ने पूजा किया। रविवार को दोपहर सरना टोली, करम टोली, नगड़ा टोली, अहिर टोली, सरईटांड़, पोखर टोली, हातमा टंगरा टोली और करम कोचा के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण ढोल नगाड़ा और शहनाई के साथ पहुंचे। सभी अपने पूर्वजों के नाम से सफेद झंडा लेकर जुलूस के शक्ल में हड़गड़ी मसना स्थल पहुंचे। लोगों ने हड़गड़ी स्थल में विधि पूर्वक पूजा कर अपने पूर्वजों को याद किया। प्राथर्ना किया कि पूर्वज जहां कहीं भी, जिस रूप में भी हो वह सुख शांति से रहे। सदा उनकी आशीर्वाद हम सभी पर बनी रहे। पूर्वज की आत्मा की शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखा। पूजा में जगलाल पाहन, सुरेश पाहन, दीपक पाहन, निर्मल पाहन, रमेश टोप्पो, शुकर मुंडा, विनोद उरांव, राजू उरांव, मुन्ना हेमरोम, आनंद हेमरोम, शुकरा पाहन, चंदन पाहन, नान्हू मुंडा, हरि उरांव, कुलदीप हेमरोम, बंगाल मुंडा, शंकर रुन्डा, कंचन हेमरोम, सुमन पाहन, केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# नीतीश के राजद से अलग होने का अंदाजा पहले से ही था : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे पर रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बिहार की राजनीति में इस तरह के घटनाक्रम का अनुमान पहले से ही था। मुझे आश्चर्य है कि नीतीश कुमार जैसे अनुभवी और ईमानदार नेता उनके (महागठबंधन) के साथ इतने लंबे समय तक कैसे टिके रहे। मरांडी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि व्यक्ति का स्वभाव और हस्ताक्षर कभी नहीं बदलता और इसका एहसास नीतीश कुमार को इतने लंबे समय बाद हुआ। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद दोनों एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। एक भ्रष्टाचार का पर्याय है और नीतीश जी देश के उन चुनिंदा नेताओं में से एक हैं जो अपनी ईमानदारी के लिए पहचाने जाते हैं। वह न तो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और न ही वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने में विश्वास रखते हैं। इसके विपरीत, लालू प्रसाद भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में गले तक डूबे हुए हैं। नीतीश के बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह भाजपा के साथ फिर से जुड़ने के बजाय मरना पसंद करेंगे, इसको लेकर मरांडी ने कहा कि भावना में बहकर इस तरह के बयान देना आम बात है लेकिन नीतीश कुमार का ऐसा मतलब कभी नहीं था। भाजपा पर जदयू को विभाजित करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए कुमार वर्ष 2022 में महागठबंधन में शामिल हो गये थे। उन्होंने बहुदलीय गठबंधन के साथ नयी सरकार बनाई, जिसमें राजद, कांग्रेस और तीन वामपंथी दल शामिल थे।

### झामुमो के आक्रोश प्रदर्शन पर भाजपा का हमला

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ झामुमो के आक्रोश प्रदर्शनों पर कहा कि हाल के दिनों में झामुमो के कार्यकर्ता ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री को समन दिए जाने के खिलाफ हरवे, हथियार के साथ आक्रोश प्रदर्शन कर रहे हैं। यह तो वही बात हुई कि एक तो गलती करना, ऊपर से रौब झाड़ना। ऐसे भी केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन पूरे तरीके से गैरकानूनी है और पुलिस को अविलंब कड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करना चाहिए। प्रतुल ने कहा कि अब सरकार के इशारे पर सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता जांच में अवरोध पैदा कर रहे हैं। सरकार के कार्यकाल में 70 हजार करोड़ का घपला-घोटाला हुआ है।

## एनडीए सरकार में बिहार और प्रगति करेगा : खीरू महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री और भाजपा से सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रदेश जदयू नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो उनके शपथ ग्रहण में शामिल हुए और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार और प्रगति करेगा। जदयू नेता मधुकर सिंह, आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह, रेणु पन्निकर, डॉ विनय भरत, बैद्यनाथ पासवान, मनोज सिन्हा, आशा शर्मा, रत्ना शर्मा, महेश्वर चौधरी, दिलीप महतो सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी है।

## सीएम 31 की जगह अब एक फरवरी को जाएंगे गिरिडीह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मुख्यमंत्री का गिरिडीह दौरा एक दिन के लिए टल गया है। अब मुख्यमंत्री 31 जनवरी 2024 की जगह एक फरवरी को गिरिडीह आएंगे। यह जानकारी गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने दी है हालांकि सीएम के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। गिरिडीह में अबुआ आवास योजना का शुभारंभ एवं स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अब यह कार्यक्रम 31 जनवरी की जगह 01 फरवरी को आयोजित होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरिडीह जिला परिभ्रमण कार्यक्रम भी बदल गया है। मुख्यमंत्री एक फरवरी को गिरिडीह पहुंचेंगे और इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने दी है। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में फेरबदल को देखते हुए अबुआ आवास योजना के शुभारंभ एवं स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम 01 फरवरी को किया जाएगा। बता दें कि इस कार्यक्रम की तैयारी जिला प्रशासन जोरशोर से कर रहा है। इसे लेकर जिला के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा ने पदाधिकारियों संग महत्वपूर्ण बैठक भी की। सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर आठ समिति बनायी गई है। जिन समितियों का गठन किया गया है उनमें प्रोटोकॉल/स्वागत समिति, लाभुक प्रबंधन समिति, सभा मैदान प्रबंधन समिति, परिसदन भवन प्रबंधन समिति, भोजन प्रबंधन समिति, ट्रैफिक एवं रूट प्रबंधन समिति, जनसंपर्क एवं आईटी समिति शामिल हैं।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण

### 30 जनवरी से झारखंड दौरे पर आएंगी अलका लांबा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा संभवतः 02 फरवरी को झारखंड में प्रवेश करेगी। इसे देखते हुए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पर्यवेक्षक प्रतिभा रघुवंशी ने झारखंड में न्याय यात्रा को लेकर अब तक की गई तैयारियों का जायजा लिया। रांची पहुंची प्रतिभा रघुवंशी ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उनके नेता राहुल गांधी न्याय के अधिकार के लिए सामने आये हैं. उन्होंने कहा कि मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 02 फरवरी को झारखंड में प्रवेश कर रही है। प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार की वादाखिलाफी और देशवासियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था।

उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने की बात की थी, महंगाई पर काबू पाने की बात की थी, महिलाओं को आत्मसम्मान देने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज सारे वादे महज जुमले बनकर रह गये हैं। न्याय के हैं पांच स्तंभ : प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से न्याय के पांच स्तंभों का जिक्र किया है। युवाओं को न्याय, समान प्रतिनिधित्व, महिलाओं को न्याय, किसानों को न्याय और मजदूरों को न्याय भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच स्तंभ हैं. प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी पांचों स्तंभों पर संघर्ष के रास्ते पर चलकर झारखंड में न्याय दिलाने का काम करेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पर्यवेक्षक प्रतिभा रघुवंशी ने बताया कि झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की ऐतिहासिक सफलता को लेकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा 30 जनवरी को झारखंड आ रही हैं। अलका लांबा का झारखंड दौरा तीन दिनों का होगा। वह लोकसभा चुनाव की तैयारियों और पार्टी की रणनीति को लेकर महिला कांग्रेस की बैठक लेंगी।

31 जनवरी को प्रदेश महिला कांग्रेस की होगी बैठक 31 जनवरी को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक अलका लांबा की मौजूदगी में पुराने विधानसभा सभागार में होगी। 01 फरवरी को अलका लांबा लोहरदगा और रामगढ़ में आयोजित महिला कांग्रेस मैत्री सम्मेलन में भाग लेंगी।

प्रतिभा रघुवंशी के प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, सुंदरी तिर्की, पिंकी सिंह, नीतू देवी, नीलम सहाय मौजूद थीं।

## दो मानव तस्कर गिरफ्तार, 14 नाबालिग सहित 19 को कराया मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों को भेजा जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली एवं साहिबगंज पुलिस द्वारा दो मानव तस्करों को पकड़ा गया। उनके घर से बरामद दस्तावेज के आधार पर 19 लड़कियों को मुक्त कराया गया। उनमें 12 से 15 साल के बीच की 14 बच्चियां एवं पांच लड़कियां 18 वर्ष से ज्यादा की है। सभी साहिबगंज के बोरियो प्रखंड की निवासी हैं। इन्हें नई दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से अभियान चलाकर मुक्त कराया गया। इस कार्य में झारखंड पुलिस को झारखंड भवन और दो स्थानीय एनजीओ मिशन मुक्ति फाउंडेशन के वीरेंद्र कुमार एवं रेस्क्यू फाउंडेशन के अक्षय पांडे ने मदद की।एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि उन्हें झारखंड के बोरियो पुलिस द्वारा यह सूचना दी गई थी कि एक मानव तस्कर कई लड़कियों को बहला फुसलाकर

**महिला एवं बाल विकास विभाग और झारखंड पुलिस को बड़ी कामयाबी**



दिल्ली लाया है। सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क कर दो मानव तस्करों को पकड़ा गया। तस्करों के घर पर ही एक बच्ची मिली, जिसे वह दिल्ली लाया था। मानव तस्करों के मिलते ही साहेबगंज के एसपी कुमार गौरव को सूचना दी गई। राजेश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली गयी बोरियो पुलिस ने मानव तस्करों के घर से मिले दस्तावेज के आधार पर दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी कर लड़कियों को मुक्त कराया। सभी को दिल्ली के विभिन्न सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया गया एवं वैधानिक कार्रवाही के बाद उन्हें झारखंड महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वापस उनके घरों में पुनर्वासित किया जाएगा। ज्ञात हो कि एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र झारखंड भवन, नई दिल्ली का एक अभिन्न अंग है, जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित किया जाता है। सारी कार्यवाही झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा के निर्देश पर की गई।

एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र के राहुल सिंह एवं निर्मला खालको द्वारा बताया गया कि टोल फ्री नंबर 10582 नंबर के माध्यम से भी झारखंड की तस्करी के शिकार बच्चों-बच्चियों की सूचना प्राप्त होती है।

### पूर्व विधायक चंद्रिका महथा के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जमुआ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चंद्रिका महथा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने स्व चंद्रिका महथा की आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ईश्वर स्व महथा के परिजनों को दुख की घड़ी में धैर्य और साहस प्रदान करें।



## बदलते भारत का मासिक रिपोर्ट है पीएम के मन की बात : मरांडी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश में सामूहिक शक्ति का हुआ जागरण : कर्मवीर सिंह**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109 वां संस्करण को रविवार को भाजपा कार्यकताओं व आम जनता के द्वारा बूथ स्तर पर सुना गया। भाजपा के सभी प्रदेश, जिला,मंडल, शक्ति केंद्र एवम बूथ के पदाधिकारियों सहित हजारों कार्यकताओं ने अपने अपने बूथों पर कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने चुटिया में बूथ संख्या 53को मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, जिला महामंत्री वरुण साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश बदल रहा है,देश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में भारत के इस बदलाव की, प्रगति की, बढ़ते कदमों की चर्चा रहती है।



प्रधानमंत्री देश की जनता के पास प्रत्येक माह एक प्रगति रिपोर्ट रखते है जिसमे बढ़ते भारत ,बदलते भारत की स्पष्ट छवि दिखती है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात में सबका साथ, सबका विकास की झलक दिखती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सामूहिक शक्ति का पुनर्जागरण हुआ है। आजाद भारत में कई सामाजिक बदलाव को सामूहिक शक्ति के कारण सफल किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल भारत, कोविड से लड़ाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य भारत ने मोदी जी के नेतृत्व में सामूहिक शक्ति के जागरण से पूर्ण हुए।

### यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री गर्वनमेंट समिट 2024 में बोले राज्यपाल

# विवि, उद्योग और सरकार के साझा प्रयास से देश का विकास संभव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के साझा प्रयास से देश का विकास संभव है। वर्तमान समय की जरूरत एवं तदनुसार उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न विषयों को विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करना होगा। साथ ही सरकार को भी इसके अनुरूप माइक्रो लेवल पर नीति-निर्धारण करना पड़ेगा। इस प्रकार के साझा प्रयास एवं नीति-निर्धारण से ही हम विकसित देशों की श्रेणी में पहुंच सकते हैं और विकसित भारत-2047 के सपनों को साकार कर सकते हैं। राज्यपाल रविवार को रांची के नामकुम में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं एमिटी विश्वविद्यालय में संयुक्त रूप से आयोजित 'यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री गर्वनमेंट (यूआईजी) समिट 2024' को संबोधित कर रहे थे।

- इसके अनुरूप माइक्रो लेवल पर नीति-निर्धारण करना पड़ेगा
- नवाचार और रचनात्मकता का वातावरण हो हमारे शिक्षण संस्थानों में




राज्यपाल ने कहा कि विकास के लिए यह आवश्यक है कि सैद्धांतिक शिक्षा को प्रायोगिक रूप से धरातल पर उतारा जाय। नवाचार (इनोवेशन) और रचनात्मकता का वातावरण हमारे शिक्षण संस्थानों एवं औद्योगिक संस्थानों में हो। इसको बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीतियां भी कारगर हो।

**नित्य-नई तकनीक को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता :** ऐसे वातावरण के विकसित होने से और प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और विद्यार्थियों में निहित प्रतिभाएं सामने आयेगी। इन प्रतिभाओं के सामने आने से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। पुरानी तकनीक को पुनर्भाषित करते हुए नित्य-नई तकनीक को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इसमें असफलता भी आयेगी लेकिन इससे घबराना नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के विकास में नई शिक्षा नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आज का यह समिट समावेशी विकास के लिए युवाओं को प्रेरित करेगा। वे आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ पारम्परिक ज्ञान एवं तकनीक को बढ़ावा देकर संगठित उद्योग के रूप में विकसित करेंगे। विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब झारखंड विकसित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस प्रतिबद्धता में सभी को अपना योगदान देने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य सरकार मछुआरों को सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना के दायरे में लाएगी



**रांची।** राज्य सरकार ने मछुआरों को सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ देने की योजना तय की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इस बीमा का कवरेज प्रदान किया जाना है। इस योजना का लाभ दिए जाने को मत्स्य निदेशालय, झारखंड ने सूचना भी जारी की है। इसके मुताबिक इस योजना में 18-70 वर्ष आयु वर्ग के सभी मछुआरों को कवर किया जाना है। ऐसे मछुआरे जो किसी भी निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति या मत्स्यजीवी स्वावलम्बी समिति के सदस्य हों, उन्हें लाभ दिया जाना है। जिला स्तर, प्रमंडल या राज्य स्तर पर मत्स्य विभाग से संबद्ध मत्स्य कृषक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य बीज उत्पादक, मत्स्य श्रमिक, मछली पकड़ने वाले, केज मत्स्य मित्र, मत्स्य मित्र या मत्स्य पालन से संबद्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को भी इसका लाभ दिया जाएगा। मत्स्य निदेशालय के मुताबिक बीमित मछुआरों की मृत्यु पर बीमा कंपनी की ओर से पांच लाख रुपये का भुगतान परिजन को किया जाएगा। स्थायी पूर्ण अपंगता की स्थिति में भी इसका लाभ मिलेगा। स्थायी आंशिक अपंगता पर बीमित को 2.50 लाख रुपये का भुगतान का प्रावधान है। इसके अलावा अस्पताल में एडमिट होने के केस में 25 हजार रुपये तक खर्च का लाभ भी मिलेगा। इस बीमा योजना के लिए किसी तरह का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। योजना का लाभ लेने को अपना नाम, पता, आधार नंबर, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर, पैन नंबर, बैंक खाता सहित अन्य विवरण निर्धारित फॉर्मेट में भरना होगा। इसके बाद इसे अपने जिले के जिला मत्स्य कार्यालय में जल्द जमा करना होगा।

### राजद प्रवक्ता ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर साधा निशान

**रांची।** राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशान साधा है। उन्होंने कहा कि गिरगिट भी पलटू राम नीतीश के रंग बदलने से शरमा जाय। कुमार रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जदयू का चाल चरित्र उजागर हो गया। उन्होंने भाजपा भी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा जैसे अवसरवादी पार्टी इस दुनिया में कहीं नहीं है। सत्ता के लालच में भाजपा कुछ भी करने से बाज नहीं आएगी। कल तक जंगल राज की राग अलापने वाले आज नीतीश के पलटी मारने से नीतीश भी पाक और पवित्र हो गए। भाजपा की कोई नैतिकता नहीं बची, भाजपा अंग्रेजों वाली नीति अपनाई है फूट डालों और राज करो। पलटू राम को तो पूरी दुनिया जान चुकी है कि पलटू राम पद पाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

### फर्जी कागजात के आधार पर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र निर्गत करने का आरोप, जांच की मांग

**रांची।** फर्जी कागजात के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी रांची के कार्यालय से स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र निर्गत करने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। यह आरोप झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने लगाया है। तिवारी ने कहा कि रांची होमगार्ड बहाली के दौरान बड़े पैमाने पर झारखंड राज्य से बाहर के रहने वाले लोग फर्जी कागजात के आधार पर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनाकर होमगार्ड में चयनित हो गए हैं और वर्तमान में हजारीबाग में प्रशिक्षण में गए हुए हैं। उन्होंने ने कहा कि रांची जिला का होमगार्ड जवान गणेश शर्मा फर्जी आवासीय बनवाने का मास्टरमाइंड है। यदि मेरा दावा गलत साबित हो तो जिला प्रशासन उन पर कानूनी कार्रवाई कर सकता है। वार्ड पार्षद 43 की शशि सिंह के आवर से प्रमाण पत्र जारी करते हुए कहा गया है कि रविशंकर पारदर्शी के और से स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनाने के दौरान जिस लेटर पैड का इस्तेमाल किया गया है उस लेटर पैड पर उनका हस्ताक्षर और मोहर नहीं है। उनका फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का गलत इस्तेमाल किया गया है। तिवारी ने कहा कि आवासीय प्रमाण पत्र बनाने के दौरान जो जमीन का कागजात और आधार कार्ड लगाया गया है, वह भी फर्जी है। तिवारी ने कहा कि करीब 40 से 50 लोग शहरी क्षेत्र में फर्जी आवासीय बनाकर रांची होमगार्ड में चयनित हो गए हैं। उन्होंने ने कहा कि जिस तरह से फर्जी कागजात के आधार पर स्थानीय प्रमाण पत्र अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय रांची के ओर से निर्गत किया गया है इस प्रकार तो कोई विदेशी भी स्थानी निवासी प्रमाण पत्र बनाकर कोई बड़ी घटना कर सकता है। उन्होंने झारखंड सरकार होमगार्ड डीजी, अनुमंडल पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक रांची से मांग किया है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मेरा आरोप गलत साबित हो तो मुझ पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

### केंद्र सरकार मजदूरों के जीवन यापन में कर रही है हमला : सीटू




**रांची।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) का रांची जिला सम्मेलन बासुदेव आचार्या नगर, निवारणपुर में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत झंडोतोलन एवं शहीद वेदी पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसमें कोयला, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, मेकॉन, सीआईपी, एचईसी, हाईवे, बैंक, कॉपरेटिव, गिग वर्कर, ट्रांसपोर्ट, सुरक्षा गार्ड और इंडाल के कामगार उपस्थित हुए। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए आरपी सिंह ने बताया कि यह सम्मेलन मजदूर वर्ग के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा कामगार वर्ग के जीवन यापन पर हमले से आम जीवन त्रस्त है। एक तरफ बड़े कॉरपोरेट के पक्ष में निजीकरण हो रहा है। दूसरी तरफ संविदा, ठेका, आऊटसोर्सिंग, गिग वर्क का हमला मजदूर वर्ग के ऊपर हो रहा है। भवन सिंह ने एचईसी में 20 महीने से जारी आंदोलन पर प्रकाश डाला। रांची के मजदूर आंदोलन से अपील किया कि हम जनपक्षीय वैकल्पिक नीतियों को विभिन्न सेक्टर के मजदूरों में ले जाएं। कोयला क्षेत्र और एचईसी में 16 फरवरी की हड़ताल का प्रस्ताव सम्मेलन ने पास किया गया। सीटू झारखंड के महासचिव विश्वजीत देब ने समापन करते हुए बताया कि किसान और मजदूर के लिए इस सरकार में नीति बनवाना अब संभव नहीं है। इसके लिए नीति बनाने वाले को ही बदलना होगा। 16 फरवरी को किसान मजदूरों के संयुक्त मोर्चा द्वारा देशव्यापी ग्रामीण बंद एवं उद्योगवार हड़ताल, जन कार्रवाई को रांची जिला में सफल करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। सम्मेलन ने 31 सदस्यीय जिला समिति का चुनाव किया गया। जिसमें राजेंद्र राम अध्यक्ष, रनदीप भंजो कोषाध्यक्ष, समीर विश्वास संयुक्त जिला सचिव और प्रतीक मिश्रा जिला सचिव चुने गए।

## एक नजर

### भाजपा मंडल की बैठक संपन्न

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी कटकमदाग मंडल की महत्वपूर्ण बैठक कटकमदाग पंचायत भवन पुराना थाना में संपन्न हो गयी। जिसमें मंडल के पदाधिकारी गण, पूर्व मंडल अध्यक्ष, विधायक, सांसद प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, भारतीय जनता पार्टी से संदर्भित सभी मुखिया, सभी पंचायत समिति सदस्य, उप प्रमुख, मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी गण को आमंत्रित किया गया है। आप लोगों से विनम्र आग्रह होगा समय पर आने का कष्ट करेंगे।

### ईडी सम्मन के खिलाफ झामुमो ने निकाला मशाल जुलूस

**हजारीबाग।** झारखंड के मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के खिलाफ किए जा रहे केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्रवाई को लेकर हजारीबाग में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के द्वारा केंद्रीय सचिव सह जिला संयोजक मंडली मुख्य सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए मशाल जुलूस निकाला गया। यह मशाल जुलूस झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय हीरा बाग चौक से शुरू होकर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, इंद्रपुरी चौक, पैगोडा चौक होकर झंडा चौक पर विशाल जनसभा के रूप में तब्दील हो गया जहां पर हेमंत सोरेन के समर्थन और ईडी के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि ईडी के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलनरत होकर आवाज बुलंद करने का काम कर रही है क्योंकि बेवजह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बदनाम करने की साजिश के तहत प्रवर्तन निदेशालय काम कर रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करती है झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड का चहुंमुखी विकास किया है और जनकल्याणकारी योजनाओं की बयार सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम पायदान तक के व्यक्ति तक पहुंचाई गई है जिससे हेमंत सोरेन की और झारखंड मुक्ति मोर्चा की लोकप्रियता बढ़ी है।

### एक छत के नीचे लोगों को मिलेगा सारा सामान : विधायक

**रामगढ़।** छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित श्रेयसी विजनेश एवं मार्केटिंग मेला बाजार का उद्घाटन स्थानीय विधायक सुनिता चौधरी ने दीप जलाकर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक ही छत के नीचे लोगों को कम कीमत में जरूरत का सारा सामान मिलेगा। उन्होंने शहरवासियों से आग्रह किया है कि मेला बाजार में पहुंचे और कम कीमत में वस्तुएं प्राप्त करें। मेला के संयोजक मुकेश कुमार ने बताया कि मेला 6 फरवरी तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से लेकर रात 9 बजे तक मेला चलेगा। मेला में भारतवर्ष के प्रत्येक राज्यों से लगभग 1000 शिल्पकला का प्रदर्शन एवं विक्रय होगा। मेला में बच्चों एवं उनके अभिभावकों के मनोरंजन के लिए झूला आदि लगाया गया है।

सात परीक्षा केंद्रों पर जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

# सुरक्षा और पारदर्शिता की दृष्टि से केंद्रों पर लगाए गए थे जैमर




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से झारखंड कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल की परीक्षा बरही में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. एसडीओ पूनम कुजूर ने बताया कि इसके लिए बरही में रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय, बरही इंटर महाविद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही, आदर्श मध्य विद्यालय बरही और डीएवी पब्लिक स्कूल सहित पांच तथा पद्मा के दो विद्यालय सहित कुल सात स्थानों पर परीक्षा केंद्र बनाए गए थे. परीक्षा को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पूरी चुस्त दुरुस्त थी. किसी भी प्रकार के चीटिंग से बचने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों को जैमर से जोड़ा गया था. सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर सशस्त्र पुलिस के जवान तैनात किए गए थे. परीक्षा देने के लिए चतरा, धनबाद, बोकारो, रांची, जमशेदपुर आदि स्थानों एक हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देने आए थे. परीक्षा तीन सीटिंग में होने के कारण परीक्षार्थी सहित विक्षक भी थके से नजर आ रहे थे. आयोग की इस व्यवस्था को कुछ लोग बेहतर तो कई अनुचित बता रहे थे. सबसे ज्यादा परेशानी दूर से आने वाले परीक्षार्थियों के साथ देखने को मिला. जिन्हे प्रातः सात बजे के रिपोर्टिंग के कारण एक दिन पहले ही आना पड़ा था.

किसान समृद्धि मेले का आयोजन

# सांसद विधायक हुए शामिल हुए




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा के प्रांगण में नाबार्ड ने किसान समृद्धि मेला का आयोजन किया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा व विशिष्ट तिथि विधायक उमाशंकर अकेला यादव शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन नाबार्ड डीडीएम पीके सिंह ने किया. कार्यक्रम में नाबार्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित आईएआरआई के उपनिदेशक वीएन पांडेय, संस्थान के कई कृषि सहित स्थानीय कृषक मौजूद थे. मौके पर नाबार्ड ने ज्वार, मक्का, रावी आदि के कई स्टॉल लगाए थे. जहां उपस्थित लोगों ने खरीददारी भी किया. मुख्य अतिथि ने किसानों के लिए केंद्र सरकार के संचालित योजनाओं की चर्चा करते हुए किसानों को इसका लाभ लेने की बात कही. साथ ही भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों से हर संभव मौसमवार उचित सलाह लेने की बात कही. विधायक अकेला ने भी राज्य सरकार की योजनाओं को बताया साथ ही केसीसी का अधिकाधिक लाभ लेकर उन्नत खेती कर आत्मनिर्भर बनाने की बात कही. कार्यक्रम में बीटीएम राकेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

# भाजपाईयों ने सुनी मन की बात




**पीएम ने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय तथा फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके देश के लिए दिये योगदान को याद किया**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** मन की बात कार्यक्रम जो प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11:00 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारित होती है उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं तथा देश के विकास के बारे में जानकारी देते हैं। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के वार्ड नंबर 06 के प्रखंड मुख्यालय मध्य विद्यालय के समीप रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 109 वीं कड़ी को सुबह 11:00 बजे वार्ड अध्यक्ष अरविन्द सिंह के नेतृत्व में सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि मन की बात कार्यक्रम द्वारा हमारे प्रधानमंत्री दिन प्रतिदिन के शासन के मुद्दों पर नागरिकों के साथ संवाद करते है। मन की बात कार्यक्रम में आज जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का विशेष चर्चा करते हुए कहा कि 22 जनवरी को रामोत्सव ने करोड़ों भारतीयों को एकसुत्र में पिरोया तथा रामदीपक प्रज्ज्वलित कर दीपावली मनाई, वहीं स्वछता के प्रति उनके अभियान में जनभागीदारी द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लेने पर हर्ष व्यक्त किया। 75 वें गणतंत्र दिवस पर चर्चा करते हुए उन्होंने महिला शक्ति के प्रदर्शन का विशेष जिक्र किया। उन्होंने पद्म सम्मान , अर्जुन अवॉर्ड, खेल में नये नये आयाम स्थापित करने तथा विश्व पटल पर भारतीय खिलाड़ियों के बढ़ते प्रभाव, आयुष चिकित्सा पद्धति, बढ़ते मतदान को भारत में लोकतंत्र के मजबूत होने का भी जिक्र किया। उन्होंने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय तथा फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके देश के लिए दिये योगदान को याद किया। 29 जनवरी को सुबह 11:00 बजे आयोजित कार्यक्रम परीक्षा में चर्चा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भाग लेने की अपील की । सामुहिकता की यही शक्ति हमारे देश को नयी उंचाई पर पहुंचाया है। मौके पर नगर मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार शर्मा, किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरजीत सिंह छाबड़ा, आकाश कुमार सहित वार्ड नंबर 06 के सभी बुथ अध्यक्ष मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए।

# छः दिवसीय पियर एजुकेटर प्रशिक्षण प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** चेचकपी पंचायत भवन में पियर एजुकेटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। विदित हो यह प्रशिक्षण 27 जनवरी से लेकर 1 फरवरी तक किया जायेगा। छः दिवसीय पियर एजुकेटर प्रशिक्षण पंचायत भवन चेचकपी में प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव, सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार मेहता, रामचंद्र प्रसाद ,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, एएनएम जयंती कुमारी, सहिया साथी पूनम देवी आदि की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं प्रशिक्षण बीटीटी प्रकाश पंडित एवं नरोत्तम कुमार की देख रेख में आयोजित की गई । कार्यक्रम उद्घाटन के बाद प्रधानाध्यापक ने संबोधन में सभी बच्चों को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के बारे में कहा कि हमारे स्कूलों में भी सप्ताह में एक बार स्वास्थ्य के प्रति बच्चों के बीच बैठक की जाती है इसके लिए हमारे शिक्षक एंबेसडर हैं और बच्चे मैसेंजर हैं ,जो स्वास्थ्य के प्रति हर सप्ताह में बैठक करते हैं। कहा कि आरकेएसके प्रोग्राम भारत सरकार के द्वारा बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो लोगों को शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराती है। आज जो साथिया का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों के द्वारा दी जा रही है इससे किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

ब्लू प्लानेट स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

# छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम किया पेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बंजारी स्थित ब्लू प्लानेट स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रंजन फौजी उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रंजन फौजी, भारत विकास परिषद अध्यक्ष नीरज पाठक, आचार्य त्रिपाठी जी व मुकुल जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बुके देकर व बैच लगाकर उनका स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि अमित सिन्हा ने कहा की विद्यालय के वार्षिकोत्सव में शामिल होकर विद्यालय और यहां के बच्चों के बारे में जानने का मौका मिला। कहा की विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय में बच्चों के लिए शिक्षा की जो उत्तम व्यवस्था की है वह सराहनीय है। यहां के बच्चे संस्कारवान हैं । कहा की बच्चों ने अपने संस्कार की झलक विद्यालय के वार्षिकोत्सव के दौरान पेश किया।

अझाप्राशि संघ के पदाधिकारियों ने बीईईओ से की मुलाकात

# समस्याओं से कराया अवगत



नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियो ने बीईईओ किशोर कुमार से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। संघ के प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं सचिव राम किशुन महतो के नेतृत्व में शिक्षकों ने अपनी बातो को रखते हुए आपत्ति दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि पीएफएमएस संबंधी समस्या 19 दिसंबर 2023 का कुछ शिक्षकों का वेतन-मानदेय विद्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद काट दिया गया ।वहीं बीईईओ के द्वारा दुख व्यक्त किया गया कि बिना कुछ कार्य किये ही कुछेक विद्यालय द्वारा पीएफएमएस पोर्टल पर बिल अपलोड किया गया जो गलत है। उन्होने शिक्षकों से अपील किया कि नियम संगत कार्य कर बिल अपलोड हर हाल में 15 फरवरी तक कर लें। चूंकि सरवर की समस्या दिन में हमेशा रहती है जिस कारण कार्य करने में दिक्कत होती है। बीईईओ ने समस्याओं के निदान हेतु सबों से अपेक्षित सहयोग करने की बात कही। बीईईओ से मिलने वालो में कैलाश पासवान, मोहम्मद रियाजुद्दीन, सफाउल रहमान, महेश प्रसाद चौधरी, सुधीर मिश्रा, सुकर ठाकुर, लेखापाल चंदन सोनी, एमआईएस आशिफ अली, सीआरपी परमानन्द पांडेय, अनन्त पांडेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

उपायुक्त ने किया विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

# सभी परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन हेतु रविवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कैथा क्षेत्र में संत अन्ना स्कूल, बाजारटांड स्थित राम प्रसाद चंद्रभान विद्यालय, छावनी प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, अग्रसेन डीएवी भरेचनगर, छोटा नागपुर महाविद्यालय, कुजू प्लस टू उच्च विद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि अभी जायजा लिया। गौरतलब है कि झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (जेजीजीएलसीसीई-2023) दिनांक 28. एव 04.02 2024 को तीन पालियों में, प्रथम पाली 8:30 बजे पूर्वाहन से 10: 30 बजे पूर्वाहन तक (पत्र-1 भाषा ज्ञान), द्वितीय पाली 11: 30 बजे पूर्वाहन से 1:30 बजे अपराहन तक (पत्र-2 चिन्हित जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा) एवं तृतीय पाली 3:00 बजे अपराहन से 5:00 बजे अपराह्न तक (पत्र-3 (सामान्य ज्ञान) आयोजित हुई। झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (जेजीजीएलसीसीई- 2023) को स्वच्छ एंव कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने की बात कही।

### प्रारंभ हुए आरएसएस का सेवा सप्ताह, पहले दिन गोष्ठी का आयोजन

**बरही ।** रविवार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही खण्ड का सेवा सप्ताह प्रारंभ हुआ. पहले दिन सामाजिक समरसता गोष्ठी का आयोजन किया गया. जो भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही में संपन्न हुआ. क्षेत्र सहसेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने बताया कि संघ बीते 99 वर्षों से सनातन समाज में हिन्दुत्व एवं समरसता का भाव जागृत कर रहा है. जो समाज के अभीवंचित, पीड़ित, उपेक्षित एवं अभावग्रस्त हिन्दु समाज के बीच शिक्षा , स्वास्थ्य, स्वावलंबन , सामाजिक उत्थान हेतु कटिबद्ध है. इसी उद्देश्य से सेवा सप्ताह प्रारंभ किया गया है. इस गोष्ठी में बरही प्रखंड के संघ के सेवा भारती, विद्या भारती के संस्कार केन्द्र,एकल अभियान एवं सेवा भावी के 16 परिवार व 27 भगिनी-बन्धु उपस्थित हुए. कार्यक्रम में खण्ड कार्यवाह संतोष प्रजापति, सेवा भारती सचिव राहुल केशरी,राजेश केशरी, शीला देवी,प्रिती कुमारी आदि शामिल थे.

# चुनाव संचालन समिति की घोषणा, रेस हुई भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश, रांची के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव संचालन समिति की घोषणा किया गया। हजारीबाग लोकसभा चुनाव संचालन समिति में लोकसभा के संयोजक के रूप में भाजपा हजारीबाग के पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, सांसद प्रतिनिधि सह कोडरमा जिला संगठन प्रभारी टुन्नू गोप की घोषणा से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि टुन्नू गोप कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देते हुए उनकी बातों को समझने वाले व्यक्ति हैं। इनको लोक सभा के संयोजक के रूप में पाकर हम कार्यकताओं मे एक नई ऊर्जा मिली है। हमें पूर्ण विश्वास है की टुनु गोप के सफल संचालन से हम लोकसभा के पांचो विधानसभा में प्रचंड बहुमत के साथ रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर हजारीबाग लोक सभा का परचम पूरे देश में लहराएंगे। कार्यकताओं ने टुन्नू को भरोसा दिलाया कि विगत चुनाव में जो जीत का अंतर 5 लाख के करीब था, उससे भी अधिक मतों से जीत दर्ज किया जाएगा। टुन्नु गोप ने सर्व प्रथम प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,भाजपा संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, सहित हजारीबाग के लोकप्रिय सांसद जयंत सिन्हा को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सबों ने जो मुझ पर विश्वास कर यह दायित्व सौंपा है।

## न्यूज बॉक्स

### 25 लाख रुपए की लागत से पीसीसी पथ निर्माण की विधायक ने रखी आधारशिला




**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा उतरी पंचायत अंतर्गत नयाडीह से शिव मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधायक अमित कुमार यादव ने आधारशिला रखा। विदित हो ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल के जिला अनाबद्ध निधि मद अंतर्गत 24,85000 रुपए की लागत से पथ का निर्माण संवेदक बय अर्थ मोवर्स के द्वारा किया जा रहा है। शिलान्यास समारोह के मौके पर विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास का कार्य हो रहा है। उन्होंने संवेदक से गुणवत्तापूर्ण और समय पर कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर पंसस प्रीति गुप्ता, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, संजय गुप्ता, एडवोकेट संदीप कुमार, रामखेलावन यादव, त्रिवेणी यादव, जगदीश नायक, भोला साव, मिथलेश भारती,जीबलाल साव, विजय यादव, बसंत राम, उमेश कुमार यादव, इंद्रदेव यादव,शिव शंकर यादव, अर्जुन राणा, किशोर साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक ने किया लक्ष्मी वस्त्रालय का उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड़ के पचफेड़ी चौक में मां लक्ष्मी वस्त्रालय एवं रेडिमेड गारमेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा की संचालक अरविंद चौधरी के द्वारा अच्छी क्वालिटी के साथ सस्ते दामों पर रेडिमेड वस्त्र लोगों के लिए उपलब्ध कराया है जो सराहनीय पहल है। लोगों को अब नजदीक में दुकान खुलने से दूर नहीं जाना होगा साथ ही समय की बचत होगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि जुगल राम, पूर्व मुखिया अशोक रविदास, उपमुखिया पंकज चौधरी, वार्ड सदस्य सुरेश चौधरी, संजय चौधरी, दामोदर प्रसाद, छोटी यादव, मनोहर प्रसाद चौधरी, परमानंद चौधरी, दयानंद उर्फ पन्नू चौधरी, मुनिलाल प्रसाद, राजेश चौधरी, सतीश चौधरी, खगेन्द्र प्रजापति, हीरालाल महतो, जयश्री प्रसाद, विरेंद्र रविदास, शम्भू प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ जिला के रेलवे स्टेशन में जनसुविधा उपलब्ध कराने के लिए परामर्श समिति का गठन



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला स्थित रेलवे स्टेशन में अधिक से अधिक जनसुविधा कैसे उपलब्ध होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय रेल मंत्रालय ने भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय कार्यकताओं को लेकर पांच सदस्यीय परामर्श समिति का गठन किया है । बड़कीपोना रेलवे स्टेशन परामर्श समिति में नगर महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव ऋषिकेश सिंह, चितरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर प्रेतनाथ सिंह ,महामंत्री अर्जुन कुमार वर्मा को नामित किया है। सभी नामित सदस्यों ने इस सम्मान के लिए राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। रविवार को बड़कीपोना रेलवे स्टेशन में सभी नामित सदस्यों ने वहां पदस्थापित स्टेशन मास्टर से मुलाकात किया और स्टेशन के व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। सभी नामित सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद जयंत सिन्हा को धन्यवाद देते हुए उनकस आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना आत्मनिर्भर बनाने में करेगी मदद : सुधीर मंगलेश



रामगढ़। दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिकनी पंचायत सचिवालय परिसर में झारखण्ड सरकार के कृषि, सहकारिता तथा पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने लाभुकों के बीच बकरी का वितरण किया। 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अनुदान पर 8 महिला लाभुकों के बीच बकरी का वितरण वितरण किया गया। कहा कि बकरी पालन एक अच्छा मुनाफा वाला व्यवसाय है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना तहत किसानों को आर्थिक रूप आत्मनिर्भर बनाने के लिए बकरी का वितरण किया गया। साथ ही किसानों को सरकारी योजना का लाभ लेने व योजना के माध्यम से आय वृद्धि करने का सुझाव दिया। मौके पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा, सिकनी पंचायत मुखिया मोनिका देवी, रामकुमार महतो आदि उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस हमें देशभक्ति की भावना व राष्ट्र प्रेम का संदेश देता हैं : प्रीतपाल सिंह



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 75 वें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सरदार प्रीतपाल सिंह कालरा और अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। वहीं, बच्चों ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को देशभक्ति का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि प्रीतपाल सिंह कलरा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देशभक्ति की भावना व राष्ट्र प्रेम का संदेश देता हैं। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रांगन में तिरंगी को लहराकर राष्ट्रगान के साथ सलामी दी गई। बालिकाओं ने स्वागत गान गाया। विद्यालय के वाईस चेयरमैन सरदार कुलजीत सिंह कालरा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। बालिकाओं ने देशभक्ति गीत पर अद्भुत नृत्य कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सारा माहौल गूंज उठा ।

## एक नजर

### गांधी मेला के तीसरे दिन उमड़ी जन सैलाब जमकर हुई खरीदारी

**सिमडेगा।** ऐतिहासिक गांधी मेला के तीसरे दिन भी लोगों की भीड़ खूब उमड़ी। रविवार होने की वजह से सुबह से ही हजारों की संख्या में जन सैलाब मेले की ओर पहुंची और जहां पर हजारों की भीड़ मेला में भारी रही और जमकर खरीदारी हुई ।मेले को लेकर खास तौर पर युवाओं व बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। जहां युवा झूलों के आनंद लेते देखे गए, वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने खिलौना कार ,जंपिंग बैलून का लुत्फ उठाया। इसके अलावे दूर-दराज से आए लोगों के लिए चित्रहार व टोराटोरा आकर्षण का केन्द्र बना,तो लोग जोखिम भरा खेल मौत का कुंआ भी देखना नहीं भूले। इन सभी खेल तमाशों के अलावे लोगों ने रंग-बिरंगी मिठाईयों की खूब खरीददारी की। इधर मेले में दूर-दूर से अलग-अलग प्रकार के साजो समान सिंगार कपड़े आदि चीजों की दुकान लगी हुई है जहां पर लोग जमकर खरीदारी करते हुए देखे गए।

### खजला रही गांधी मेला में विशेष आकर्षण

**सिमडेगा ।** सिमडेगा के लोगों को गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले गांधी मेले का बेसब्री से इंतजार होता है जिसका एकमात्र कारण है यहां पर उत्तर प्रदेश से आने वाली खजला की दुकान जो की मेला कि आन और यहां के लोग उसे बहुत ही पसंद करते हैं। कहा जाता है कि मेला में खजला के बिना मिला अधूरा सा लगता है । लोग दूर-दूर से आकर घर जाने के समय खजला की खरीदारी जरूर करते हैं। इधर गणतंत्र दिवस के मौके पर उपायुक्त ,एसपी जिले के दोनों विधायक सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा मेला भ्रमण के दौरान उन्होंने भी इसका स्वाद चखने के बाद इसकी सराहना किया था।

### सुरक्षा में मुस्तैद रही पुलिस

**सिमडेगा।** इधर गांधी मेला में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न ना हो, इसको ध्यान में रखते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ के द्वारा मेला के विभिन्न जगहों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की है। वहीं कई जगहों पर महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्त की है ताकि मेला में किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो ।इसके अलावा नगर परिषद सिमडेगा के निर्देश पर मेला के संवेदक के द्वारा जगह-जगह पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी जा रही है ताकि मेला में किसी प्रकार की कोई भी सामाजिक तत्व कोई भी घटना को अंजाम न दे।

### चैनपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोडरमा ।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर पुल के समीप शनिवार की सुबह हुए एक सड़क हादसा में अल्टिमा कंपनी के कर्मचारी 35 वर्षीय गोविंद चौधरी की मौत हो गई. मृतक गोविंद चौधरी रामपुर में किराए के मकान में रहते थे. प्रत्येक दिन की तरह सुबह में ब्लॉक चौक आ रहे थे, तभी अज्ञात कार ने धक्का मार फरार हो गया. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गोविंद चौधरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चैनपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से बढ़ी पहचान : भूषण

## संत जेवियर कॉलेज में 21वीं सदी में एंजलोफोन साहित्य में रुझान विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा ।** संत जेवियर कॉलेज पिछले दो दिनों से 21वी सदी में एंजलोफोन साहित्य में रुझान विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का रविवार को समापन किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक का कॉलेज पहुंचने पर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ विधायक ने दीप जलाकर किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि एंजलोफोन साहित्य को लेकर सिमडेगा जैसे छोटे से शहर में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सराहनीय पहल है। इससे जिले की पहचान दूर प्रदेशों तक बनेगी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक स्कूलों का लगातार विकास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की बहाली हो चुकी है।




धीरे धीरे भवन का निर्माण किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसका असर ग्रमीण परिवेश में पलने वाले बच्चों में दिखेगा। उन्होंने कहा कि जिले में संत जेवियर कॉलेज का खुलना शिक्षा के क्षेत्र में एक वरदान साबित रहा है। आप सभी खुशनसीब हैं कि आप सभी को संत जेवियर जैसे महान संत का संरक्षण प्राप्त है। कहते हैं न बिता हुआ कल वापस नहीं आता। इसलिए प्यारे छात्रों आप ऐसे अवसरों से का लाभ लें। आप ऐसे अवसरों से दूर न भागें। ये आपके जीवन संवारने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। आप अच्छा कर रहे हैं और अच्छा करें और सिमडेगा जिले समाज का नाम रौशन करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, शिक्षक डा.अनिमेश रॉय, डा. विष्णु चरण महतो, डा. बाबूराम स्वामी, डा. राजकुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ फा एफरेम बा आदि उपस्थित थे।

### संगठन की मजबूती के साथ बेहतर भारत की बुनियाद के लिए काम करें युवा कार्यकर्ता: विधायक भूषण बाड़ा

**सिमडेगा ।**अलबर्ट एक्का स्टेडियम में खूंटी लोकसभा स्तरीय युवा कांग्रेस कमिटि का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यूथ जिलाध्यक्ष आकाश सिंह की अध?यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रदीप बलमुचू, विधायक भूषण बड़ा सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में युवा साथियों की अहम भूमिका होगी। युवाएं चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ें। उन्होंने कहा कि अगर युवा हमारे संगठन से जुड़ता है तो संगठन मजबूत होगा। इसके अलावा जो हमारे प्रतिभाशाली यूथ हैं, उनकी प्रतिभा को निखारने में उन्हें मौके दिलाने के लिए काम किया जाएगा। साथ ही लोकल युवाओं की समस्याओं, मुद्दों, जरूरतों को समझने और उन्हें सही मंच पर उठाने में भी सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन युवाओं की मन की बात का सम्मेलन है। जिसके माध्यम से कांग्रेस पार्टी की युवा इकाई हर युवाओं की बात सुनेगी, समझीगी और फिर एक बेहतर भारत की बुनियाद के लिए काम करेगी।



## कोनपला पकरीटोली से बागटांड तक बनने वाले मुख्यमंत्री सड़क



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोनपला पंचायत के पकरीटोली से बागटांड तक बनने वाले मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत सड़क का विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने शिलान्यास किया मौके पर उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण फीता काटकर किया। विधायक के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत ग्रामीणों के द्वारा नाच गान एवम स्वागत गीत गाकर किया गया ।विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा इस सड़क के बारे में बताया गया था कि इस सड़क की स्थिति बहुत ही खराब है किसी के बीमार हो जाने की हालत में उन्हें ले जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके बाद विधायक ने तत्काल इसकी अनुशंसा राज्य सरकार के समक्ष किया। विधायक ने कहा हमारा देश भारत गांवों में बसता है ,जब तक गांव का विकास नही होगा विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है ।इसी कड़ी में गांवों के चहुँमुखी विकास करने का काम किया जा रहा है ।गांव में मुलभुत सुविधा जैसे सड़क,बिजली,पानी,स्वास्थ्य की उत्तम सुविधाओं को बहाल किया जा रहा है ।मौके पर रावेल

# विधायक भूषण बाड़ा ने फुल माला पहना कर संगठन में किया स्वागत

### मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह कांग्रेस में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** केरसई प्रखंड के डेईटांड़ में रविवार को राज मिस्त्री एवं रेजा कुली वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध?यक्ष सह सीसी एल माइंस हजारीबाग के राजेश कुमार सिंह ने की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, जिप सदस्य अजय एक्का, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज उपस्थित थे। मौके पर विधायक की कार्यशैली से खुश होकर मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह सहित सैंकड़ों मजदूर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी लोगों को विधायक ने पुरे सम्मान के साथ फुल



माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर विधायक ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। मजदूरों को उनका हक और अधिकार दिलाया जा रहा है। सभी मजदूर संगठित रहें। उन्होंने कहा कि मजदूरों को घर बैठे ही रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। बेरोजगार हैं तो ग्रामीण मनरेगा में काम मांगे। अब मनरेगा योजना में भी मजदूरों को मजदूरी भुगतान समय पर किया जाता है। कांग्रेस पार्टी की सदस्या ग्रहण करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह भीम साहू, विक्रांत ठाकुर, विकास साहू, ज्ञानंद सेनापति, हरिंद्र महतो, सितम मिंज, देवनारायण महतो,इंद्र मांझी, मदन मांझी, कार्तिक दास, मधु नाग, विनय नाग,सुरेश बराइएक, रामजी बराइक, कमला देवी, सुमिता देवी,जुगल नायक, बशमती देवी, रामलखन सिंह, देवनारायण महतो, ब्रजकिशोर दास, सतन नायक, बिनोद प्रधान, प्रवीण खेस, प्रकाश तिर्की,मदन मांझी, रघुवर दास,मुन्ना नाग सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल है।

### जोसेफ मेंस मेमोरियल 22 वीं धर्म प्रांतीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

# जोसेफ ने पूरा जीवन कलीसिया के उत्थान में लगाया : एनोस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर प्रखंड के रेंगारीह में स्वर्गीय जोसेफ मिंज मेमोरियल 22 वीं धर्म प्रांतीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ,विशिष्ट जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री के पहुंचने के साथ ही आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। जहां पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरूआत की मौके पर उन्होंने स्व विशप जोसेफ मिंज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सबसे पहले उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर उन्होंने कहा कि स्व विशप स्वामी जोसेफ मिंज आपने पूरा जीवन काल



कलीसिया समुदाय के उत्थान में लगा दिया ,उन्होंने हमारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमारे युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने हमारे धर्म संस्कृति और हमारी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार सेवा की। हमें उनके बताएं मार्ग पर चलकर कलीसिया की सेवा करनी चाहिए। मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा प्रयास है कि उनके स्मृति में इस प्रकार का हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन करना यहां के छुपी हुई प्रतिभा को बाहर लाना है। आज खेल के क्षेत्र में लगातार दिन प्रतिदिन रोजगार के साधन उत्पन्न हो रहे हैं जहां पर खिलाड़ी अनुशासन का पालन करते हुए जिले का नाम रोशन हो, मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर अजीत पॉल केरकेट्टा, फादर डेविड मिंज,फादर अशोक लकड़ा, फादर जेवियर बिलुंग,फादर दमासीयूस खेस, नुवेल हेरेंज आदि मौजूद थे।

## शिक्षक भाग जाते हैं घर, स्कूल में गांव वाले करते हैं झंडोतोलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने एवं सुदृढ़ करने के लिए सरकार तरह तरह की योजनाएं चला रही है, सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान, निःशुल्क साईकिल, पुस्तक, पोषाक, छात्रवृत्ति, आदि योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है फिर भी सरकारी विद्यालयों की स्थिति बदलता नहीं दिख रहा है, कहीं ना कहीं इस कारण का जिम्मेदार शिक्षक ही हैं, प्रखण्ड में गिने चुने विद्यालय होंगे जहां शिक्षक, शिक्षा को पुजा व विद्यालय को मंदिर मानते हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्र भुंडूपानी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय विगत गुरुवार 25 जनवरी से ग्रामीणों द्वारा नियुक्त निजी शिक्षिका नेलन्ती सुरीन के भरोसे चल रहा है, प्रधानाध्यापक कैलाश साहू तीन दिनों से लगातार अनुपस्थित हैं एवं सहायक शिक्षक अभिनाश तोपनो सीएल लेकर छुट्टी पर हैं। यही नहीं इस स्कूल के बच्चे हर राष्ट्रीय त्यौहार ग्रामीणों के भरोसे मनाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल

**ग्रामीणों का आरोप - प्रधानाध्यापक की लगातार अनुपस्थिति से स्कूल का हाल बेहाल**

के प्रधानाध्यापक कैलाश साहू गणतंत्र दिवस हो या स्वतंत्रता दिवस, वो स्कूल को ग्रामीणों के भरोसे सौंपकर, इस दिन गायब रहकर छुट्टी के रूप में मानते हैं। शनिवार को स्कूल खुला निजी शिक्षिका विद्यालय के बच्चों को पढ़ाई जबकि स्कूल का कार्यालय बंद था बच्चों की उपस्थिति भी नहीं बना, जितने बच्चे उपस्थित थे उन्हीं के हिसाब से रसोईया एमडीएम बनाकर बच्चों को दी। और विद्यालय छुट्टी किया गया। ग्रामीण मुकूट बागे, नुएल बारला, सुतगन बारला, सलमोन बारला, मोयलेन बारला, जिलानी बारला आदि ने कहा कि प्रधानाध्यापक कैलाश साहू के अनियमितता के कारण विद्यालय की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है।

## बैठक कर विधायक ने जलकीटोली के ग्रामीणों की सुनीं समस्यां



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के जलकी टोली गांव में जनसमस्या का सुनवाई हेतु बैठक का आयोजन किया गया मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। जहां पर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को बारी-बारी से रखा जिस पर विधायक ने समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में कहा कि आपकी समस्याओं और परेशानियों का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है उसे दूर किया जाएगा। इस क्षेत्र की हर समस्या बिजली, पानी ,सड़क, पुल पुलिया आदि समस्या है सब दूर की जाएगी। उन्होंने भाजपा सरकार के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश के सभी संस्थाओं को बेचने का कार्य किया जा रहा है ।उद्योग पतियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है ।ये देश को गुलामी की ओर ले जाया जा रहा है। अडानी अम्बानी जैसे उद्योग पतियों के हाथों सरकारी सम्पत्तियों को बेचा जा रहा है एवं निजीकरण किया जा रहा है उससे हमारे लोगों को मिलने वाला आरक्षण प्रभावित हो रहा है। इसलिए आने वाले चुनाव में केन्द्र में भाजपा की सरकार को गद्दी से उखाड़ फेकना है और कांग्रेस की सरकार को लाना है ।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, मोहम्मद राजा, आदि उपस्थित थे।

### जिला कार्यालय में गांव चलो अभियान कार्यशाला संपन्न

# केंद्र की विकास कार्यों को गांवों तक पहुंचाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा की बैठक रविवार को जिला कार्यालय में हुई। बैठक में गांव चलो अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि प्रदेश के निदेर्शानुसार कार्यकताओं को गांव चलो अभियान का कार्य सौपा गया है ।कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गांव चलो अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके निमित्त कार्यकर्ता गांव तक जाकर केंद्र सरकार के अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों को बताने का कार्य करें एवं उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले इस पर कार्य करें, गांव में जानकारी के भाव में बहुत सारे लोग केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं ।उन सभी लोगों को भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजना का लाभ दिलाए एवं उन्हें बताएं कि उनके लिए केंद्र सरकार अनेक जन कल्याणकारी योजना चल रही है जिसका लाभ उठाकर वह अपने जीवन




को स्वालंबी बना सकते हैं। साथ ही प्रवासी कार्यकर्ता 24 घण्टे गांव में प्रवास कर की वोटर्स जैसे शहीद के परिजन, बुद्धिजीवी वर्ग ,सैनिक परिवार, जनसंघी लोगो से मिलेंगे धर्मीक स्थल मठ मंदिर सरना जाएंगे साथ ही बूथों का सत्यापन भी करेंगे ।कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा वीरू स्थित देव शांति नेत्रालय में मरीजों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव , श्रद्धानंद बेसरा, लोकसभा विस्तारक सत्यजीत चौधरी, जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ,पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष रुक्मिणी देवी ,प्रणब कुमार, रामविलास बड़ाईक, राकेश रविकांत प्रधान ,हीराराम ,घनश्याम सिंह, संदीप भगत, बंधु माझी ,चंदेश्वर मुंडा, अशोक इंदवार, प्रदीप जायसवाल, रणधीर प्रसाद ,मोतीलाल ओहदार, सरवन सेनापति, रामेश्वर सिंह ,दिनेश प्रसाद, मनिंदर बिंजिया, मुकेश मिश्रा ,रविंद्र शर्मा ,पिंकी प्रसाद ,मुकेश राय कोटवार ,अशोक रजक ,सुरजन बडाइक, सेनापति जागेश्वर बिंझिया,मुनेश्वर तिर्की आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा नेता के प्रयास से बसतपुर में लगा ट्रांसफार्मर



**सिमडेगा।** समाज सेवी सह सांसद प्रतिनिधि उर्जा विभाग श्रद्धानंद बेसरा के प्रयास से पाकरटांड प्रखंड के बसतपुर टोली में 25 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराई गई। लगातार तीन बार खाली हाथ लौटकर जाने के पश्चात श्री बेसरा के लगातार प्रयास करते रहने से अनंतः ट्रांसफार्मर मिल गकेया। बता दें कि विगत छह माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव के लोग अंधेरे में जीवन बसर कर रहे थे ।ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो ने से गांव के लोग बहुत खुश हुए एवं बेसरा जी को उनके प्रयास के लिए आभार व्यक्त किए ।मौके पर मनिंदर बिंझिया,फनी बिंझिया,फलिन्दर बिन्झिया, मनोज बिन्झिया , अमासु बिंझिया, खिरोधर पातर, गोवर्धन बिंझिया, मदन बिंझिया इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

### जामपानी में मनाया गया संत अंजेला पर्व

**ठेठईटांगर ।** प्रखंड अंतर्गत जामपानी में असुर्लाइन की धर्म बहनों ने रविवार को संत अंजेला का पर्व धूमधाम से मनाया शुरूआत में मिस्सा पूजा अनुष्ठान सलंगापोंछ विखरिएट डीन फादर थॉमस सोरेंग की अगुवाई में फादर बेंजामिन डुंगडुंग और फादर संदीप कुमार खेस ने सहयोग दिया। तत्पश्चात उसूर्लाइन कॉन्वेंट के बच्चो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।इस विशेष अवसर पर असुर्लाइन कॉन्वेंट के धर्म बहनों को झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना एवं नुवास केरकेट्टा,सुनील सुरीन,राजेश टोप्पो के द्वारा शुभकामनाएं दी ।मौके पर असुर्लाइन कॉन्वेंट की सभी धर्म बहनें, असुर्लाइन कॉन्वेंट हाई स्कूल के शिक्षक गन,प्राइमरी स्कूल के शिक्षक गन स्कूल के बच्चो के माता पिता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



### बानो विभिन्न पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत समिति का हुआ गठन

**बानो।** प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र के तीन पंचायत गेनमेर, रायकेरा जमतई में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत समिति का गठन किया गया जिसमे काफी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद रहे इस समिति गठन की अध्यक्षता संयोजक मंडली के द्वारा बिरजो कंडूलना और तनवीर हुसैन द्वारा किया गया ।साथ ही बानो प्रखंड उतरी क्षेत्र के तीन पंचायत सिम्हातू, बड़काडूईल, बेड़ारईगी में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत समिति का गठन किया गया ।बड़काडुईल पंचायत समिति गठन समयुल बुड़ की अध्यक्षता में की गई। सिम्हातु और बेड़ारईगी पंचायत में जेएमएम समिति का गठन सुधीर डांग और जेकर्यस कडूलना की अध्यक्षता में की गई ।इस मौके पर सभी पंचायत से जेएमएम कार्यकर्ता मौजदू रहे।



### संत वियन्नी हाई स्कूल मैदान में 37 वां मोंटफॉर्ट एथलेटिक मीट का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के अंतर्गत लचरागढ़ के संत वियनी हाई स्कूल लचरागढ़ में दो दिवसीय मोंटफोर्ट एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के एवं बिहार के विभिन्न मंटफर्ट स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा यह स्पॉट इवेंट्स का कार्यक्रम दो दिन तक चला। इस इवेंट में तरह-तरह के खेल का कार्यक्रम किया गया। वहीं मौके पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने कहा की एक इंटरेस्टेड कार्यक्रम है इस कार्यक्रम में मोंटफोर्ट समिति के सभी विद्यालय से भाग लिए हैं ।इनका भाग लेना सिर्फ शिक्षा को लेकर नहीं बल्कि अन्य गतिविधियों में बढ़चर कर रहा। इसलिए इस कार्यक्रम को आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि जिले में इस तरह का आयोजन हुआ है बाकी विद्यालयों के लिए भी यह एक अवसर होगा साथ ही उन्होंने यह भी कहा की मैट्रिक का रिजल्ट को लेकर हम ऑलरेडी एक प्रोजेक्ट टीम का कार्य कर रहे हैं।

### अवैध रूप से संचालित माईका गोदाम में छापेमारी, चार गिरफ्तार

**कोडरमा।** कोडरमा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना अंतर्गत इन्दरवा छठ तालाब के पास संचालित अवैध माईका गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में माईका बरामद किया गया है। कार्रवाई के लिए उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने अनुमण्डल पदाधिकारी रिया सिंह, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, जिला खनन पदाधिकारी दोरोगा राय, थाना प्रभारी तिलैया एवं अन्य कोडरमा जिला के थाना प्रभारी की संयुक्त छापामारी टीम का गठन कर संयुक्त छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में माईका गोदाम के अन्दर से एक टाटा शक्तिमान ट्रक जिसमें करीब 2 टन माईका खनिज अनलोड करते हुए पाया गया एवं गोदाम के अन्दर जांच के क्रम करीब 120 टन माईका खनिज बरामद किया गया। अवैध रूप से माईका फैक्ट्री को जिला प्रशासन द्वारा विधिवत सीलबन्द किया गया एवं इसमें संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध काण्ड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में प्रकाश दास ( 41), बिनोद यादव (52), बासुदेव तुरी (45 ), और लालू यादव (30 ) को गिरफ्तार किया गया है।

### विद्यालयों, सांस्कृतिक संगठनों सहित प्रशासनिक स्तर पर धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**कोडरमा ।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बागीटांड़ स्टेडियम पर झंडोत्तोलन किया. उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस बल एवं एनसीसी कैडेट तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मार्चपास्ट को सलामी दी गयी. उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों को सुलभ तरीके से उपलब्ध कराये जाने के लिए राज्य सरकार की ओर से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारह्यकार्यक्रम चलाया गया. अभियान के तहत कोडरमा जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कुल 172 शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें कुल एक लाख पचहत्तर हजार चालीस आवेदन निबंधित किये गये, जिनमें से एक लाख दस हजार बहत्तर आवेदन का निष्पादन कर लिया गया है. राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर अबतक कुल 49,672 (उन्नचास हजार छः सौ बहत्तर) आवेदन प्राप्त हुए हैं.

### भोंडो पंचायत की पहली बेटी ज्योति बनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर, 11 लाख के पैकेज पर हुआ चयन

**कोडरमा ।** चंदवारा प्रखंड के भोंडो पंचायत की मुखिया कोयल देवी एवं शिक्षक वीरेंद्र कुमार की प्रथम सुपुत्री ज्योति रानी केबी ने अपनी कड़ी मेहनत व लगन से सफलता का परचम लहराया है. उसने अपने दृढ़ संकल्प से इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रतिभा का हुनर दिखाया है. ज्योति की नर्सरी से 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई झुमरी तिलैया के मेरिडियन अकादमी में हुई. इसके बाद बोकारो महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में कंप्यूटर साइंस से प्रथम स्थान से डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त की. इसके उपरांत आगे की पढ़ाई के लिए पंजाब चली गईं, जहां लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई शुरू की. अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के कारण यूनिवर्सिटी से ही इनका कैंपस सेलेक्शन हुआ. वर्तमान में उनका प्लेसमेंट जॉनसन कंट्रोल मल्टीनेशनल कंपनी में सालाना 11 लाख के पैकेज पर हुआ है.



# पीरटांड में कई लोगों ने जेएमएम छोड़कर थामा भाजपा का दामन

## झारखंड मुक्ति मोर्चा से लोगों का हो गया है मोहभंग : सुरेश साव

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह विधानसभा के पीरटांड प्रखंड के चंपा नगर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जुझारू कार्यकर्ता जटाधारी मुर्मू के नेतृत्व में एवं भाजपा नेता सुरेश साव की उपस्थिति में आदिवासी समाज से जुड़े दर्जनों लोगों ने जेएमएम छोड़कर भाजपा का थाम लिया। संजय मुर्मू, पप्पू मुर्मू, पप्पू सोरेन, बिनोद मुर्मू, सुनील हेम्ब्रम, जोसेफ मुर्मू, राकेश टुडू, सकरा टुडू, रूपलाल सोरेन, महालाल मुर्मू, मनीचंद हेम्ब्रम, कर्मचांद सोरेन, सुनील किस्कू, संजीत हेम्ब्रम, संतोष मरांडी, नरेश मरांडी, बीरेन्द्र मरांडी, इंद्रजीत सोरेन, बेजु मरांडी, सीनोद मरांडी, सुरेश हेम्ब्रम, अजित हेम्ब्रम, दुलारचंद सोरेन, गिरिश मुर्मू अपने सैकड़ों संथाल साथियों के साथ देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।



इस दौरान सुरेश साव ने कहा कि भाजपा लगातार गरीबों, वंचितों, दलितों और आम लोगों की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिया है, श्री साव ने गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा से लोगों का मोह भंग हो चुका है इनके चाल, चरित्र और चेहरा से गिरिडीह, झारखंड की जनता वाकिफ हो चुकी है। यही कारण है कि आज झामुमो छोड़ कर सैकड़ों आदिवासी साथी भाजपा का दामन थाम रहे हैं। साव ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू से गिरिडीह विधानसभा की जनता पूरी तरह से त्रस्त है। यहां की जनता को सिर्फ छलने का काम किया गया है।

गिरिडीह में बुनियादी सुविधाओं का बुरा हाल है। गांवों में बेरोजगारी चरम पर है। युवाओं को नौकरी के नाम पर ठगा जा रहा है। जिससे युवा विधायक और सरकार के खिलाफ आक्रोशित हैं। इनका विकास सिर्फ बैनर पोस्टर तक ही सीमित है। गिरिडीह में बालू, कोयला, पत्थर, जमीन की अवैध लूट मची है, गिरिडीह में बुनियादी सुविधाओं का बुरा हाल है।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सिकंदर हेम्ब्रम, प्रखंड महामंत्री पीरटांड अरविंद वर्णवाल कार्यसमिति सदस्य अमर सिन्हा, श्यामल घोष, नागेश्वर दास, अरविंद वर्णवाल, बिशु मरांडी आदि भी उपस्थिति थे।

# जमुआ के पूर्व विधायक चंद्रिका महथा की मौत, शोक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



जमुआ के पूर्व विधायक चंद्रिका महथा का निधन इलाज के दौरान रविवार को रांची में हो गया। पूर्व विधायक चंद्रिका महथा अपने जीवन के 55वें वर्ष में अंतिम सांस ली।

वर्ष 2009 में बाबूलाल मरांडी की तत्कालीन पार्टी झारखंड विकास मोर्चा से जमुआ विधान सभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए और अपने 5 वर्षों का कार्यकाल पूरा किया। फिलहाल वे कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे।

इनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस कार्यालय गिरिडीह में पार्टी का झंडा ओढ़ाकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहां से पार्थिव शरीर को पैतृक गांव देवरी के खाजा टोल लाया गया। उनका दाह संस्कार उनके पैतृक गांव के नदी स्थित श्मशान घाट में किया गया।

इनके आकस्मिक निधन की सूचना पर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न दलों के नेता और जनप्रतिनिधि, समर्थकों की भीड़ शोक संवेदना के लिए उनके घर पर उमड़ पड़ी। शोक व्यक्त करने जमुआ विधायक केदार हाजरा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जमुआ महशर इमाम, भाजपा के कामेश्वर पासवान, डॉ शैलेंद्र चौधरी, जिप प्रतिनिधि दिगंबर दिवाकर, कृष्णमुरारी शर्मा, सच्चिदानंद सिंह, बिमल कुमार सिंह जिप सदस्य देवरी, कैलू देव, रघुनंदन प्रसाद सिंह, सहदेव शर्मा, मंजू कुमारी प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस, रोहित दास, अनवर अंसारी, दासो महतो सहित हजारों की संख्या में लोग उनके घर पहुंचे।

### राजनीतिक सफर

झारखंड राज्य गठन के बाद वर्ष 2004 में जेएमएम से जमुआ विधानसभा से विधायक के लिए भाग्य आजमाया पर जीत नहीं हुई। वर्ष 2009 में झाविमो से विधायक के लिए निर्वाचित हुए। पुनः 2014 में जेएमएम से चुनाव लड़े और हार गये। वर्तमान में उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा था।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह जिला रौनियार वैश्य महासभा का सम्मान समारोह सह पुनर्गठन कार्यक्रम



**गिरिडीह।** झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा का जिलास्तरीय सम्मान समारोह सह पुनर्गठन कार्यक्रम रविवार को पचंबा स्थित तुलसी वेंकट विवाह भवन में आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता गिरिडीह जिला रौनियार वैश्य महासभा के जिलाध्यक्ष दीपक साह व संचालन हरीश प्रसाद साह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने किया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण गुप्ता परदेश अध्यक्ष सुखदेव गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता संतोष गुप्ता सरिया युवा अध्यक्ष रवि गुप्ता युवा सचिव कैलाश गुप्ता अध्यक्ष सचिन गुप्ता युवा उपाध्यक्ष टिंकू संतोष गुप्ता पचंबा युवा सचिन गुप्ता हेस्ला सुनील गुप्ता हेस्ला महिला अध्यक्ष लता गुप्ता प्रभा गुप्ता नम्रता गुप्ता मौजूद थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिला भर के 150 रौनियार वैश्य समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।

### मिशन 2024 को लेकर 2780 गांवों में 24 घंटे का प्रवास करेंगे भाजपा कार्यकर्ता



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में भाजपा ने तैयारी को और तेज कर दिया है। अब भाजपा गांव-गांव घूम कर वोटरों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताएगी। अब भाजपा के लोगों ने चलो गांव की ओर अभियान शुरू किया है। तीन फरवरी तक प्रत्येक गांव में चलो गांव की ओर कार्यशाला सम्पन्न कराने की भी योजना है। गिरिडीह के हरिचक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में पहुंचे प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह ने चलो गांव की ओर अभियान को सफल बनाने का निर्देश भी दिया है। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे की मौजूदगी में साफ कहा गया कि जिले के 2780 गांव में कार्यकताओं को न सिर्फ प्रवास करना है, बल्कि केंद्र सरकार की योजना से भी लोगों को रूबरू करवाना है। पार्टी प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू एवं संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह ने कहा कि पंचायत में जो जीते हैं उन्हें तो साथ में लाना ही है। इसके अलावा जो उम्मीदवार हारे हैं और जिनकी विचारधारा पार्टी से मिलती है उन्हें भी संगठन से जोड़ना है।

### राहुल गांधी की *भारत जोड़ो यात्रा* न्याय यात्रा है : जलेश्वर महतो



**बाघमारा।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा एक न्याय यात्रा है। यह तबतक न्याय मिले जब तक। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जलेश्वर महतो ने डुमरा गेस्ट हाउस में कार्यकताओं को संबोधित करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस न्याय यात्रा में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस मौके पर बाघमारा की धरती पर पार्टी के युवा नेता राहुल गांधी का आगमन हो रहा है। जहां से वे धनबाद की ओर प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बाघमारा के लिए काफी गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह न्याय यात्रा बेरोजगार युवाओं, किसानों, महिलाओं के न्याय के सवाल पर उन्हें एक नई राह, एक नई दिशा देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि उपेक्षित, शोषित लोगों को न्याय दिलाने तक परिवर्तन की यह यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि देश के मजदूरों को उनका हक व अधिकार दिलाने का कार्य कांग्रेस की वरीय नेत्री इंदिरा गांधी ने किया। श्री महतो ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण देश पूंजीपतियों के हाथों में चली गयी है। देश के युवा रोजगार को लेकर भटक रहे हैं। ऐसे में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि बाघमारा में जगह-जगह राहुल गांधी का भव्य स्वागत होगा। इस मौके पर उक्त कार्यक्रम को कांग्रेस के लगन देव यादव, बलराम साव, दयाल महतो, विकास सिंह, राजेश राम, गोपाल महतो, पोरेश चौबे, ओम प्रकाश कुंवर इत्यादि ने संबोधित किया।

### सुभाषनगर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



**बेरमो।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर प्रह्लाद वर्णवाल ने रविवार को बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फुसरो नगर परिषद के पुराना सुभाष नगर स्थित भाजपा के नये कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुभाषनगर में कार्यालय की सुविधा नहीं रहने के कारण लोगों को परेशानी होती थी। लोगों की परेशानी को देखते हुए भाजपा के युवा एवं कर्मठ नेता प्रकाश कुमार सिंह के द्वारा कार्यालय की सुविधा बहाल की गई है। सुभाषनगर से बेरमो में बदलाव की बिगुल शुरू हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह ने कहा कि कार्यालय मंदिर का स्वरूप होता है। यहां संस्कार मिलता है और कार्यकर्ता को देश और पार्टी के प्रति काम करने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि छोटे से छोटे जगह में पार्टी का अपना कार्यालय हो। बेरमो में भाजपा मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवारों की पार्टी बन गई है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने वंशवाद को चैलेंज करके रिपोर्ट कार्ड की राजनीति को खड़ा किया और जनता के लिए काम करने के लिए जुटे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 109 वें संस्करण देखा सुना गया। कार्यक्रम को श्रमिक नेता देवता नंद दुबे, भाजपा नेता कृष्ण कुमार, नवीन पांडेय, गुरुवारी देवी, गीता चौधरी, अनिल गुप्ता, अंजनी सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चंदन राम ने किया। मौके पर भाजपा फुसरो नगर मंडल महामंत्री टुनटुन तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीणा देवी, जिला मंत्री रामू तांती, चंद्रभान सिंह, छोटू रवानी, लालमोहन महतो, चंदन चौहान, आशीष झा, टिंकू तिवारी, राहुल कुमार, कौशल कुमार, जिमी चौहान, कुंती कुमारी, पुष्पा देवी, कुंज बिहारी प्रसाद, प्रदीप रवानी, उज्जवल मुखर्जी, छोटू रवानी, रवींद्र सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# टाटा स्टील ने किन्नरों के लिए निकाली बहाली

### देश के किसी भी कोने से कर सकेंगे आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

टाटा स्टील ने पहली बार विशेष रूप से केवल ट्रांसजेंडरों के लिए बहाली निकाली है। देश के किसी भी कोने से इच्छुक आवेदनकर्ता 15 फरवरी तक कंपनी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने जरूरी दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। टाटा स्टील द्वारा जारी तय नियम के अनुसार आवेदकों की उम्र सीमा एक जनवरी 1984 से एक जनवरी 2006 के बीच होनी चाहिए। योग्य उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा व मेडिकल टेस्ट से होगा। साथ ही उन्हें चयन प्रक्रिया के दौरान उन्हें अनिवार्य रूप से ट्रांसजेंडर सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत करना होगा। सफल उम्मीदवारों को देश के किसी भी कंपनी या अनुषंगी इकाइयों में नौकरी करने का मौका मिलेगा। टाटा स्टील ने जारी सर्कुलर में सभी आवेदकों को चेतावनी दी है कि वे किसी भी तरह के फर्जी ई-मेल, फोन से बचें। आवेदक विवरण देते समय जो भी ई-मेल देंगे, कंपनी पत्राचार उसी ई-मेल के माध्यम से करेगी। अंग्रेजी में पास होना अनिवार्यआवेदक का मैट्रिक में अंग्रेजी विषय के साथ पास होना अनिवार्य है। इसके अलावा आल इंडिया ट्रेड टेस्ट के साथ आईटीआइ पास, किसी भी संकाय में स्नातक, एआइसीटीई या यूजीसी से मान्यता प्राप्त कालेज से डिप्लोमा-डिग्री व किसी भी संकाय में बीटेक कर चुके उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। मेडिकल टेस्ट में पास होना अनिवार्यकंपनी के नियम के तहत सभी आवेदकों को लिखित परीक्षा में पास होने के बाद मेडिकल टेस्ट में भी पास होना अनिवार्य होगा।

# पैदल ही अयोध्या धाम की यात्रा पर निकले गिरिडीह के दो युवक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के मोतीलेदा पंचायत के 27 वर्षीय पवन वर्मा व 25 वर्षीय संजय रजक पैदल ही अयोध्या धाम की यात्रा पर निकल चुके हैं। दोनों मित्र हैं और पेशे से ट्रैक्टर ऑनर बताये जा रहे हैं।

जिनका बिरनी प्रखंड अंतर्गत बरहमसिया चौक पर रविवार को विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने भगवा वस्त्र देकर उनका हौसला अफजाई किया। इस दौरान दोनों राम भक्तों ने बताया कि वे अयोध्या धाम के लिए मोतीलेदा से शनिवार को ही निकले हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हमलोग पारसनाथ जैन मंदिर घूमने गये थे। जिसके बाद उनमें से एक को बेचैनी होने लगी और मन विचलित होने लगा। लगातार तीन दिनों तक किसी भी कार्य में मन नहीं लगने लगा, ऐसा लग रहा था, जैसे मुझे भगवान राम ने बुलाया है और मुझे जाना चाहिए फिर उन्होंने अपने मित्र जो बिहार के भागलपुर में रहते हैं। उनसे फोन पर बात किया और अपनी बातों से अवगत करवाया और वे दोनों श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए प्रस्थान कर गये। उन्होंने 25 दिनों के भीतर अयोध्या धाम पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। मझगांव**



मझगांव थाना क्षेत्र के घोड़ाबंधा उलिसाई के समीप मोड़ पर बाइक दुर्घटना में चालक दिलीप गोप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। रविवार शाम लगभग 4.30 बजे मझगांव बेनीसागर मुख्य सड़क पर कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के पुतकरसाई निवासी दिलीप गोप (37 वर्ष) अपने गांव से शादी का कार्ड बांटने के लिए बाइक से उड़ीसा गए थे। वापस आने के क्रम में घोडाबांधा के उलिसाई मोड़ पर गिर हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया है। दुर्घटना में दिलीप गोप को गंभीर चोट आई है। गंभीर रूप से घायल दिलीप गोप का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि हेलमेट पहने होने की वजह से उनकी जान बच गई है।

### मैथन लाठीचार्ज मामले ने पकड़ा तूल

**मैथन।** मैथन दुकानदार समिति द्वारा पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष आंदोलन किया गया था। अब तूल पकड़ लिया है। करीब सौ लोगों के खिलाफ मैथन ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है।

# अवैध ढीबरा लदे दो पिकअप वाहनों को वन विभाग ने किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांवा एवं गिरिडीह वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शनिवार की देर रात तिसरी से गिरिडीह जा रहे अवैध ढीबरा लदे दो पिकअप वाहन को रास्ते में जब्त किया है।

जानकारी देते हुए गावां वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि शनिवार की देर रात तिसरी वन प्रक्षेत्र से अवैध ढिबरा के गिरिडीह परिवहन होने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद जमुआ पचंबा मुख्य मार्ग पर उक्त दोनों वाहनों के विरुद्ध छापेमारी करते हुए उन्हें जब्त किया गया।

गावां वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार के अनुसार उक्त वाहन में लोड ढीबरा तिसरी के किसा का है। उन्होंने कहा कि वाहन जब्त करने के बाद अब वन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं वाहन मालिकों के नाम का पता लगाया जा रहा है। सभी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उक्त कार्रवाई में गिरिडीह वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी एसके रवि सहित वन विभाग के कर्मी शामिल थे।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**गिरिडीह।** जिला परिवहन कार्यालय गिरिडीह में रविवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वाहन चालकों द्वारा अपने-अपने आंखों की जांच करवाई गई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सकों द्वारा सभी आगंतुक चालकों को नेत्र एवं स्वास्थ्य संबंधी जांच कर आवश्यक सलाह दी गई। जांच उपरांत चश्मा के लिए 20, कलर ब्लाइंडस के 02 एवं 05 को विशेष जांच किया। ज्ञात हो कि दिनांक 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जिले में वृहत रूप में किया जा रहा है।

# रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल की ओर से बिग फन विंटर कार्निवाल का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल की ओर से शहर के स्वर्ण चित्र मंदिर सिनेमा मैदान के पास बिग फन विंटर कार्निवाल का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी उपस्थित थे। पूर्व विधायक के द्वारा कार्निवाल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिये कई तरह के झूले के साथ अन्य मनोरंजन की व्यवस्था की गई है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से जो पैसे एकत्रित किए जायेंगे। उसका उपयोग किसी गरीब छात्रा के उच्च शिक्षा पर की जायेगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल की तरफ से बच्चियों को उच्च शिक्षा में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

उद्घाटन मौके पर सोनम जैन, वैभव शाहाबादी, हरिंदर मोंगिया, शीतल गौरीसरिया, विकास जैन, तरनजीत सिंह सलूजा, सतविंदर सिंह सलूजा, सिद्धार्थ गौरीसरिया, शालिनी खंडेलवाल, रश्मि सलूजा, जोरावर सिंह सलूजा, रामनप्रीत सलूजा, सत्यादीप सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# वन अधिकार कानून 2006 को लेकर वीर बंधुओं का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आरंभ

### गिरिडीह, पीरटांड़, गावां और गांडेय में दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार जिला कल्याण पदाधिकारी की देखरेख में जिला स्तरीय वीर बंधु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के विषय में गिरिडीह उपायुक्त ने बताया कि सरकार का उद्देश्य लोगों को अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान से जोड़ना है और इसके माध्यम से वैसे लोग जो 13 दिसंबर 2005 से पूर्व वन पर आश्रित है या वन क्षेत्र में रह रहे हैं उन्हें जोड़ा जाएगा। दावा पत्र दो प्रकार के होंगे एक निजी दावा पत्र और दूसरा सामुदायिक दावा पत्र, यह नियम वनाधिकार कानून 2006 के अंतर्गत आता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी जिला कल्याण पदाधिकारी जयप्रकाश मेहरा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों/वीर बंधुओं को दिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सभी प्रखंडों को मिलाकर 1546 निजी दावा पत्र और 48 सामुदायिक दावा पत्र कुल 1594 दावा पत्र प्राप्त हुए हैं। जिनकी प्रक्रिया होना अभी बाकी है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची से प्रशिक्षित होकर आए मास्टर ट्रेनर सह अभिव्यक्ति फाउंडेशन के कार्यकर्ता विलियम जेकब द्वारा वन अधिकार कानून 2006 के तहत एकल पट्टा और सामुदायिक पट्टा के विषय में वीर बंधुओं को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस दौरान वीर बंधुओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि कैसे दावा पत्र भरने में सहयोग करेंगे। उसमें क्या क्या दस्तावेज संलग्न करना



अनिवार्य है और उसके बाद दावा पत्र वनाधिकार समिति के पास जमा करेंगे। और जब सारी प्रक्रिया पुरी हो जाएगी उसके बाद ग्राम सभा के पास दावा पत्र जमा करेंगे। और ग्राम सभा सारी प्रक्रिया जांचने के बाद ग्राम सभा बैठक कर रेजुलेशन पारित करते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए अनुमंडल समिति के पास दस्तावेज भेज देंगे इत्यादि सारी बातों का विस्तृत जानकारी लोगों को दिया गया। उन्होंने वनाधिकार समिति और ग्राम सभा के कार्य और जिम्मेवारी के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इस कानून में ग्राम सभा एक अधिकारी के तौर पर कार्य करेगी यह भी जानकारी दिया गया।

प्रशिक्षण में वन अधिकार कानून 2006 के विषय में मास्टर ट्रेनर सह भूमि उप समाहर्ता डुमरी जीत राय मुर्मू द्वारा कानूनी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी और एक्ट के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामसभा में जो भी दावा पत्र पारित किये जायेंगे वह ग्राम सभा से सीधा अनुमंडल कार्यालय भेजा जायेगा। यदि अंचल में जमा किया जाता है तो अंचल का कार्य सिर्फ दावा पत्र को अनुमंडल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी उसमें किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ का उन्हें कोई अधिकार इस कानून में नहीं दिया गया है। प्रशिक्षण में झार एफआरए एप के विषय में मास्टर ट्रेनर सह ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सूर्या सरकार और आईटी मैनेजर अंकुर कुमार द्वारा वीर बंधुओं को विस्तार पूर्वक समझाया गया तथा एप भी डाउनलोड करवाया गया।

मौके पर मौजूद मास्टर ट्रेनर सह वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार ने वीर बंधुओं से कहा कि किसी भी तरह का गलत दावा प्रस्तुत होने पर उसे निरस्त किया जायेगा इसलिए दावा पत्र सही व्यक्ति को मिले या जो भी दावा कर रहे हैं। वह समुदाय वास्तव में दावा का हकदार हो। कार्यक्रम के अंत में मास्टर ट्रेनर अंबेडकर सामाजिक संस्थान के कार्यकर्ता जामेल किस्कू द्वारा सामुदायिक वन पट्टा और निजी दावा के विषय में वीडियो के माध्यम से वीर बंधुओं को जानकारी दिये।

## गणतंत्र दिवस की भव्य झांकी के मायने

गणतंत्र दिवस वह समय है, जब भारत की अब तक की विकास यात्रा न सिर्फ कर्तव्य पथ,दिल्ली पर दिखाई पड़ती है बल्कि दुनिया की नजर इस पर रहती है। एक राष्ट्र के रूप में हम अपने भविष्य को लेकर ज्यादा आश्वस्त हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में हमारा जीवन बेहतर होगा। मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व और बढ़ती चुनौतियों से जूझने की इसकी क्षमता को देखते हुए तंत्र में गण का भरोसा बढ़ा है। भारत वैश्विक आर्थिक लचीलेपन के मामले में खुद को सबसे आगे पाता है, मजबूत सरकारी खर्च के चलते मौजूदा वित्त वर्ष में विकास दर 6.9 फीसदी रहने की संभावना है, जो पहले के अनुमान 6.7 फीसदी से ज्यादा है। एक बार लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाए और राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित हो जाए, तो आर्थिक मोर्चे पर चीजें बेहतर होनी तय हैं। मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए तैयार हैं। सत्ता में फिर से वापसी पर मोदी निश्चित रूप से साहसिक नीतियों को आगे बढ़ाएंगे और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मौजूदा दृष्टिकोण में बदलाव लाएंगे। वैसे भारत को कृषि क्षेत्र में अनिश्चितता, संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में शांतिपूर्ण समाधान की कमी, लाल सागर कॉरिडोर में जहाजों पर हमले, खाद्य महंगाई, ग्रामीण उत्पादन व सेवा क्षेत्र में मंदी से चुनौतियां मिल सकती हैं। मालदीव जैसे देश को भारत से दूर करने, भूटान को धमकाने और ताइवान के साथ तनाव बढ़ाकर क्षेत्र को अस्थिर करने की चीन की नीतियों के प्रति हमें सतर्क रहना होगा। अल नीनो की स्थितियों के कारण मानसून सीजन में चार महीने औसत से कम वर्षा होने के चलते वर्ष 2023 में खरीफ उत्पादन में गिरावट देखी गई। गणतंत्र दिवस से ठीक चार दिन पहले अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन उत्साह की भावना लेकर आया है। अनुच्छेद 370 को हटाने की तरह राम मंदिर निर्माण को भी भाजपा द्वारा किए गए वादे को पूरा करने की तरह देखा जा रहा है। मोदी के आलोचक 22 जनवरी के समारोह को मोदी के चुनाव प्रचार और हिंदू राष्ट्र की शुरूआत के रूप में देख रहे हैं। शायद भाजपा को की आशा जग गई होगी कि मंदिर की भीड़ से उन्हें चुनावी लाभ मिलेगा। लेकिन एक धार्मिक राष्ट्र निश्चित रूप से मोदी के एजेंडे में नहीं है। वह अपनी सरकार के प्रदर्शन और गरीबों के लिए किए गए कार्य के आधार पर लोगों के पास वोट मांगने जाना चाहते हैं। वर्ष 2014 में जबसे वह केंद्र की सत्ता में आए हैं, विपक्षी पार्टियां शासन का व्यावहारिक वैकल्पिक मॉडल पेश करने में विफल रही हैं। उनका यह विश्वास कि अंततः लोगों का भरोसा मोदी पर से उठ जाएगा, गलत साबित हुआ है। मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग भाजपा के साथ रहना चाहेगा, भले ही वह उसके शासन से पूरी तरह संतुष्ट न हो। आम लोगों का भरोसा मोदी पर है कि जो करेंगे मोदी ही करेंगे। हाल के चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन और बंगाल,पंजाब की टूट के बाद बिहार में धराशायी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' खुद निराश है। कांग्रेस जानती है कि उसे अपने नेतृत्व में सुधार करना होगा और एक नई चुनावी रणनीति बनानी होगी।

> भारत वैश्विक आर्थिक लचीलेपन के मामले में खुद को सबसे आगे पाता है, मजबूत सरकारी खर्च के चलते मौजूदा वित्त वर्ष में विकास दर 6.9 फीसदी रहने की संभावना है, जो पहले के अनुमान 6.7 फीसदी से ज्यादा है। एक बार लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाए और राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित हो जाए, तो आर्थिक मोर्चे पर चीजें बेहतर होनी तय हैं। मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए तैयार हैं। सत्ता में फिर से वापसी पर मोदी निश्चित रूप से साहसिक नीतियों को आगे बढ़ाएंगे और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मौजूदा दृष्टिकोण में बदलाव लाएंगे।

इन दिनों

# विपक्षी एकता का ढहता किला


आशीष वशिष्ठ

**इंडी** गठबंधन के बारे में राजनीति की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों के अनुमान सही साबित हुए। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वो शब्दशः धरती पर उतरता दिख रहा है। वास्तव में इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति से घिरे हैं। सीट बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगाले तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति जनता पार्टी के दौर से कुछ अधिक देखने को देश अभिशप्त है। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की क्रांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इस गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पायेगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। यह इतनी छोटी होगी कि गठबंधन चुनाव से पहले ही बिखर जायेगा। विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं कर सका है। पश्चिम बंगाल के अलावा पंजाब ने अलगाव की घोषणा कर दी है। रही-सही कसर बिहार में पूरी हो गई। नीतीश कुमार का इस गठबंधन से अलग होना विपक्ष को सबसे बड़ा झटका है। अब विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाय और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणा की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को 'अवसरवादी नेता' करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ने में सक्षम है। ममता गठबंधन की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को 'तारपीडो' करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ जहर उगला जा रहा है। राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' की न तो उन्हें जानकारी दी गई और न ही कोई आमंत्रण मिला। बंगाल में 'न्याय यात्रा' और राहुल गांधी के जो पोस्टर लगाये गये थे, ममता की घोषणा के बाद उन्हें फाड़ना शुरू कर दिया गया। दोनों दलों के बीच विषैला अलगाव इस सीमा तक पहुंच चुका है। अंततः ममता ने फैसला किया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के साथ, कोई गठबंधन नहीं करेगी और सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पार्टी का नरम रुख जताया कि ममता के बिना गठबंधन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। बहरहाल तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत है। 2019 के लोकसभा चुनाव में 43 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर उसके 22 उम्मीदवार जीते थे, जबकि कांग्रेस के 5.5 फीसदी वोट के साथ मात्र 2 उम्मीदवार ही संसद तक पहुंच पाये थे। वाममोर्चे को करीब 7.5 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सांसद के तौर पर 'शून्य' ही नसीब हुआ। भाजपा को 40 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे और उसके पहली बार 18 सांसद चुने गये। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब के सीटों पर किसी से समझौता नहीं होगा। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 13 लोकसभा सीट के लिए करीब 40 उम्मीदवार शार्ट लिस्ट किये हैं। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 92 सीटें जीतीं, जब की 2017 में उसके 20 उम्मीदवार जीते थे। और अब बिहार में इस इंडी महागठबंधन में आई सबसे बड़ी दरार ने पूर्व की राजनीतिक कयासों पर मुहर लगा दी है।



> मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इस गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पायेगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी।

## आपकी बात

### जाने क्या हो रहा है?


देवेश कु.घोष

बंद दरवाजा खुल रहा है।
सियासत गरम हो रहा है।
'वह' ठिठुरते हुए सो रहा है।
जाने क्या हो रहा है ?
ट्वीटर डिलीट हो रहा है।
पुराना बयान मूल्यों को खो रहा है।
मंत्रालय बिना मंत्रियों के रो रहा है।
जाने क्या हो रहा है?
घात प्रतिघात नजरंदाज हो रहा है।
जमीर सो रहा है।
सूखी खेतों में 'वह' बीज बो रहा है।
जाने क्या हो रहा है?
सम्मन निमंत्रण पत्र हो रहा है।
रक्षा बल वजूद खो रहा है।
आई.जी. कमांडेंट पर एफ.आई.आर. हो रहा है।
जाने क्या हो रहा है?

### प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह


बलदेव शर्मा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को लेकर बेसब्री से इंतजार रहता है। स्कूली छात्रों में परीक्षा के पूर्व उनके मन में कई तरह के सवाल उत्पन्न होते रहते हैं। जिसके कारण उनके अंदर भय अवसाद और तनाव जैसी अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। लेकिन जब से प्रधानमंत्री ने देश के करोड़ों विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आरंभ की है छात्रों को इस कार्यक्रम से पूर्ण समस्याओं से निजात पाने का राह आसान हो गया है। यही कारण है कि जिले के छात्रों में परीक्षा पे चर्चा उसको लेकर अत्यंत खुशी देखी जा रही है। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से शिक्षकों का काम भी आसान हो गया है। जिसके कारण जिले के शिक्षकों में भी हर्ष है इस कार्यक्रम का उन्हें भी इंतजार रहता है। केंद्रीय विद्यालय गुमला की प्राचार्या नीलिमा कुल्लू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किया गया कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा से विद्यार्थियों में परीक्षा के मन में जो डर भय और संशय रहता है वह समाप्त हो जाता है। अब परीक्षार्थी निश्चित होकर परीक्षा आत्मविश्वास से लिखने लगे हैं। मोदी जी ने जो किताब एक्जाम वॉरियर्स लिखे हैं उसमें कई ऐसे बिंदु हैं जो निश्चित रूप से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं। शिक्षिका रेशमा सिंह ने कहा कि मोदी जी का यह प्रोग्राम विद्यार्थियों के लिए बहुत हेल्पफुल है। जो बच्चे परीक्षा दे रहे होते हैं उनमें जो भय या डिप्रेशन आते थे वह उससे उबर गये हैं। अब परीक्षा मे बच्चे इंजॉय करते हैं।

– गुमला

आज-कल

# 'परीक्षा पे चर्चा' बच्चों के लिए सबसे बड़ा 'महामंत्र'


मुकुंद

**परीक्षार्थियों** के मानसिक तनाव और अन्य तरह के अवसाद को दूर करने का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम सबसे सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। सामाजिक सरोकार से जुड़ा यह कार्यक्रम युवाओं के ही नहीं, उनके माता-पिता के दिलों में घर घर चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 जनवरी के अपने इस कार्यक्रम के बारे में एक्स हैंडल पर लिखा है 'मैं परीक्षा के तनाव को दूर करने के तरीकों पर सामूहिक रूप से रणनीति बनाने के लिए परीक्षा योद्धाओं की सबसे यादगार सभा 'परीक्षा पे चर्चा' का उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा हूं। आइए, हम परीक्षा से जुड़ी उन निराशाओं को अवसरों की एक खिड़की में बदल दें...।' प्रधानमंत्री ने उन्होंने परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित पिछले कार्यक्रम के विषयों और व्यावहारिक सुझावों को भी साझा किया। इस बारे में पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की लखनऊ इकाई ने इस कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की है। इसमें कहा गया है कि यदि किसी राष्ट्र के नेता राजकाज के अतिरिक्त अपनी जनता के लिए एक अभिभावक की भी भूमिका अपना लें तो उस राष्ट्र के लोग निश्चित रूप से सौभाग्यशाली हैं। राम राज्य की भी यही तो सबसे प्रधान विशेषता थी। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी समस्त भारतवासियों को अपना परिवार मानकर कुछ ऐसा ही सफल प्रयास कर रहे हैं। अभिभावक के रूप में नरेन्द्र मोदी की भूमिका की एक अच्छी मिसाल उनका 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम है जिसके माध्यम से वह किशोर और युवा विद्यार्थियों की समस्याओं को समझ कर उनका मार्गदर्शन करते हैं। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने, वैचारिक और अकादमिक उपलब्धि में सकारात्मक वृद्धि करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़े आंदोलन 'एग्जाम वॉरियर्स' का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाता है। इस कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास तो करे ही, साथ ही साथ उन उद्देश्यों की प्राप्ति में आने वाले तनाव का सुव्यवस्थित ढंग से प्रबंधन करे।

> राम राज्य की भी यही तो सबसे प्रधान विशेषता थी। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी समस्त भारतवासियों को अपना परिवार मानकर कुछ ऐसा ही सफल प्रयास कर रहे हैं।


बोधि वृक्ष

## काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास

और फिर उन्होंने भगवान भैरव का रूप धारण किया और ब्रह्मा के पांचवें सिर को काट दिया और उन्हें शाप दिया कि समारोहों में उनका कोई स्थान नहीं होगा, जबकि विष्णु की अनंत काल तक पूजा की जायेगी।

**ज्योतिर्लिंग क्या है?**

ज्योतिर्लिंग निर्गुण या निराकार सर्वोच्च वास्तविकता का प्रतिनिधित्व है। ज्योतिर्लिंग वह रूप है जहाँ शिव, प्रकाश के एक उग्र स्तंभ के रूप में प्रकट हुए। ज्योतिर्लिंग मंदिर वहां स्थित हैं जहां शिव प्रकाश के एक उग्र स्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। शिव के 12 ज्योतिर्लिंग स्थलों में से प्रत्येक शिव की विभिन्न अभिव्यक्तियों के लिए समर्पित है। **(समाप्त)**

**भगवान शिव के पौराणिक घर किन्नर कैलाश**

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, विशाल हिमालय पर्वतमाला भगवान शिव का पवित्र निवास स्थान है, जहां वह अपनी अर्धांगिनी देवी पार्वती के साथ रहते हैं। माना जाता है कि किन्नर कैलाश ही वह स्थान है जहां देवता निवास करते हैं। सबसे चुनौतीपूर्ण ट्रेकों में से एक माने जाने वाले इस पर्वत तक जाने वाला रास्ता निश्चित रूप से आसान नहीं है और हर किसी के बस की बात नहीं है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में किन्नर कैलाश पर्वत श्रृंखला समुद्र तल से 17200 फीट की ऊंचाई पर भारत-तिब्बत सीमा के निकट स्थित है। यह हिमाचल के सबसे दूरस्थ और कम खोजे जाने वाले क्षेत्रों में से एक है जो आश्चर्यजनक रूप से सुंदर है।

**किन्नर कैलाश का धार्मिक महत्व**

भगवान शिव के उत्साही भक्तों के लिए, किन्नौर अत्यधिक धार्मिक महत्व रखता है क्योंकि इस स्थान पर 79 फीट लंबा शिवलिंग है, जो हर पल रंग बदलता है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

गीता चौबे गूँज
19 h
Very proud of you beta!

Dil Foods · Follow
19 h
We made a breakthrough deal! 🔥🔥🔥

Huge thanks to Sharks Radhika Gu... See more



पंकज प्रियम and 139 others    124 comments

## X - से

BJP
@BJP4India

मैं वर्तमान सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग में आप सभी को आ रही दिक्कतों से भी अवगत हूं।

पिछले सप्ताह ही सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स विस्तार के लिए 800 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है।

बस अब आपलोगों के पास कोई संसद भवन की तरह petition लेकर ना आ जाए कि फिजूल खर्ची हो रही है।

- पीएम @narendramodi

Translate post



1:45 PM · 28/01/24 From Earth · 465K Views

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# देश की बेटियां आगे बढ़ना चाहती है पढ़ना चाहती है


किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तर पर पूरी दुनियां जानती है कि महिलाओं का सम्मान और नारी शक्ति का का सशक्त मूल्यांकन और प्रोत्साहन जितना अधिक गंभीरता से भारत में होता है उतना शायद कहीं नहीं होता। आज हम भारतीय हर क्षेत्र में नारी शक्ति का बोलबाला देख रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक याने जमीन से आसमान तक विकास की और तेजी से कदम बढ़ाते हुए विकसित भारत लक्ष्य प्राप्त करने में नारी शक्ति का अभूतपूर्व योगदान प्राप्त हो रहा है जिसका ताजा उदाहरण हमने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को देखा जिसमें पूरी कर्तव्य पथ परेड और अन्य कार्यक्रम महिला केंद्रित रहे चाहे वह परेड हो या फिर संस्कृत झांकियां अधिकतम महिला सशक्तिकरण केंद्रित थी जिसकी सटीकता पर मोहर आज दिनांक शक्ति 27 जनवरी 2024 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट 2020-21 में भी लगाई गई जिसमें कहा गया है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं शिक्षा क्षेत्र में अधिक आ रही है। इस तरह आज माननीय उपराष्ट्रपति पीएम, शिक्षा मंत्री ने भी नारी शक्ति पर हामी भरते हुए कहा महिला सशक्तिकरण का शैक्षणिक सुधारो के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है। चूंकि 26 जनवरी और 27 जनवरी 2024 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा अपनी रिपोर्ट में बेटियों की अधिक चाहत पढ़ाई में बताई है, इसलिए हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ नारी केंद्रित हो या शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट हो, हर जगह साफ दिखने को मिला बेटियां आगे बढ़ना चाहती है। साथियों बात अगर हम दिनांक 27 जनवरी 2024 को जारी शिक्षा मंत्रालय की सर्वेक्षण रिपोर्ट की करें तो, लड़कियों ने किये सबसे ज्यादा नामांकन उच्च शिक्षा को लेकर छात्राओं में सबसे ज्यादा रुचि देखी गई है 2014-15 में देश में उच्च शिक्षा में नामांकन कराने वाली छात्राओं की संख्या जहां 1.57 करोड़ थी, वह 2021-22 में 2.07 करोड़ हो गई।

> शिक्षा क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक याने जमीन से आसमान तक विकास की और तेजी से कदम बढ़ाते हुए विकसित भारत लक्ष्य प्राप्त करने में नारी शक्ति का अभूतपूर्व योगदान प्राप्त हो रहा है।

## टेक वर्ल्ड

### जीमेल के भर जाने से परेशान हैं तो ऐसे फ्री में पाये स्टोरेज

यहां पर has:attachment larger:10MB MB लिखकर सर्च करें और यहां पर 10 MB से ज्यादा साइज वाली मेल आपको दिखने लगेगी यहां से एक ही साथ सभी को सेलेक्ट करके आप सबको डिलीट कर सकते हैं। दूसरा रास्ता है आपको गूगल ड्राइव पर जाना पड़ेगा और यह कोड टाइप करना पड़ेगा drive.google.com/ यहां पर बड़े साइज वाली मेल आपको दिखेंगे और यहां से आप डिलीट कर पाएंगे। इसके अलावा कुछ बड़ा टिप्स है जो आप पहले से जानते होंगे। कई बार क्या है कि ढेर सारी मेल्स आपके पास पड़ी होती है अनरीड में आपकी मेल से रहती तो वहां से परमानेंटली डिलीट करके आप अपने जीमेल में स्पेस बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा गूगल ड्राइव में हैवी वीडियो फाइल्स अपलोड रहती है और वहां पर आपको अपनी बड़ी साइज की वीडियो फाइल्स अगर डिलीट कर देते हैं तो जल्द ही आपकी जीमेल में काफी स्पेस आ जायेगा

**- विंध्यवासिनी सिंह (समाप्त)**




**व्हाट्सएप स्टेटस को इंस्टाग्राम पर शेयर करने का आसान तरीका, जानिए कैसे**

यह नई सुविधा व्हाट्सएप यूजर्स को अपने स्टेटस को इंस्टाग्राम स्टोरीज में सीधे शेयर करने की अनुमति देती है। यह एक सरल प्रक्रिया है जो उपयोगकर्ताओं को इंस्टाग्राम पर भी व्हाट्सएप की व्यापकता का लाभ उठाने का अवसर देती है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मस्जिद में नशे की हालत में अपशब्द बोलने वाला शख्स गिरफ्तार

**मंगलुरु।** पुलिस ने बगालोकोट्टे के मूल निवासी इस मजदूर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। हनुमंथ बीस दिनों पूर्व मजदूरी के लिए मंगलुरु आया था। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस आगे की जांच कर रही है। मंगलुरु के कवूर पुलिस थाना क्षेत्र के मरक्कड़ गांव में मिल्लत नगर मस्जिद में नशे की हालत में अपशब्दों का उपयोग करने वाले हनुमंथ नामक एक मजदूर को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटना का वीडियो क्षेत्र में सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने पीटीआई को बताया कि शुक्रवार को कवूर थाना क्षेत्र में स्थित उक्त मस्जिद में दोपहर के समय नशे की हालत में यह मजदूर घुस गया और अनाप-शनाप बोलने लगा। उन्होंने बताया कि बाद में उसने कथित तौर पर अपशब्दों भी बोले।

### शीत लहर के कारण लखनऊ में 3 फरवरी तक ऑनलाइन पढ़ाई के आदेश

**लखनऊ।** शीतलहर को देखते हुए लखनऊ जिला प्रशासन ने आदेश दिया है कि 3 फरवरी तक कक्षा 12 तक के सभी सरकारी, गैर सरकारी और निजी स्कूलों में ऑनलाइन माध्यम से कक्षाएं संचालित की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट सूर्यपाल गंगवार ने कहा, जिन स्कूलों में कक्षाएं भौतिक रूप से संचालित की जा रही हैं, उनका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच ही होगा। आदेश में कहा गया है, ₹कक्षाओं में छात्रों को ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करना स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रत्येक कमरे में सामान्य तापमान बनाए रखने के लिए रूम हीटर आदि का उपयोग किया जाए।

### मध्य प्रदेश में भाजपा नए चेहरों और कांग्रेस दिग्गजों पर दांव लगाने की तैयारी में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ही दल लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। भाजपा की नजर जहां नए चेहरों पर है, वहीं कांग्रेस अनुभवी और दिग्गज नेताओं पर दांव लगाने का मन बना रही है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं, इनमें से भाजपा का 28 पर और कांग्रेस का एक पर कब्जा है। भाजपा की कोशिश जहां सभी स्थानों पर जीत हासिल करनी है, वहीं कांग्रेस अपनी स्थिति को पिछले चुनाव से बेहतर बनाने की कोशिश में है। दोनों ही दलों में बेहतर उम्मीदवार की तलाश के लिए अभी से होमवर्क तेज हो गया है। पहले हम बात करते हैं भाजपा की। पार्टी ने सभी 29 सीटों का जमीनी फीडबैक जुटाना शुरू कर दिया है। सांसदों का भी रिपोर्ट कार्ड तैयार हो रहा है। पार्टी उन पांच स्थानों के लिए सबसे पहले उम्मीदवार तलाश रही है, जहां के सांसद हाल ही में हुए विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं। वहीं दो स्थानों पर सांसदों को विधायक के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है।

नीतीश के इस्तीफे पर भड़के आरजेडी सांसद मनोज झा, कहा-

# गठबंधन तोड़ने के लिए मांगी थी माफी



**एजेंसी। पटना**

बिहार में महागठबंधन की सरकार टूटने के बाद मनोज झा ने एक बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार ने 8 अगस्त 2022 को इस्तीफा दिया था। इसके बाद वह एनडीए गठबंधन को छोड़कर राबड़ी आवास आए थे और महागठबंधन के साथ सरकार बनाई थी। उन्होंने विधायकों और राबड़ी देवी के सामने हाथ जोड़कर माफी भी मांगी थी। बिहार की राजनीति में रविवार को बड़ी उथल-पुथल देखने को मिली जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसी के साथ बिहार में महागठबंधन की सरकार गिर गई है। बीते कई दिनों से बिहार में सियासी हलचल तेज थी। साथ ही यह कयास भी लगाए जा रही थी कि जेडीयू और राजद के गठबंधन के बीच सब कुछ सही नहीं चल रहा है। इसी का नतीजा है कि अब दोनों पार्टियां अलग हो गई है। वहीं नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद आरजेडी काफी नाराज है। नीतीश द्वारा महागठबंधन की सरकार को तोड़ने के बाद आरजेडी नेता और सांसद मनोज झा का बयान सामने आया है। मनोज झा ने कहा कि वर्ष 2017 में जब नीतीश ने गठबंधन को तोड़ा था तब उन्होंने हाथ जोड़कर माफी मांगी थी। मगर आज नीतीश बीजेपी से माफी नहीं मांगेंगे। बिहार में महागठबंधन की सरकार टूटने के बाद मनोज झा ने एक बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार ने 8 अगस्त 2022 को इस्तीफा दिया था। इसके बाद वह एनडीए गठबंधन को छोड़कर राबड़ी आवास आए थे और महागठबंधन के साथ सरकार बनाई थी। सिर्फ यही नहीं उन्होंने विधायकों और राबड़ी देवी के सामने हाथ जोड़कर माफी भी मांगी थी। उन्होंने वर्ष 2017 में महागठबंधन छोड़ने को लेकर माफी मांगी थी।

श्री गणेश स्वरूप में श्रृंगारित हुए बाबा महाकाल

# दिव्य स्वरूप का दर्शन कर भक्त हुए निहाल



**एजेंसी। उज्जैन**

माघ कृष्ण पक्ष की तृतीया रविवार पर आज भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का श्री गणेश स्वरूप में आलोकित श्रृंगार किया गया। इस दौरान बाबा महाकाल के श्रृंगार में आज त्रिपुंड का उपयोग किया गया। साथ ही आभूषण भी अर्पित किए गए। फिर उन्होंने भस्म रमाई गई। इस दिव्य स्वरूप के दर्शन हजारों भक्तों ने किए। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में रविवार सुबह होने वाली भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही मंदिर में सर्वप्रथम पुजारी और पुरोहितों के द्वारा भगवान श्री गणेश, माता पार्वती, कार्तिकेय और बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया गया। जिसके बाद कपूर आरती की गई। भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर फलो के रस से बने पंचामृत से किया गया।

### तेलंगाना से मुक्त हुए पन्ना के बंधक बनाए गए 14 मजदूर

भोपाल। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 45 मजदूरों को रोजगार दिलाने के नाम पर कर्नाटक व तेलंगाना में ले जाकर बंधक बनाया गया था। इस मजदूरों में से तेलंगाना से 14 मजदूरों को मुक्त कराया गया है।

इस पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व खजुराहो के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने गृहमंत्री अमित शाह का आभार माना है। बताया गया है कि मानव तस्करों द्वारा पन्ना जिले के अलग-अलग क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 45 मजदूरों को कर्नाटक और तेलंगाना में बंधक बनाकर मजदूरी कराई जा रही थी। मानव तस्कर इन मजदूरों को जबलपुर में अच्छी मजदूरी दिलाने के नाम पर पन्ना से बहला-फुसलाकर ले गए थे। तस्कर मजदूरों को जबलपुर न ले जाकर 27 मजदूरों को कर्नाटक और 14 को तेलंगाना ले गए। कई महीनों से मजदूरों को बंधक बनाकर वहां मजदूरी कराई जा रही थी।

# रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निमार्ताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था। उन्होंने कहा, प्रभु राम का शासन हमारे संविधान निमार्ताओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत था और इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने 'देव से देश' की बात और 'राम से राष्ट्र' की बात की थी।

### पति-पत्नी और बेटे के फंदे से लटके मिले शव

**ग्वालियर।** जिले के सिरोल थाना इलाके में पति पत्नी और मासूम बेटा फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि हत्या करके शव को लटकाया गया है। पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। बता दें सिरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुरावली इलाके में रहने वाला जितेंद्र झा मजदूरी करता है। जितेंद्र के साथ उसकी पत्नी त्रिवेणी और बेटा अचल झा रहते थे। दो दिन से इनका घर बंद था। रविवार को आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध आ रही थी। इसके बाद लोगों को संदेह हुआ तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर सिरोल थाना प्रभारी विनय सिंह तोमर फोर्स के साथ पहुंचे। यहां जब अंदर गए तो दंपत्ति और इनका बेटा फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। पड़ोसियों का कहना है कि दो दिन पहले इन्हें देखा गया था। इसके बाद शनिवार को पूरे दिन दरवाजा नहीं खुला।

# एक ही परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलकर हुई मौत



**एजेंसी। बरेली**

उत्तर प्रदेश के बरेली में दिल दहलाने देने वाली घटना हुई है। फरीदपुर कस्बा में एक ही परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मरने वालों में दंपती और उनके तीन मासूम बच्चे हैं। पांच लोग एक कमरे में सो रहे थे। रविवार तड़के घटना की जानकारी होने पर फोर्स के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि कमरे में बाहर से ताला लगा हुआ था। इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने जांच कर रही है।

मृतकों के नाम : 1. अजय गुप्ता उर्फ टिंकल (36), 2- अजय की पत्नी अनीता गुप्ता (34), 3- बेटा दिव्यांश (9), 4- दिव्यंका (6), 5- दक्ष (3) शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक अजय गुप्ता उर्फ टिंकल हलवाई थे। वह अपने परिवार के साथ तीन वर्ष से फरीदपुर के मोहल्ला फर्रकपुर में रिश्तेदार के मकान में किराये पर रहते थे।

छिंदवाड़ा पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, कहा

# चुनाव लड़ने का फैसला मैं नहीं पार्टी करती है



**नवीन मेल संवाददाता। छिंदवाड़ा**

ग्रामीण विकास मंत्री बनने के बाद पहली बार प्रहलाद पटेल छिंदवाड़ा पहुंचे। उन्होंने छिंदवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि ये फैसला प्रहलाद पटेल नहीं बल्कि पार्टी करती है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान इन सवालों का जवाब दिया। प्रहलाद पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह के ईवीएम पर सवाल उठाने को लेकर कहा कि जब कांग्रेस जीतती है तब वह ईवीएम पर सवाल नहीं उठाती। प्रहलाद पटेल ने तकनीकी चीजों पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। प्रहलाद पटेल ने कहा कि दिग्विजय सिंह के सवाल का जवाब जब उनके भाई खुद दे रहे हैं तो मुझे जवाब देने की कोई जरूरत नहीं है। अरक सर्वेक्षण पर प्रहलाद पटेल ने कहा कि मंत्री होने के नाते मेरा जो अनुभव है कि भारत सरकार का सर्वेक्षण विभाग ऐसी संस्था है। जो इतिहास को इतिहास के चश्में से देखता है। यह संस्था पुरातत्व सर्वेक्षण का भी काम करती है और अनुसंधान का भी काम करती है। पत्थरों को देखकर पत्थरों की उम्र बता देना यह सिर्फ विज्ञान नहीं कर सकता सिर्फ अरक संस्था ही कर सकती है। राम जन्मभूमि हो या ऐसे जितने भी पुरातत्व के स्थान हों। ऐसे बहुत सारे स्थान है, जहां 8000 साल से पुराने तथ्य हमारे पास मौजूद हैं।

## खेतों में पुआल जलाने की समस्या का होगा समाधान

# अब पुआल और गोबर बनेगा किसानों की अतिरिक्त आय का जरिया : सीएम



**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी)प्लांट से ना केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों द्वारा खेतों में पुआल जलाने की बहुत बड़ी समस्या का समाधान होगा। योगी ने कहा कि जिस पुआल को पहले जला दिया जाता था अब ये हमारे किसानों की अतिरिक्त आमदनी का माध्यम बनेगा। इसके साथ ही गोबर से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी। सीबीजी प्लांट ना केवल किसान और पशुपालकों के लिए, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां दातागंज विधानसभा के सैंजनी गांव में सीबीजी प्लांट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से विपन्न क्षेत्र में सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, अन्नदाता किसानों की आमदनी, युवाओं को रोजगार और नये उद्यम स्थापित करने का नया माध्यम बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्लांट की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के आठ जिलों जौनपुर, अमेठी, सीतापुर, फतेहपुर, बहराइच, बरेली, कन्नौज और बदायूं में सीबीजी प्लांट लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में 133 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सीबीजी प्लांट 50 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन धान की पराली का उपयोग करते हुए 14.25 मीट्रिक टन बायोगैस का उत्पादन हो सकेगा। साथ ही 65 मीट्रिक टन ठोस जैविक खाद का प्रतिदिन उत्पादन भी होगा। इससे प्राकृतिक और कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी, साथ ही साथ प्रदूषण में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में ये संयंत्र सहायक होगा और तो और जैव उर्वरक के प्रयोग से मिट्टी में कार्बन तत्व की वृद्धि होगी।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण




महिला नक्सली पर था एक लाख का इनाम

**एजेंसी। सुकमा**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दो महिलाओं समेत तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक महिला नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन नक्सलियों ने कहा कि वे अमानवीय और खोखली नक्सली विचारधारा से निराश थे और शनिवार शाम यहां पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 50वीं बटालियन के अधिकारियों के सामने उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों की पहचान दुधी सुकड़ी (53), दुधी देवे (38) और माड़वी हड़मा (26) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि तुमलपाड़ क्रांतिकारी महिला आदिवासी संगठन (नक्सलियों की एक प्रमुख इकाई) की प्रमुख के रूप में सक्रिय रही देवे पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारी के अनुसार तीनों नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि वे जिला पुलिस के नक्सलियों के पुनर्वास अभियान ह्यपुना नार्कोम से प्रभावित हैं।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित से एक साथ चुनाव कराने पर की चर्चा



**नई दिल्ली।** बयान में कहा गया है कि राजनीतिक दलों के साथ अपनी चर्चा जारी रखते हुए, कोविंद ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, गोवा के अध्यक्ष दीपक पांडुरंग धवलीकर के साथ भी बातचीत की। देश में विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर उच्च स्तरीय समिति के प्रमुख और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ परामर्श किया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को बताया गया कि सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ अपने विचार-विमर्श को जारी रखते हुए, कोविंद ने मेघालय उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा से भी मुलाकात की, जिन्होंने इस विषय पर अपनी राय दी।शोध पत्र में कहा गया कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास को गति मिलेगी और पूंजी और राजस्व पर व्यय में अधिक सरकारी निवेश होगा। यह समिति की चौथी बैठक थी। बयान में कहा गया है कि राजनीतिक दलों के साथ अपनी चर्चा जारी रखते हुए, कोविंद ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, गोवा के अध्यक्ष दीपक पांडुरंग धवलीकर के साथ भी बातचीत की।

### कांग्रेस ने इजराइल में नौकरी तलाश रहे लोगों को लेकर सरकार को घेरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में हजारों युवा कतार में हैं, खासतौर पर युद्धग्रस्त इजराइल में फलिस्तीनी श्रमिकों के स्थान पर नौकरियों लेने के लिए। कांग्रेस ने इजराइल में नौकरियों के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा के लोगों के कथित तौर पर कतार में लगने को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह देश में बेरोजगारी की गंभीर स्थिति का प्रतिबिंब है और यह तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दावों का मखौल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में सवाल किया, हजारों भारतीय युद्ध के दौरान अपनी जान जोखिम में डालने के लिए तैयार होकर इजराइल में नौकरियों की तलाश क्यों कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, मोदी सरकार के पिछले पांच वर्षों में वास्तविक ग्रामीण मजदूरी की वृद्धि दर कृषि (-0.6 प्रतिशत) और गैर-कृषि (-1.4 प्रतिशत) दोनों के लिए नकारात्मक हो गई है, जिसका अर्थ है कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक संकट है। उन्होंने कहा कि 2022-23 में ग्रामीण भारत में पुरुषों के लिए दैनिक मजदूरी 212 रुपये थी जो 2014 में दिए जा रहे 220 रुपये से कम है।

### पश्चिमी विक्षोभ से हो सकती है पहाड़ों पर मौसम की पहली भारी बर्फबारी



**हिमाचल।** सर्दी के इस मौसम में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पर्वत की चोटियों पर बर्फ पर वो नजारा नहीं दिखा जो आमूमन हर वर्ष होता है। आईएमडी ने इसके लिए सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की कमी को जिम्मेदार ठहराया है। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होता है और इससे उत्तर पश्चिम भारत में बेमौसम वर्षा आती है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की कमी को मौजूदा अल-नीनो स्थितियों के लिए भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अल-नीनो स्थिति मध्य प्रशांत महासागर में सतही जल का असामान्य रूप से गर्म होना है। लद्दाख के लेह में मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख सोनम लोटस ने कहा कि वर्षा की कमी से हिमालय क्षेत्र में ताजे पानी की उपलब्धता पर असर पड़ने की आशंका हैजिससे बागवानी और खेती-बाड़ी प्रभावित होगी।आईएमडी ने शनिवार को कहा कि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के रविवार से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के मौसम पर असर पड़ सकता है और एक अन्य विक्षोभ के 31 जनवरी से इस क्षेत्र एवं उत्तर-पश्चिम भारत के आसपास के मैदानी इलाकों के मौसम को प्रभावित करने की संभावना है।

### इंडिया ब्लॉक के सदस्यों को अपनाना चाहिए अखिलेश मॉडल : सपा



**लखनऊ।** रविवार को इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अमीक जामेई ने कहा, "जो चुनाव होने जा रहे हैं वह हमारे धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र को बचाने के लिए हैं। हमारी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कांग्रेस और आरएलडी के साथ सीट बंटवारे की घोषणा करके एक मॉडल पेश किया है। कांग्रेस के साथ दूसरे दौर की बातचीत जारी है। भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए सभी को इसका पालन करना चाहिए। अखिलेश यादव ने शनिवार को घोषणा की थी कि उत्तर प्रदेश में 11 मजबूत लोकसभा सीटों के साथ कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन ₹अच्छी शुरूआत₹ है। इसके तुरंत बाद, कांग्रेस ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत और सपा प्रमुख यादव के बीच सीट बंटवारे पर रचनात्मक बातचीत चल रही है, लेकिन यह भी कहा कि अभी तक एक फॉमूर्ले को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। नीतीश कुमार के इस्तीफे पर सपा प्रवक्ता ने कहा, "ऐसा नहीं होना चाहिए था। हमारे नेता मुलायम सिंह यादव द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चले हैं, जिन्होंने भाजपा को सत्ता हासिल करने से रोकने के लिए सब कुछ किया।

### नीतीश के झटके से राज्यों में छोटा भाई बनने को मजबूर कांग्रेस

**लखनऊ।** बिहार में चल रहे सियासी उठापटक के बीच आनन फानन में कांग्रेस ने यूपी में सपा से समझौते में 11 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। सियासी जानकर बताते हैं कि बंगाल, पंजाब और बिहार में क्षेत्रीय दलों के दबाव के बाद कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के सामने छोटे भाई की भूमिका अदा करने को मजबूर हो गई है। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियां पंजाब, बंगाल और हरियाणा में अलग अलग चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद बिहार में नीतीश कुमार के घटनाक्रम के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की औपचारिक घोषणा कर दी और सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गठबंधन की घोषणा की। कांग्रेस के एक बड़े नेता का कहना है कि कांग्रेस बड़ी पुरानी पार्टी है। उसे इंडिया गठबंधन में निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए।

# वेस्टइंडीज को 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में पहली टेस्ट जीत

**एजेंसी। गाबा**

अनुभवहीन वेस्टइंडीज ने यहां एक रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को आठ रन से हरा दिया, यह फरवरी 1997 के बाद देश में उनकी पहली टेस्ट जीत है, जब कर्टली एम्ब्रोस के 7/93 ने मार्क टेलर के ऑस्ट्रेलिया को 10 विकेट से हराया था।

लगभग तीन दशक बाद वेस्टइंडीज की जीत के नायक एक और तेज गेंदबाज शमर जोसेफ थे। जिन्होंने दूसरी पारी में 7/68 विकेट लेकर करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार शमर को उनके शानदार प्रयासों के लिए मैच और सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

चौथे दिन के पूवार्नुमानों को झुठलाते हुए ब्रिस्बेन में खेल समय पर शुरू हुआ। घायल शमर के साथ जिनके पैर की अंगुली की चोट के कारण दिन से चूकने की संभावना लग रही थी फिर से गेंद के साथ वेस्टइंडीज के मुख्य व्यक्ति के रूप में खड़ा हुआ।

जैसे ही ऑस्ट्रेलिया 60/2 पर फिर से शुरू हुआ, पर्यटकों के नए स्टार ने कैमरून ग्रीन और स्टीव स्मिथ के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी को तोड़ दिया, ग्रीन की रक्षापंक्ति को पछाड़ते हुए उन्हें अर्धशतक से आठ रन पहले आउट कर दिया।

स्मिथ ने अपना आक्रमण जारी रखा हालांकि टीम के साथी दूसरे छोर पर गिर गये। ट्रैविस हेड फिर से पहली गेंद पर शून्य पर आउट हो गये, इस बार शमर जोसेफ यॉर्कर का शिकार बने। इसके तुरंत बाद एलेक्स कैरी (2) उसी गेंदबाज का शिकार बने, जो एक बार फिर पांच विकेट लेने की दौड़ में था।

स्मिथ ने अर्धशतक पूरा किया हालांकि तनाव तब और बढ़ गया जब वेस्टइंडीज ने जीत के लिए दबाव बनाना जारी रखा। पहले सत्र में खेल तब बढ़ाया गया जब ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस शमर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। नाथन लियोन के लचीलेपन ने ऑस्ट्रेलिया को 187/8 तक पहुंचाने में मदद की जबकि स्मिथ दूसरे छोर पर अभी भी नाबाद हैं।

हालांकि यह तब टूट गया जब वेस्टइंडीज के उप-कप्तान अल्जारी जोसेफ ने दूसरे सत्र के पहले ही ओवर में लियोन को आउट कर दिया। जब केवल एक विकेट बचा था, स्मिथ ने गियर बदला और बड़े स्ट्रोक लगाये। हालांकि मैरून टीम को आखिरी सफलता तब मिली जब शमर ने हेजलवुड को क्लीन बोल्ड कर दिया, जबकि ऑस्ट्रेलिया अभी भी आठ रन पीछे था। 1999 के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली ड्रॉ टेस्ट सीरीज थी। 1992/93 सीजन के बाद यह पहली बार था कि वेस्ट इंडीज ने टेस्ट प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया जमीन को अपराजित छोड़ा। इस जीत से वेस्टइंडीज को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में एक स्थान ऊपर चढ़कर 7वें नंबर पर पहुंचने में मदद मिली और नंबर 1 पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया और नंबर 2 पर मौजूद भारत के बीच अंक प्रतिशत का अंतर कम हो गया।




### गिलक्रिस्ट ने जीत के बाद लारा को लगाया गले



इस मैच के हीरो रहे शमार जोसेफ ने आस्ट्रेलिया के हेजलवुड को उनको क्लीन बोल्ड कर दिया जिसके बाद मैदान पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। ग्राउंड पर विंडीज टीम के सभी खिलाड़ी अपनी इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहे थे। वहीं कॉमेंट्री बॉक्स में दो दिग्गजों ने एक दूसरे को गले लगा रखा था। हम बात कर रहे हैं ब्रायन लारा और एडम गिलक्रिस्ट की।

## भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग मैचों के लिए भुवनेश्वर पहुंची

**एजेंसी। भुवनेश्वर (ओडिशा)**

इस साल के बाद में होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहने के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के पहले क्लस्टर के दौरान कुछ गौरव बचाने की कोशिश करेगी, जो तीन फरवरी को कलिंगा स्टेडियम में शुरू होगा।

कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला में इस क्लस्टर में अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए भारतीय टीम रविवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। लंबे समय से संरक्षक सविता कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगी, जबकि फारवर्ड वंदना कटारिया, जो चोट से उबरने के बाद टीम में लौटी हैं, उनके डिप्टी के रूप में काम करेंगी। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (महिला) राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जाने से पहले, 3 से 9 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होने वाली है, जहां लीग 12 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

## इंग्लैंड की भारत पर 28 रनों की यादगार जीत

**एजेंसी। हैदराबाद**

भारत आखिरकार इंग्लैंड के स्पिनरों से मात खा गया और उसे पहले टेस्ट में इंग्लैंड से चौथे दिन रविवार को देर तक खिंचे अंतिम सत्र में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा और भारत पांच मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गया। भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन भारतीय टीम 202 रन पर सिमट गयी। भारत का शीर्ष क्रम फ्लॉप रहा जबकि भारत के पुछल्ले बल्लेबाजों ने संघर्ष किया, लेकिन यह नाकाफी था। पहली पारी में बुरी तरह पिटने के बाद टॉम हार्टली ने दिल जीता और 62 रन पर सात विकेट के साथ एक यादगार डेब्यू किया।




2012 से ही इंग्लैंड की टीम एशिया में कभी भी पहला मैच नहीं हारी है। यह पिछले 48 घरेलू टेस्ट मैचों में भारत की सिर्फ चौथी हार है। सुबह इंग्लैंड ने कल के 6 विकेट पर 316 रन से आगे खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 420 रन बनाये और भारत के सामने 231 रन का लक्ष्य रखा। इंग्लैंड की दूसरी पारी में ओली पॉप ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 196 रन बनाये और मात्र चार रन से दोहरे शतक से चूक गए। पॉप ने 278 गेंदों की अपनी पारी में 21 चौके लगाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 39 रन बनाये जबकि निचले क्रम में श्रीकर भारत और रविचंद्रन अश्विन ने 28-28 रन का योगदान दिया। मोहम्मद सिराज 12 रन बनाकर आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। हार्टली ने कुल 7 भारतीय बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया। सिराज बड़े शॉट के लिए क्रीज से आगे निकले और उनके स्टंप होने के साथ की भारत की जीत की अंतिम उम्मीद भी पवेलियन लौट गई। इंग्लैंड अब सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है।

## हॉकी इंडिया ने हरबिंदर सिंह को पद्मश्री सम्मान दिये जाने की घोषणा पर दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व दिग्गज हॉकी खिलाड़ी हरबिंदर सिंह को पद्मश्री सम्मान दिये जाने की घोषणा पर हॉकी इंडिया ने बधाई दी है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हरबिंदर सिंह को हॉकी में उनके अनुकरणीय करियर के लिए पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

डॉ टिर्की ने रविवार को एक बयान में कहा कि हरबिंदर सिंह हममें से कई लोगों के लिए एक आदर्श रहे हैं और वह युवा हॉकी खिलाड़ियों की इस पीढ़ी को लगातार प्रेरित कर रहे हैं। मैं उन्हें इस सम्मान के लिए बधाई देता हूं।



हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी इस महान खिलाड़ी को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया की ओर से मैं हरबिंदर सिंह को बधाई देता हूं। वह हमेशा भारत के बेहतरीन सेंटर फॉरवर्ड में से एक के रूप में जाने जाएंगे। उन्होंने देश के लिए कई पुरस्कार जीते। वह आज भी खेल की सेवा कर रहे हैं, किसी भी क्षमता में शामिल होने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और यह बहुत प्रेरणादायक है।

**शानदार रहा करियर**

हॉकी स्टार हरबिंदर सिंह ने 1961 और 1972 के बीच भारतीय टीम लिए खेला। तीन ओलंपिक खेलों में भाग लिया और प्रत्येक में पदक जीता। 1964 में स्वर्ण पदक के अलावा, वह 1968 मैक्सिको ओलंपिक और 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। वह भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग का हिस्सा थे जब टीम ने 1966 में एशियाई खेलों में स्वर्ण और 1970 में रजत पदक जीतकर एशिया में अपना दबदबा बनाया था।

## बल्लेबाजी के लिए भारत को राहुल की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल के विदेशी दौरों, विशेषकर दक्षिण अफ्रीका के दौरों ने भारत को बल्लेबाजी की गहराई को प्राथमिकता देने और अस्थायी विकेटकीपरों को तैनात करने के लिए प्रेरित किया, जिसमें एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करने के लिए एक स्पिनर का त्याग किया गया।

अब, स्पिन-अनुकूल घरेलू परिस्थितियों में वापसी के साथ, फोकस विकेटकीपर की प्राथमिक भूमिका पर केंद्रित हो गया है और भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत और बल्लेबाज केएल राहुल के साथ जा रहे हैं।

राहुल, जिन्होंने विदेशी दौरों के दौरान विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी, को लगता है कि उनकी जगह संभावित रूप से खतरे में है क्योंकि भारत एक




विशेषज्ञ विकेटकीपर की वापसी पर विचार कर रहा है।

राहुल और विकेटकीपर-बल्लेबाज केएस भरत के बीच चयन महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भरत के पास भारतीय परिस्थितियों में नामित विकेटकीपर के रूप में व्यापक अनुभव है।

इससे पहले, पूर्व भारतीय विकेटकीपर सबा करीम ने नियमित कीपर की जरूरत पर जोर देते हुए कहा था कि राहुल विकेटकीपिंग में माहिर हैं, लेकिन घरेलू सीरीज में मांगें अलग हो सकती हैं।

भरत, ऋषभ पंत के शिष्य के रूप में काम कर चुके हैं और दस्तानों के साथ दक्षता का प्रदर्शन कर चुके हैं, इस भूमिका के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं। भारत के सामने राहुल और प्रतिभाशाली बल्लेबाज श्रेयस अय्यर दोनों को अंतिम एकादश में शामिल करने की चुनौती है। राहुल को कीपर के रूप में उपयोग करने का प्रलोभन 7, 8 और 9 पर ऑलराउंडरों के साथ बल्लेबाजी लाइनअप को नंबर 6 तक मजबूत करने की संभावना से उत्पन्न होता है।

# खेलकूद से मीडियाकर्मी और उत्कृष्ट होंगे: विधानसभा अध्यक्ष

### टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

### पहले दिन के मैच में कांची ने सकरी को तथा मयूराक्षी ने खरकई को किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि मीडिया में काम करने वाले लोगों के लिए रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट बहुत लाभप्रद होगा। वे रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ग्राउंड में टाटा स्टील मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित कर रहे थे। 10 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 20 मैच खेले जाने हैं। रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को बिरसा एग्रीकल्चर विवि के स्टेडियम में उद्घाटन मैच में टीम कांची ने टीम सकरी को हराकर अपने विजय अभियान का शुभारंभ किया।





इस मौके पर रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, विनय कुमार, कुमार कौशलेंद्र और आनंद मोहन ने शॉल, बुके और पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर स्पीकर ने पत्रकार खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि रांची प्रेस क्लब के द्वारा किया जा रहा यह आयोजन बेहद उत्साहवर्धक है, साथ ही अनोखा भी है। निसंदेह यह आयोजन पत्रकारों के सेहत और उनके उत्साह को बरकरार रखेगा। मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य प्रायोजक टाटा स्टील है और सह प्रयोजक अडानी प्राइवेट लिमिटेड, एनटीपीसी और जेके क्रिकेट एकेडमी है। उद्घाटन समारोह में अडानी ग्रुप के कॉरपोरेट अफेयर्स हेड संजीव शेखर, टाटा स्टील के अमित गुप्ता और एनटीपीसी माइनिंग के अधिकारी अमित कुमार बेहरा के अलावा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति आरएस दूबे और प्रभात खबर के जमशेदपुर संपादक संजय मिश्र मौजूद थे।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच कांची और सकरी के बीच खेला गया। सकरी टीम ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। कांची ने 16 ओवर में 114 रनों का लक्ष्य सकरी के समक्ष रखा। कांची के बनाये स्कोर के जवाब में सकरी ने सभी विकेट खोकर 14.2 ओवरों में 107 रन ही बना पाई। कांची ने सकरी को पराजित कर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच फिरोज जिलानी को घोषित किया गया। जिन्होंने 43 रन देकर हैट्रिक के साथ पांच विकेट भी झटके। जिलानी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रांची प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय मिश्रा ने दिया।

टूनार्मेंट के दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम खरकई ने मयूराक्षी के खिलाफ 16 ओवर में 120 रन बनाए। इसके जवाब में टीम मयूराक्षी ने मात्र दो विकेट खोकर 123 रन बनाकर टीम खरकई पर जीत हासिल कर ली। मयूराक्षी के अमित सिंह ने 22 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीत लिया। वहीं अपनी टीम के लिए सर्वाधिक तीन विकेट अमित कुमार ने लिया।

## खबरें व्यापार जगत की

### मध्यम आय वाले परिवार सुरक्षित रहते हुए बढ़ा सकते हैं अपना पैसा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्यम आय वाले परिवारों के पास अपनी मेहनत की कमाई को बैंकों, डाकघरों और वित्तीय कंपनियों द्वारा पेश की जा रही निवेश योजनाओं में लगाने के लिए कई विकल्प हैं।



इनमें सरकार द्वारा समर्थित बिना जोखिम वाली योजनाओं से लेकर गारंटीशुदा रिटर्न की पेशकश करने वाली योजनाओं से लेकर उच्च रिटर्न का वादा करने वाली मध्यम-जोखिम और उच्च-जोखिम वाली योजनाएं शामिल हैं। उत्तरार्द्ध में जोखिम का एक तत्व होता है, क्योंकि वे शेयर बाजार से जुड़े होते हैं और इसलिए इसके उतार-चढ़ाव की संभावना होती है।

मध्यम आय वाले निवेशक जो सुरक्षित खेलना चाहते हैं और जोखिम से बचना चाहते हैं, वे निम्नलिखित योजनाओं में निवेश कर सकते हैं जो गारंटीशुदा रिटर्न प्रदान करती हैं।

**सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) :** यह प्रति वर्ष न्यूनतम 100 रुपये के निवेश के साथ सबसे लोकप्रिय दीर्घकालिक निवेश उत्पाद है।

यह योजना प्रति वर्ष 7.10 प्रतिशत के रिटर्न की गारंटी देती है, जो पूरी तरह से कर-मुक्त है। पीपीएफ योजनाएं आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत कर बचत के लिए भी पात्र हैं। हालांकि, इस योजना में 15 वर्ष की लॉक-इन अवधि है।

डाकघर की बचत योजनाएं सरकार समर्थित हैं और इस प्रकार गारंटीशुदा रिटर्न प्रदान करती हैं। इनमें चक्रवृद्धि ब्याज दर पर रिटर्न देने का लाभ है, जो साधारण ब्याज देने वाली अन्य बैंक बचत योजनाओं की तुलना में बहुत अधिक है। वे आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक कर लाभ भी प्रदान करते हैं।

**डाकघर बचत योजनाएं :** इनमें कई विश्वसनीय उत्पाद शामिल हैं, जिन पर ब्याज दर कार्यकाल के अनुसार भिन्न होती है, एक वर्ष की अवधि के लिए 6.9 प्रतिशत से लेकर पांच साल की अवधि के लिए 7.5 प्रतिशत तक, जो तिमाही आधार पर चक्रवृद्धि होती है।

डाकघर की एक मासिक आय योजना भी है, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयुक्त है। वरिष्ठ नागरिक मासिक आय योजना के लिए अधिकतम जमा राशि 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी गई है।

मासिक बचत योजना के लिए अधिकतम जमा सीमा भी एकल खाते के लिए 4.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 9 लाख रुपये और संयुक्त खाते के लिए 9 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दी गई है।

### पतंजलि विवि, अनुसंधान संस्थान और केंद्रीय जनजातीय विवि आंध्र के बीच हुआ एमओयू



**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान और केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश के मध्य आज आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ, जिसके तहत तीनों संस्थान जनजाति विकास, औषधि, आजीविका अभिवृद्धि एवं संबंधित शोध कार्यों को मिलकर कर सकेंगे। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि तीनों संस्थान मिलकर मिलेट्स, अराकू कॉफी से संबंधित शोध कार्यों को गति देने पर मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनजातीय समूहों को जोड़कर कार्य किया जाएगा। कहा कि इस सम्पूर्ण कार्य योजना में पतंजलि की अहम भूमिका होगी। साथ ही पतंजलि ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कर लोगों को प्रशिक्षित भी करेगी। उन्होंने कहा कि पतंजलि संस्थान जनजाति समूहों के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्ण प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश के कुलपति प्रो टीवी कट्टिमणी ने कहा कि पतंजलि एक विश्वविख्यात संस्थान है। पतंजलि के साथ जुड़ने से इस सम्पूर्ण कार्य योजना को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व तथा पतंजलि की अपार क्षमताओं से निश्चित ही जनजातीय समूहों का विकास होगा। कार्यक्रम में प्रो टीवी कट्टिमणी (वीसी, सीटीयू, एपी), पतंजलि विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ प्रवीण पुनिया, पतंजलि शोध संस्थान के वैज्ञानिकों सहित पतंजलि संन्यास आश्रम के संतगण भी उपस्थित थे।

### जेनरेटिव एआई हमारे परिचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है : नेटफ्लिक्स




**सैन फ्रांसिस्को।** नेटफ्लिक्स ने जेनरेटिव एआई पर खतरा जताते हुए कहा है कि ऐसी टेक्नोलॉजी उनके संचालन और अन्य कंपनियों के साथ प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) के साथ दायर अपनी वार्षिक रिपोर्ट में, स्ट्रीमिंग जायंट ने कहा कि जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डेवलपमेंट और उपयोग सहित नए टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट्स तेजी से विकसित हो रहे हैं। कंपनी ने कहा अगर हमारे प्रतिस्पर्धियों को ऐसी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लाभ मिलता है तो प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने की हमारी क्षमता और हमारे संचालन के परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### एप्पल ने 2023 में पहली बार चीन के स्मार्टफोन बाजार में शीर्ष स्थान किया हासिल



**हांगकांग।** एप्पल ने साल-दर-साल 1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 2023 में पहली बार चीनी बाजार में वार्षिक शिपमेंट के मामले में शीर्ष स्थान हासिल किया। एप्पल की वार्षिक बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 19 प्रतिशत हो गई जबकि शिपिंग 51.8 मिलियन यूनिट हो गई। मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, वीवो, ओप्पो और ऑनर ने कड़ी प्रतिस्पर्धा की प्रत्येक ने क्रमशः 44.5 मिलियन, 43.9 मिलियन और 43.6 मिलियन यूनिट की वार्षिक शिपमेंट के साथ 16 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा कर लिया। वार्षिक बाजार में शाओमी 13 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ पांचवें स्थान पर रही। हुआवेई, छठे स्थान पर है, इसकी पूरे साल की बाजार हिस्सेदारी 2022 में 8 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12 प्रतिशत हो गई, जिसमें साल-दर-साल 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### सैमसंग ने अगली जेनरेशन के 3डी डीआरएएम डेवलपमेंट के लिए खोली नई रिसर्च लैब

**सोल।** दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप निमार्ता कंपनी सैमसंग ने अगली जनरेशन के त्रि-आयामी (3डी) डीआरएएम विकसित करने पर फोकस करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में एक नई रिसर्च लैब बनाई है। सूत्रों के अनुसार, नई लैब डिवाइस सॉल्यूशंस अमेरिका (डीएसए) के तहत काम कर रही है, जिसका मुख्यालय सिलिकॉन वैली में है, जो अमेरिका में सैमसंग के सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन की देखरेख करती है।

## एक नजर

### बीडीओ ने दो आंगनबाड़ी भवनों का किया शिलान्यास



**पाटन।** प्रखंड के सुदूरवर्ती लोईंगा पंचायत में नन्हे-मुन्ने नौनिहालों के लिए दो आंगनबाड़ी भवनों का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया रंजीत कुमार यादव उर्फ गुडू यादव ने नारियल फोड़कर व फीता काट कर किया। बीडीओ ने कहा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में काफी मदद मिलेगी। मौके पर रोजगार सेवक देवेंद्र उपाध्याय भी मौजूद थे।

### मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन

**छतरपुर।** नगर पंचायत स्थित करमाकला सूर्य मंदिर के पास प्रखंड स्तरीय तेली साहू समाज का मिलन समारोह एवं वन भोज कार्यक्रम सह सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता व संचालन प्रखंड स्तरीय संरक्षक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान जहां छतरपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया वहीं मार्च महीने में छतरपुर बाजार परिसर में होली मिलन समारोह धूमधाम से बनाने पर सहमति जतायी गयी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, संरक्षक भारत साहू, अजीत साहू, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, महामंत्री कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राजाराम गुप्ता, सचिव चुनमुन गुप्ता, संतोष प्रसाद गुप्ता, सचिव चंद्र मोहन गुप्ता उर्फ चंदू,सुनील प्रसाद, उपस्थित थे।

### कोचिंग एसोसिएशन की दूसरी वर्षगांठ मनी




**हरिहरगंज।** शहर के कॉलेज रोड स्थित ए टू जेड कोचिंग संस्थान में हरिहरगंज/महाराजगंज कोचिंग एसोसिएशन की दूसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष एमडी मनान तथा संचालन अनुज कुमार मेहता उर्फ बबलू ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष एमडी मनान, सचिव कुमुद रंजन सिंह तथा कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान संगठन से जुड़े संस्थानों, शिक्षकों व छात्रों के हितों का ध्यान व उचित मार्गदर्शन में संस्थान का संचालन कैसे हो इस पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। इस मौके पर एसोसिएशन के मोहन मिश्रा, गुप्ता सिंह, इंजीनियर वॉटर ,ओमप्रकाश, सरोज चौधरी, सौरभ वर्मा, प्रदीप कुमार, आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, गुलाम कादिर, विक्की सिंह, कादिर आलम, करण कुमार, आदर्श कुमार साहित्य मौजूद थे।

## माता देवरानी पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# देशभक्ति तरानों ने किया मंत्रमुग्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर स्थित माता देवरानी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र प्रसाद, जफर हुसैन, हिमांशु तिवारी व अनुज कुमार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक जेपी मेहता ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय संस्थापक स्व. रामप्रसाद महतो के आदर्शों पर चल रहा है। बेहतरीन शिक्षा देने के लिए विद्यालय में उच्चतम गुणवत्ता के शिक्षक है। विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक गांव-शहर के छात्रों को गुणवत्ता युक्त व तकनीकी शिक्षा देना है। जो कि सभी वर्ग के छात्रों को उपलब्ध हो सके। इस दौरान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति तराने पेश किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक हरि यादव, राकेश कुमार, निकेश कुमार, प्राचार्य पूनम कुमारी, वाइस प्रिंसिपल अमरेश मेहता, यासमीन इकबाल, सुबी खातून, तनुजा सिंह, करिश्मा कुमारी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।




सांस्कृतिक कार्यक्रम देते छोटे बच्चे व अन्य।

# पाटन-छतरपुर विधायक ने किया 30 जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार/पाटन।** पाटन प्रखंड में रविवार को विधायक पुष्पा देवी ने 30 जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। किशनपुर हाई स्कूल के मैदान में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। पूर्व सांसद ने कहा की भाजपा एक बहुत बड़ा परिवार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के साथ हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने एवं संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी ने किया। इस मौके पर जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, पाटन मंडल उपाध्यक्ष कामता सिंह, पाटन मंडल युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, किशनपुर मंडल युवा अध्यक्ष चंदन दुबे, किशनपुर मंडल उपाध्यक्ष राधेश्याम मेहता, बृज बिहारी सिंह, कुश सिंह, गुड्डू सिंह, अजय सिंह, जय साहब, विवेक सिंह, बबन प्रसाद, ओमप्रकाश पांडे, मनीष सिंह, प्रमोद सिंह,राजू माली मौजूद थे।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताओं की धूम, स्कूलों में निकली झांकी

# धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, शान से लहराया तिरंगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** आंचलिक व नगर परिषद क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूरे क्षेत्र में तिरंगा शान से लहराया गया। विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने जबकि प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ विक्रम आनंद ने झंडोत्तोलन किया। विश्रामपुर थाने में थाना प्रभारी शशि रंजन,नावाडीह कला ओपी में प्रभारी अजय करकेटा,रेहला थाने में थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने ध्वजारोहण किया। आरसीआईटी कॉलेज में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया। जनता उच्च विद्यालय में प्राचार्य भोला राय,रेहला संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में प्राचार्य अरुण धर दुबे,रेहला संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में प्राचार्य संतोष मिश्रा,रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में निदेशक एसएम एस्ले,बेलचंपा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में संस्थापक उमेश सिंह,रेहला ज्ञानदीप कान्वेंट स्कूल में संस्थापक अवध बिहारी पांडेय,प्रोगेसिव चिल्ड्रेंड एकेडमी में निदेशक डॉ. अनिल कुमार सिंह,संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में वरीय समाजसेवी विजय पांडेय,विश्रामपुर मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में निदेशक राहुल जैकब,रेड रोज पब्लिक स्कूल में थाना प्रभारी शशि रंजन,आरापुर विवेकानंद पब्लिक स्कूल में निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने ध्वजारोहन किया। जबकि कांग्रेस कार्यालय पर प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू,,विश्रामपुर भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष बबन राम,बीमोड़ भाजपा कार्यालय पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,राजद नगर कार्यालय पर नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी,राजद प्रखंड कार्यालय पर अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, आरएसएस कार्यालय पर सह जिला कार्यवाह अमितेश्वर दयाल ने तिरंगे को सलामी दी। इसके अलावे सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में इकाई प्रमुखों ने झंडोत्तोलन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं की धूम रही। आरसीयू विश्वविद्यालय, मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल, विवेकानंद पब्लिक स्कूल व रेहला ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं रेड रोज पब्लिक स्कूल और विवेकानंद पब्लिक स्कूल द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गई।






# लाभुकों का जियो टैग ग्रामसभा के अनुसार कराने की मांग

### प्रखंड मुखिया संघ ने बीडीओ को भेजा पत्र, जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** ऊंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया ने बीडीओ को पत्र लिखकर अबुआ आवास योजना का जियो टैग ग्राम सभा के अनुसार चयनित सूची से कराने की मांग की है। प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, राम वचन राम, करकटा मुखिया कमला देवी, जोगा मुखिया कमला देवी, मुरमा कला मुखिया मीना देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह आदि ने बीडीओ को दिये आवेदन में कहा है कि ऊंटारी रोड प्रखंड के सभी पंचायत में निर्धारित तिथि को ग्रामसभा हुई और ग्रामसभा में कमजोर, दिव्यांग, विधवा आदि की सूची बनाते हुए प्रेषित की गयी है। इसके बाद 28 जनवरी को पंचायत सचिव व रोजगार सेवक जियो टैग की जो सूची लेकर आये। वह ग्रामसभा की सूची के विपरीत है। ऐसे में ग्राम सभा कराने का कोई औचित्य नहीं गया है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में मुखिया अशोक सिंह ने बताया कि पूछे जाने पर आवास कोर्डिनेटर ने बताया कि ऊपर का निर्देश है। इसका ग्रामसभा से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सूची कोटिवार बनाने की मांग करते हुए जियो टैग कराने की मांग की है। मौके पर समाजसेवी कृष्णा पाल, पारस कुमार,असगर अली शामिल थे।

## स्कूली बच्चों ने अतिथियों के स्वागत के बाद कई नृत्य गान की प्रस्तुति की

**हैदरनगर।** समाज व गरीबों की सेवा कार्य में अनवरत जुटे सेवानिवृत प्रधानाध्यापक स्व. रामप्रसाद महतो की स्मृति में मरघटिया रोड में शनिवार को स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। इसमें सरस्वती वंदना व अतिथियों के स्वागत के बाद कई नृत्य गान की प्रस्तुति की। आवाज पर मेलॉडी साउंड के संस्थान ललन राम व गायक विरेन्द्र भारती ने कई गीतों के रिकॉर्डिंग पर बच्चों को मंच पर खूब झूमाने व उनके हौसला बढ़ाने का कार्य किया। स्कूल के निदेशक जयप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि प्रधानाध्यापक स्व. रामप्रसाद महतो ने सेवानिृवति के बाद निरंतर शिक्षण कार्य से जृड़े रहे। स्कूल के संस्थापक के रुप में भूमिका के साथ शिक्षा के गुणवत्ता को निजी प्राचार्य अमरेश मेहता, शिक्षक हरि यादव, राकेश कुमार, निकेश कुमार, यासमीन एकबाल, सूबी खातून, तनुजा सिंह, करिश्मा कुमारी के साथ मिलकर आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

## झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की जिलों में स्वीप गतिविधियों की समीक्षा, दिये

# जिलों को स्वीप एक्शन प्लान करने के निर्देश

### पलामू समाहरणालय में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारियों के बीच शनिवार को झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार पलामू पहुंचे। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किये जाने की प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने पलामू समाहरणालय में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का निरीक्षण भी किया। सीईओ श्री कुमार ने शनिवार की देर शाम पलामू के एनआईसी के सभागार से राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को स्वीप एक्शन प्लान बनाने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कैंप एंबेसडर के साथ बैठक कर स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाने एवं स्वीप सेल कोर कमेटियों के साथ बैठक कर स्वीप कार्यक्रमों में गति लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा मतदान केंद्र एवं मॉडल मतदान केंद्र बनाने के लिए प्लान तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने झारखंड के प्रवासी श्रमिक जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं, उन्हें भी मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित मजदूरों की सूची लेते हुए प्रवासी श्रमिकों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने को प्रेरित करने का सुझाव दिया। बैठक में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता-सह- निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुरजीत सिंह, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सामान्य शाखा पदाधिकारी-सह-स्थापना समाहर्ता रश्मि रंजन उपस्थित थे।



बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी



बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**मतदान केंद्र एवं मॉडल मतदान केंद्र बनाने के लिए प्लान तैयार करने**

## पति की मौत, पत्नी की हालत नाजुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियाही मोड़ पर एक कार के अनियंत्रित होकर खेत में उतर जाने के कारण उस पर सवार एक वृद्ध की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला को एमआरएम सीएच में भर्ती कराया गया है। उन्हें रांची रिम्स रेफर करने की तैयारी चल रही थी। इस घटना में कार चालक बाल-बाल बच गया। मृतक की पहचान गढ़वा जिले के नवगढा मोहल्ला निवासी विजय राम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शनिवार को विजय पत्नी के साथ मेदिनीनगर के बारालोट गुरियाही में दामाद आशीष कुमार के घर आए हुए थे। रात में नाती की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए। रविवार की सुबह करीब 9 नाश्ता करने के बाद विजय पत्नी सावित्री देवी के साथ कार से गढ़वा अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में जोगियाही मोड के पास अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे स्थित खेल में लुढ़क गयी।

## सांत्वना | तेतरिया मोड़ घटना में मृत युवकों के परिजनों से मिला कांग्रेस का शिष्टमंडल

# मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख मुआवजा देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बिहार के तेतरिया मोड़ पर मॉब लीचिंग में मारे गए हैदरनगर के तीन युवकों अरमान अहमद, मुजाहिद राइन व अंजार मंसुरी उर्फ चमन अंसारी के परिजनों से कांग्रेस का शिष्टमंडल जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में रविवार को मुलाकात की। शिष्टमंडल में शामिल नेताओं ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। उन्हें इंसाफ दिलाने की बात कही। साथ ही पीड़ित परिवारों के बयान से केंदीय व राज्य के नेताओं को अवगत कराने का भरोसा दिलाया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि तेतरिया मोड़ की घटना की पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी इन परिवारों को हर संभव मदद के साथ उन्हें इंसाफ दिलाने का काम करेगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के साथ घटना में मारे गए युवाओं के आश्रितों को बिहार सरकार से 25 -25 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मारे गए तीनों युवा व्यवसाय कर अपना परिवार चलाते थे। उनकी मौत के बाद तीनों परिवार बेसहारा हो गए हैं। शिष्टमंडल में शामिल पार्टी के प्रदेश महासचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि तेतरिया मोड़ की घटना में हैदरनगर के तीन युवकों की हत्या और दो युवकों के घायल होने को पार्टी गंभीरता से ले रही है। कांग्रेस का शिष्टमंडल इस मामले में जल्द ही बिहार के प्रदेश अध्यक्ष से मिलेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, महासचिव शैलेश सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय, महताब आलम, नदीम खान, जगदीश राम, विजय सिंह, अर्जुन सिंह मौजूद थे।



## आसमान में छाये बादलों ने बढ़ाई धुकधुकी

**मेदिनीनगर।** मौसम का अप्रत्याशित मिजाज आम नागरिकों के साथ किसानों के लिये भी भारी परेशानी का कारण बनता जा रहा है। रविवार दिन में खिली धूप को देख पिछले एक माह से कड़ाके की ठंड व शीतलहर से दो-चार हो रहे लोग अभी चैन भी नहीं ले पाये थे कि शाम होते-होते फिर से आसमान में बादलों की उमड़-घुमड़ शुरू हो गयी। इससे आम नागरिकों के साथ किसानों के माथे पर बल पड़ गये हैं। लोग जहां ठंड में और वृद्धि की संभावना से सिहर रहे हैं। वहीं सरसों, चना, मसूर आदि की फसलों को संभावित नुकसान की आशंका ने किसानों की भी चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि प्रतिकूल मौसम के कारण वैसे ही रबी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। यदि अब मौसम की मार पड़ी तो शेष फसल भी नष्ट हो जायेगी। बहरहाल जिले में ठंड का प्रकोप निरंतर जारी है।

## पेज एक के शेष

### भारत के जीवंत लोकतंत्र को ...

प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले सप्ताह ही केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट परिसर के विस्तार के लिए 800 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि बस संसद की तरह कोई इसे फिजूलखर्ची बताकर याचिका न दायर कर दे। प्रधानमंत्री ने मजबूत न्याय व्यवस्था को विकसित भारत का मुख्य आधार बताते हुए कहा कि पुराने औपनिवेशिक काल के कानूनों को निरस्त कर तीन नए आपराधिक कानून लाए गए हैं। इससे हमारी कानूनी नीति और अन्वेषण तंत्र एक नए चरण में प्रवेश कर गया है। उन्होंने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वे क्षमता निर्माण प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए आगे आए। उन्होंने कहा, आज बने कानून भारत का भविष्य उज्ज्वल करेंगे। वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलावों के साथ दुनिया की निगाहें भारत पर टिकी हैं, क्योंकि दुनिया का विश्वास भारत पर मजबूत हो रहा है। ऐसे समय में, भारत के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह हमें मिले हर अवसर का लाभ उठाए।

**एससी की पहली मुस्लिम महिला न्यायमूर्ति फातिमा बीबी को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया :** प्रधानमंत्री ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि इस बार एशिया में सुप्रीम कोर्ट की पहली मुस्लिम महिला न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) न्यायमूर्ति फातिमा बीबी को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। तकनीक से न्याय पाने की प्रक्रिया को सरल करने की भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई समाधान से बहुत से प्रक्रियाएं सरल हो रही हैं। उन्होंने इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की डिजिटल पहलों और फैसलों को सरल तथा स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराए जाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित बहुत से साथी उनके हिंदी भाषा में दिए गए भाषण को भाषिणी के माध्यम से अंग्रेजी में सुन पा रहे हैं।

**हाइब्रिड सुनवाई से अदालतों का लोकतंत्रीकरण हो गया :** इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इस विश्वास की पुष्टि करता है कि न्यायपालिका को अन्याय, अत्याचार और मनमानी के खिलाफ एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करना चाहिए। शीर्ष अदालत समाधान और न्याय की संस्था है। चंद्रचुड़ ने कहा कि हाइब्रिड (प्रत्यक्ष और वर्चुअल) सुनवाई अदालतों से सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण हो गया है। इसने उन लोगों के लिए रास्ता खोल दिया है जो शारीरिक दूरी के कारण सुप्रीम कोर्ट तक जाने में असमर्थ थे। इससे देश या दुनिया के किसी भी हिस्से में बैठा कोई भी भारतीय वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कोर्ट के सामने बहस कर सकता है। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने ई-फाइलिंग में होती लगातार वृद्धि का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 1 लाख 28 हजार ई-फाइलिंग की जा चुकी है। ई-फाइलिंग 25 राज्यों में उपलब्ध है। उन्होंने 29 लाख से अधिक केस दाखिल किए हैं।

### बिहार में फिर बनी...

नीतीश कुमार ने रविवार को राजभवन जाकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद महागठबंधन की सरकार भंग हो गई थी। इसके बाद नीतीश ने फिर राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करते हुए भाजपा और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के समर्थन का पत्र राज्यपाल को सौंपा। जिसके बाद शपथ ग्रहण का उन्हें न्योता मिला। बिहार की नई सरकार में दो डिप्टी सीएम बने हैं। भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली है। इनके अलावा, विजय चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, डॉ. प्रेम कुमार, श्रवण कुमार और संतोष मांझी और सुमित सिंह ने कैबिनेट मिनिस्टर के रूप में शपथ ली है।





## एक नजर

### टीडीपी सांसद जयदेव ने छोड़ी राजनीति



**विजयवाड़ा।** तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) संसदीय दल के नेता और उद्योगपति गल्ला जयदेव ने रविवार को घोषणा की कि वह राजनीति छोड़ रहे हैं और व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित करेंगे। गुंटूर से लोकसभा सदस्य ने घोषणा की कि वह आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे। जयदेव, जो अमारा राजा बैटरीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं, ने कहा कि वह अंशकालिक राजनेता के रूप में नहीं रहना चाहते थे। गुंटूर में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनका निर्णय अस्थायी है और वह बाद में नए जोश के साथ राजनीति में लौटेंगे।

### दिल्ली के एंड्रयूज गंज में पार्टी के साथ नड्डा ने सुनी 'मन की बात'



**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को दिल्ली के एंड्रयूज गंज मंडल स्थित बूथ नं.-64 में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' सुनी। नड्डा ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा शिक्षा, खेल, संस्कृति व सामाजिक उत्कर्ष के संदर्भ में व्यक्त किए गए विचार मूल्यवान हैं और हमें दिशा प्रदान करते हैं। जन-जन को एक सूत्र में पिरोने और 'विकसित भारत निर्माण' के लिए मार्गदर्शन करने वाले इस संवाद के लिए वे प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हैं।

### इजरायली घेराबंदी में 150 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस में नासिर मेडिकल कॉम्पलेक्स अस्पताल की इजरायली घेराबंदी में 150 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने कहा कि फिलिस्तीनियों को मृतकों को अस्पताल के प्रांगण में दफनाने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा, नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के मुर्दाघर में अभी भी हमारे पास 30 अज्ञात शव हैं। उन्होंने कहा कि नासिर अस्पताल खून की कमी की गंभीर और खतरनाक कमी का सामना कर रहा है और कई एनेस्थीसिया दवाएं खत्म हो गई हैं।

# 31 भारतीय धुनों से गूंजेगा बीटिंग रिट्रीट समारोह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रायसीना हिल्स का ऐतिहासिक विजय चौक 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीटिंग समारोह के दौरान 31 भारतीय धुनों का गवाह बनेगा, जो 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का समापन होगा। बीटिंग रिट्रीट की शुरूआत 1950 के दशक में हुई जब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट्स ने सामूहिक बैंड द्वारा प्रदर्शन के अनूठे समारोह को स्वदेशी रूप से विकसित किया।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 'बीटिंग रिट्रीट' सदियों पुरानी सैन्य परंपरा का प्रतीक है। रिट्रीट बजने पर सैनिक लड़ना बंद कर देते थे, अपने हथियार रख लेते थे, युद्ध के मैदान से हट जाते थे और सूर्यास्त के समय शिविरों में लौट आते थे। मंत्रालय ने कहा, ''रंगों और मानकों को ढक दिया जाता था और झंडे उतार दिए जाते थे। यह समारोह बीते समय की पुरानी यादें ताजा करता है।''

इसमें कहा गया है कि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के म्यूजिक बैंड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी के सामने 31 मनमोहक भारतीय धुनें बजाएंगे।

मंत्रालय ने कहा, ''समारोह की शुरूआत सामूहिक बैंड की 'शंखनाद' धुन से होगी, जिसके बाद पाइप्स और ड्रम बैंड द्वारा 'वीर भारत', 'संगम दूर', 'देशों का सरताज भारत', 'भागीरथी' और 'अर्जुन' जैसी मनमोहक धुनें पेश की जाएंगी। सीएपीएफ बैंड 'भारत के जवान' और 'विजय भारत' बजाएंगे।'' मंत्रालय ने कहा कि 'टाइगर हिल', 'रेजॉइस इन रायसीना' और 'स्वदेशी' भारतीय वायु सेना के बैंड द्वारा बजाई जाने वाली धुनों में से हैं। जबकि दर्शक भारतीय नौसेना बैंड को 'आईएनएस विक्रांत', 'मिशन चंद्रयान', 'जय भारती' और 'हम तैयार हैं' सहित कई धुनें बजाते हुए देखेंगे।

मंत्रालय ने कहा, इसके बाद भारतीय सेना का बैंड 'फौलाद का जिगर', 'अग्निवीर', 'कारगिल 1999', 'ताकत वतन' जैसे अन्य गाने बजाएगा। इसमें कहा गया है कि इसके बाद सामूहिक बैंड 'कदम कदम बढ़ाए जा', 'ऐ मेरे वतन के लोगों' और 'ड्रमर्स कॉल' की धुनें बजाएंगे। मंत्रालय ने कहा, यह कार्यक्रम 'सारे जहां से अच्छा' की लोकप्रिय धुन के साथ समाप्त होगा।

# हूती उग्रवादियों की मिसाइल से ब्रिटिश जहाज में लगी आग भारत ने बुझाई

### नौसेना ने एक बार फिर अदन की खाड़ी में अपनी मौजूदगी का एहसास कराया

### जहाज पर सवार 22 भारतीयों समेत 23 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित बचाया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हूती उग्रवादियों का शिकार हुए ब्रिटिश जहाज में लगी आग 6 घंटे में बुझाकर भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अदन की खाड़ी में अपनी मौजूदगी का एहसास कराया है। नौसेना ने अपने निर्देशित मिसाइल विध्वंसक 'विशाखापत्तनम' के जरिये जहाज पर सवार 23 सदस्यीय चालक दल को बचाया, जिसमें 22 भारतीय थे। ब्रिटिश एमवी मार्लिन लुआंडा जहाज पर हूती उग्रवादियों के मिसाइल हमले से लगी आग इतनी भीषण थी कि जहाज के चालक दल ने जिंदा रहने की उम्मीद छोड़ दी थी।

नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक हूती उग्रवादियों की बढ़ती गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए अदन की खाड़ी में तैनात किये गए निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम को 26 जनवरी की रात में ब्रिटिश जहाज एमवी मर्लिन लुआंडा पर हमले की जानकारी मिली। इस पर तत्काल भारतीय जहाज ने संकट कॉल का जवाब दिया। इस ब्रिटिश जहाज एमवी मर्लिन लुआंडा पर चालक दल के रूप में 22 भारतीय और 01 बांग्लादेशी सवार थे। हूती उग्रवादियों के मिसाइल हमले से जहाज पर इतनी भीषण आग लग गई थी कि जहाज के चालक दल ने जिंदा रहने तक की उम्मीद छोड़ दी थी। हालांकि, इस बीच एक अमेरिकी और फ्रांसीसी युद्धपोत ने भी संकट कॉल का जवाब दिया, लेकिन इस बीच भारतीय नौसेना का निर्देशित मिसाइल विध्वंसक 'विशाखापत्तनम' ब्रिटिश जहाज की मदद करने के लिए पहुंच गया। भारतीय नौसेना की अग्निशमन टीम 27 जनवरी को तड़के एमवी मार्लिन लुआंडा पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। टीम ने एमवी मार्लिन लुआंडा के चालक दल के साथ छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आईएनएस विशाखापत्तनम की अग्निशमन टीम में विशेषज्ञ अग्निशमन उपकरणों के साथ दस भारतीय नौसेना कर्मी शामिल थे। ब्रिटिश जहाज पर दोबारा आग लगने की किसी भी आशंका के चलते भारत की टीम फिलहाल स्थिति पर नजर रख रही है। भारतीय नौसेना व्यापारिक जहाजरानी और नाविकों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। अग्निशमन प्रयासों को बढ़ाने की दिशा में चालक दल को सहायता प्रदान करने के लिए अग्निशमन उपकरणों के साथ जहाज पर न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल एंड केमिकल डिफेन्स (एनबीसीडी) टीम को तैनात किया गया है।

# कांग्रेस ने देश का विकास किया भाजपा बांटने का काम कर रही

**एजेंसी। देहरादून**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां रविवार को विराट कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि देश का विकास सिर्फ कांग्रेस ने किया, भाजपा देश को बांटने का काम कर रही। भाजपा नीत सरकार विपक्ष के नेताओं का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए बूथ स्तर पर काम करने पर जोर दिया। रविवार दोपहर रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल के मैदान में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव का आगाज किया। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर उतरने तक की परमिशन भाजपा सरकार में नहीं मिल रही है। हेलीकॉप्टर में उड़ने और चढ़ने के लिए नरेन्द्र मोदी से परमिशन लेना पड़ता है। ये सरकार राहुल गांधी और हमको परेशान कर रही है। ऐसी सरकार को निकालना है और निकालने वाले आप ही लोग हैं। उत्तराखंड के लोग हिम्मती हैं। आप अपनी जान देकर देश को बचाते हैं, लेकिन इन सबका क्रेडिट मोदी खुद लेते हैं। पीएम को हमेशा झूठ बोलते की आदत है। सुबह उठते ही भगवान और घर के लोगों को नहीं बल्कि टीवी पर मोदी का चेहरा दिखता है। उन्होंने तंज किया कि पीएम विष्णु के 11वें अवतार बनने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा की तानाशाही से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। भाजपा बताए कि देश की आजादी में उसका क्या योगदान है। भाजपा कांग्रेस को देशभक्ति ना सिखाये। कांग्रेस ने संस्थान बनाएं, भाजपा ने बेचने का काम कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा कि भाजपा देश की कुबार्नी देने वालों को गाली देते हैं। कांग्रेस ने देश और लोकतंत्र को बचाया। तब वे आज प्रधानमंत्री बने हैं। सब संविधान और कांग्रेस के वजह से मिला है। धर्म आस्था अलग होती है। हर जगह अपनी बात में कांग्रेस को गाली देते हैं। उनको सपने में नेहरू, इंदिरा राजीव, सोनिया आते हैं। आजकल तो राहुल गांधी भी सपने में प्रधानमंत्री को नहीं सोने देते हैं। असम में भाजपा सरकार होने के चलते यात्रा के दौरान पत्थरबाजी की गई। हम डरने वाले में नहीं है। देश के लिए जान देने वाले लोग हैं। देश को एक रखने के लिए इंदिरा और राजीव ने जान दी। देश के लिए हमारे नेता आजादी में जान देने के साथ जेल गए।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल



कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर रविवार को बन्नू ग्राउंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जब संबोधित कर रहे थे, उसी समय कांग्रेस के टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी के पूर्व मंत्री और विधायक रविवार को कांग्रेस पार्टी को छोड़ बीजेपी में शामिल हो रहे थे। लोकसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस को उत्तराखंड में बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत भाजपा में शामिल हो गए हैं। शैलेंद्र रावत अपने समर्थकों सहित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। पार्टी मे प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। शैलेंद्र रावत 2007 में बीजेपी के टिकट से ही कोटद्वार से जीते थे। पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूरी की हार के बाद भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी। शैलेंद्र रावत अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में वापसी की है। बीजेपी में दुबारा शामिल होने पर रावत ने कहा कि उनका शरीर कांग्रेस में था और आत्मा भाजपा मे थी।

### भाजपा में बेटियां की चिंता नहीं : करन माहरा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि देश और राज्य में बेटियों की कोई चिंता करने वाला है। भाजपा सरकार युवाओं को छलने के लिए अग्निवीर योजना लायी है। राज्य में अंकिता भंडारी के परिजनों को न्याय नहीं मिल रहा है।

### भाजपा नारों की सरकार : नेता प्रतिपक्ष आर्य

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड के चुनाव में पूरी ईमानदार के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे के नेतृत्व में चुनाव जीतने के लिए काम करेंगे। भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार के हर बार नारे बदल जाते हैं। भ्रष्टाचार में राज्य की सरकार डूबी हुई है। अंकिता भंडारी मामले में हत्यारे को सरकार को बचा रही है।

### भाजपा की सच्चाई को बताना होगा : गोदियाल

पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि अब दायित्व हमारा बढ़ गया है। केन्द्र की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए काम करना है। भाजपा गलत माहौल बना रही। हमें गांव गांव जाकर लोगों को सच्चाई बतानी होगी।

### कच्छ में 4.6 तीव्रता का भूकंप

**भुज।** कच्छ की धरती रविवार की शाम एक बार फिर कांप उठी। रविवार को 4.44 बजे 4.6 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। इसका केन्द्र भचाउ से 21 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम दिशा में दर्ज किया गया। समग्र जिले में इसका असर महसूस किया गया। भचाउ, नेर कडोल, बंधडी आदि गांवों में लोग घबराकर घरों से बाहर दौड़ पड़े। इससे पहले 26 जनवरी, 2001 को कच्छ में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी। इसके करीब 23 साल बाद फिर जनवरी महीने में भूकंप की कंपन ने लोगों में सिहरन पैदा कर दी। जिले के भचाउ, नेर कडोल, बंधडी में अधिक असर देखा गया। खावडा क्षत्र की छतों के पाइप और घरों में रखे बर्तन गिर गए।

# वांग यी ने जेक सुलिवन के साथ नए दौर की वार्ता की

**एजेंसी। बीजिंग**

26 से 27 जनवरी तक, चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने थाईलैंड के बैंकॉक में अमेरिकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के सहायक जेक सुलिवन के साथ नए दौर की वार्ता की। इस दौरान, दोनों पक्षों ने सैन फ्रांसिस्को में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा पहुंची सहमति को लागू करने और चीन-अमेरिका संबंधों में महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दों को ठीक से संभालने के लिए स्पष्ट, ठोस और फलदायी रणनीतिक संचार किया। वांग यी ने कहा कि इस वर्ष चीन और अमेरिका के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 45वीं वर्षगांठ है। दोनों पक्षों को इस अवसर का उपयोग कर अनुभव से सबक सीखना चाहिए, एक दूसरे के साथ समान व्यवहार करना चाहिए, मतभेदों को दरकिनार रखकर समानताओं की खोज करनी चाहिए, दूसरे पक्ष को नुकसान पहुंचाने के बजाय उनके मूल हितों का प्रभावी ढंग से सम्मान करना चाहिए, एक-दूसरे का सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और उभय जीत सहयोग के लिए मिलकर काम करना चाहिए, चीन और अमेरिका के लिए एक-दूसरे के साथ व्यवहार करने का सही तरीका बनाना चाहिए। वांग यी ने बल देते हुए कहा कि थाईवान मुद्दा चीन का आंतरिक मामला है और थाईवान क्षेत्र में चुनाव इस बुनियादी तथ्य को नहीं बदल सकते कि थाईवान चीन का हिस्सा है। थाईवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा थाईवान की स्वतंत्रता है, और चीन-अमेरिका संबंधों के लिए सबसे बड़ी चुनौती भी 'थाईवान की स्वतंत्रता' है।

### गर्भनिरोधक 'सहेली' का निर्माण करने वाले वैज्ञानिक का निधन



**लखनऊ।** भारत के पहले मौखिक गर्भनिरोधक 'सहेली' की खोज करने वाले केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. नित्यानंद का लंबी बीमारी के बाद एसजीपीजीआईएमएस शनिवार को लखनऊ में निधन हो गया। वह 99 वर्ष के थे। पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित, डॉ. नित्यानंद के दो बेटे नीरज नित्यानंद और डॉ. नवीन नित्यानंद और बेटी डॉ. सोनिया नित्यानंद हैं, जो किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की कुलपति हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को होगा। एक चिकित्सा रसायनज्ञ, डॉ. नित्यानंद 1951 में इसकी स्थापना के बाद से सीडीआरआई के साथ थे और 1974 से 1984 तक इसके निदेशक के रूप में कार्य किया।

# स्थगन की संस्कृति पर ध्यान दिया जाना चाहिए : सीजेआई


**एजेसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट के डायमंड जुबली ईयर का रविवार को उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि न्यायपालिका को प्रभावित करने वाले संरचनात्मक मुद्दों जैसे लंबित मामलों, पुरानी प्रक्रियाओं और स्थगन की संस्कृति पर ध्यान देना चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट के डायमंड जुबली ईयर के उद्घाटन पर कहा, ''कानूनी पेशे को स्थगन संस्कृति से व्यावसायिकता की संस्कृति में उभरना चाहिए।'' न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ''आइए, लंबी छुट्टियों पर बातचीत शुरू करें और क्या वकीलों एवं न्यायाधीशों के लिए फ्लेक्सिटाइम जैसे विकल्प संभव हैं।'' एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने की हमारी क्षमता के लिए हमें चुनौतियों को पहचानने और कठिन बातचीत शुरू करने की जरूरत है। मौखिक दलीलों का विस्तार न्यायिक परिणामों में लगातार देरी नहीं करता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की स्थापना आदर्शवाद की इस भावना के साथ की गई थी कि वह कानूनों की व्याख्या कानून के शासन के अनुसार करेगी, न कि औपनिवेशिक मूल्यों या सामाजिक पदानुक्रमों (हायरार्की) के अनुसार। सुप्रीम कोर्ट को समाधान और न्याय की संस्था करार देते हुए उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का न्यायपालिका में आना अन्याय, अत्याचार और मनमानी के खिलाफ इसकी मजबूत भूमिका को दर्शाता है।

# साइबर किडनैपिंग में बढ़ोतरी ने दुनिया की चिंताएं बढ़ाई

**एजेसी। नई दिल्ली**



वर्तमान दौर में तकनीकी प्रगति हमारे दैनिक जीवन को आकार देती है। ऐसे में धोखाधड़ी और गड़बड़ियों का प्रसार एक परेशान करने वाली वास्तविकता बन गया है। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस साइबर अपराधी दुनिया भर में कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बन गए हैं। सेक्सटॉर्शन, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, अवैध डिजिटल ऋण कॉल, आयकर रिफंड सेवा धोखाधड़ी, रियल एस्टेट धोखाधड़ी, निवेश घोटाले, पोंजी योजनाएं ऑनलाइन, गलत पहचान, पिग बुचड़ धोखाधड़ी और नौकरी घोटाले सहित साइबर अपराध के विभिन्न रूप व्यापक खतरे बन गए हैं।

एक और, साइबर किडनैपिंग एक हालिया और विशेष रूप से परेशान करने वाला ट्रेंड, चिंता का एक गंभीर कारण बनकर उभर रहा है। हालांकि, अभी तक यह भारत में प्रचलित नहीं है। हाल के महीनों में, साइबर किडनैपिंग की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि ने दुनिया भर में लोगों, व्यवसायों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। जैसे-जैसे डिजिटल लैंडस्केप विकसित होता है, वैसे-वैसे साइबर अपराधियों द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीतियां भी बढ़ती हैं। जिससे वर्चुअल किडनैपिंग अपहरण में वृद्धि होती है जो ऑनलाइन सुरक्षा में कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। साइबर किडनैपिंग को वर्चुअल किडनैपिंग या ई-किडनैपिंग के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें वित्तीय लाभ के लिए लोगों को लक्षित करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल शामिल है। पारंपरिक अपहरणों (किडनैपिंग) के विपरीत जहां शारीरिक किडनैपिंग होती है, वहीं साइबर किडनैपिंग पीड़ितों से पैसे या संवेदनशील जानकारी निकालने के लिए डिजिटल साधनों का लाभ उठाते हैं।

अपराधी अक्सर संदिग्ध लोगों और संगठनों का शोषण करने के लिए रैंसमवेयर हमले, फि शिंग और सोशल इंजीनियरिंग जैसी रणनीति अपनाते हैं। सबसे आम तरीकों में से एक में अपराधियों को विभिन्न माध्यमों से पते, पारिवारिक विवरण या कार्यस्थल की जानकारी जैसी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंच प्राप्त करना भी इसमें शामिल है। इसके बाद, वे परिवार के किसी सदस्य या प्रियजन के अपहरण का दावा कर पीड़ितों में डर पैदा करने के लिए इस जानकारी का उपयोग करते हैं। फिर धमकियां दी जाती हैं। कथित पीड़ित की सुरक्षा के बदले में फिरौती की मांग की जाती है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। महामारी के कारण लोगों द्वारा ऑनलाइन अधिक समय बिताने की संभावना बढ़ गई है।

रिमोट कार्य ट्रेंड, डिजिटल संचार पर बढ़ती निर्भरता और ऑनलाइन गतिविधियों में वृद्धि ने साइबर अपराधियों को बिना सोचे-समझे पीड़ितों का शोषण करने के अधिक अवसर दिए हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि साइबर किडनैपिंग के परिणाम भावनात्मक और आर्थिक रूप से गंभीर हो सकते हैं। पीड़ित अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए चिंता, तनाव और भय से पीड़ित हो सकते हैं।

## फिल्म जगत

### राहत फतेह अली खान ने की शख्स की जमकर पिटाई, वीडियो वायरल होने पर दी सफाई



**मुंबई।** 'बोल हल्के हल्के', 'मैं जहां रहूं', 'तेरी ओर' और 'दिल तो बच्चा है' जैसे गानों के लिए मशहूर पाकिस्तानी प्लेबैक सिंगर राहत फतेह अली खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने एक चेले को बुरी तरह पीटते नजर आ रहे है। इस वीडियो पर सफाई देते हुए सिंगर ने कहा कि यह एक शिक्षक और शिष्य के बीच का निजी मामला है। एक्स पर अपलोड किए गए वीडियो में सिंगर को एक व्यक्ति को जूते से बेरहमी से पीटते हुए दिखाया गया है। दावा किया जा रहा है कि यह उनका शिष्य है। वह उससे बोतल के बारे में पूछते है और थप्पड़-चप्पल से जमकर पिटाई करते है। वह उनसे दया की गुहार लगाता है और कहता है: मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। पिटाई करने का वीडियो वायरल होने के बाद सिंगर ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर सफाई पेश करते हुए एक वीडियो जारी किया। उन्होंने वीडियो में कहा, ''यह शिक्षक और शिष्य के बीच का निजी मामला है। वह मेरे बच्चे जैसा है। जब कोई शिष्य कुछ अच्छा करता है तो मैं उस पर प्यार बरसाता हूं। यदि वह कोई अपराध करता है तो उसे मैं दंडित करता हूं।'' सिंगर ने कहा कि घटना के बाद उन्होंने उस व्यक्ति से माफी मांगी है, जिस व्यक्ति की पिटाई की गई थी। साथ ही बताया कि उसने एक बोतल खो दी है।